आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 42°C | 29°C |

इनसाइड न्यूज

तुलसी हॉस्पिटल में ज़हर खाई युवती की रहस्यमयी मौत पर उठे सवाल...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 16 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 211 | www.janexpresslive.com/epaper

'पाकिस्तान से केवल आतंकवाद और... 12

# आतंकियों ने धर्म देखकर मारा

## राजनाथ बोले, हमने उनका कर्म देखकर खात्मा किया, त्राल में एनकाउंटर, सेना ने 3 आतंकी मारे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/श्रीनगर



ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहली बार जम्मू-कश्मीर पहुंचे। वे श्रीनगर के बादामी बाग छावनी भी गए। यहां उन्होंने पाकिस्तान की तरफ से दागे गए मोर्टार और गोले के टुकड़े देखे। राजनाथ ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने धर्म देखकर निर्दोष लोगों को मारा था। हमने उनका कर्म देखकर खात्मा किया, ये हमारा धर्म था। रक्षामंत्री के दौरे से पहले भारतीय सेना ने गुरुवार सुबह अवंतीपोरा के त्राल में तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना से जुड़े सूत्रों ने बताया कि इसमें एक टॉप कमांडर आसिफ शेख भी शामिल है। इसके अलावा आमिर नजीर वानी और यावर अहमद भट को भी ढेर कर दिया गया है। ये तीनों पहलगाम हमले के बाद सरकार की तरफ से जारी 14 आतंकवादियों की लिस्ट में शामिल थे। जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में यह दूसरा एनकाउंटर है। इससे पहले शोपियां जिले के केलर में 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे। बुधवार को केलर से ही भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ।

### दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक

साथियों आपको याद होगा लगभग 21 साल पहले स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सामने इस्लामाबाद ने डिक्लेयर किया था कि पाकिस्तान से आतंकवाद एक्सपोर्ट नहीं किया जाएगा, लेकिन पाकिस्तान ने धोखा दिया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दो टूक शब्दों में आतंकवाद के खिलाफ डिफाइन कर दिया है। उन्होंने कह दिया है कि अब कोई भी आतंकी वारदात एक्ट ऑफ वार मानी जाएगी। अगर सरहद पर से आतंकी घटना हुई तो बात बहुत दूर तक जाएगी। अब आतंकवाद पर कोई बात नहीं होगी अब बात होगी तो सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी। दुनिया जानती है कि हमारी सेना का निशाना अचूक है। वह जब निशाना लगाते हैं तो आतंकियों की गिनती का काम दुश्मन पर छोड़ देते हैं।

### जम्मू के मार्बल डीलर ने कहा, तुर्किये के सामान नहीं मंगाएंगे

जम्मू के मार्बल डीलर उत्सव जैन ने बताया कि हमारा काफी मार्बल और ग्रेनाइट तुर्किए से आता है। अब हमने वहां के डीलर्स और वेंडर्स से मटेरियल लेने से मना कर दिया है। हम अपनी दुकान में तुर्किये का कोई भी सामान नहीं बेचेंगे। हम अपने देश के साथ हैं। मैं दूसरों लोगों से भी कहना चाहता हूं कि जितना संभव हो, तुर्किये से उतना कम से कम सामान मंगाएं।

### पाकिस्तान मांगने वालों की लाइन में खड़ा मिलता है

राजनाथ ने कहा- पाकिस्तान जहां से खड़ा होता है वहां से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है। हाल ही में पाकिस्तान आईएमएफ से कर्ज मांगने गया। जबकि भारत उसी आईएमएफ को फंड देता है। रामचरित मानस में कहा गया है जहां सुमति तहं संपति नाना, जहां कुमति तहं विपत निधाना। यानी जहां सुमति होती है वहां संपन्नता आती है। जहां कुमति होती है वहां विपत्ति आती है।

### राजनाथ बोले, हम सिर्फ डिफेंस नहीं कार्रवाई भी करते हैं

रक्षामंत्री ने कहा- आपने जिस तरह पाकिस्तान की चौकियों और आतंकी ठिकानों का ध्वस्त किया उसे पाकिस्तान याद रखेगा। पूरे देश की शुभकामनाएं, प्रार्थनाएं और कृतज्ञताएं आपके साथ हैं। मैं एक तरह से उनका डाकिया बनकर आया हूं। भारत ने दिखा दिया कि हम सिर्फ डिफेंस नहीं करते जब वक्त आता है तब कठोर कार्रवाई भी करते हैं।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जवानों से मिले

राजनाथ ने कहा- जिन बहादुर जवानों ने शहादत दी उन्हें नमन करता हूं। पहलगाम में मारे निर्दोष नागरिकों की स्मृति को भी नमन करता हूं। घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं। इस विषम परिस्थिति में आपके बीच आकर खुद को बहुत गौरवान्वित कर रहा हूं। मैं आपका भले रक्षा मंत्री हूं उससे पहले भारत का नागरिक हूं। मैं एक नागरिक के रूप में आपका आभार व्यक्ति करने के लिए यहां उपस्थित हूं। जम्मू-कश्मीर की जनता ने आतंकियों के प्रति जिस तरह गुस्से का इजहार किया है उसे भी नमन करता हूं।

### भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास मिला ड्रोन

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर स्थित श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में एक ड्रोन मिला है। सीमा से सटे संवेदनशील इलाके में गांव 12-ए के पास एक खेत में ग्रामीणों को गुरुवार सुबह 9.45 पर एक ड्रोन दिखाई दिया।

### जम्मू में लगातार दो रात शांति, दुकानें खुलीं, लोग घर लौटे

जम्मू क्षेत्र में सीजफायर लागू होने के बाद से लगातार दूसरी रात रही जब कोई बम साउंड या ड्रोन नहीं देखे गए। पुंछ, राजौरी, अखनूर, मेंढर जैसे नियंत्रण रेखा वाले इलाकों भी शांति रही। नॉर्मलेसी आ रही है, दुकानें खुल रही हैं। दूरस्थ इलाकों में जो लोग अपना घर छोड़कर अंदरूनी इलाकों में चले गए थे, वो अपने घर को वापस लौट रहे हैं।

### बीएसएफ की दो चौकियों का नाम शहीद जवानों के नाम पर रखा जाएगा

बीएसएफ महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने गुरुवार को घोषणा की कि फोर्स की दो सीमा चौकियों का नाम सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज और कॉन्स्टेबल (जीडी) दीपक चिंगखम के नाम पर रखा जाएगा। दोनों जवान ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की तरफ से की गई गोलाबारी में शहीद हो गए थे।

### भारत के माथे पर वार करने वालों की छाती पर घाव किया

हमने तय किया कि धरती की छाती चीरकर दुश्मन के ठिकानों को नष्ट करेंगे। मैं मानता हूं कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ की गई यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। हमने दिखा दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने भारत के मस्तिष्क पर वार किया तो हमने उनकी छाती पर वार किया।

# बांके बिहारी मंदिर की धनराशि को कॉरिडोर बनाने पर खर्च कर सकेगी यूपी सरकार, सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश सरकार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की धनराशि (फंड) का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अनुमति देते हुए कहा कि वह इस धनराशि से कॉरिडोर के लिए मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि खरीद सकती है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि जिस भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, उसका मंदिर के देवता के नाम पर पंजीकरण कराना होगा। कोर्ट ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपये की विकास योजना को ध्यान में रखते हुए बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी।

### हाईकोर्ट ने खारिज की दी थी यूपी सरकार की याचिका

वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में 20 नवंबर 2023 इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। सरकार अपने स्तर से इसका खर्च वहन करे। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार का कहना था कि अगर सरकार अपने खर्च से जमीन खरीदेगी तो उस पर सरकार का मालिकाना हक होगा। इसी प्रकार कॉरिडोर के निर्माण पर सरकार धनराशि खर्च करेगी तो उस पर भी सरकार का ही अधिकार होगा। कॉरिडोर को मंदिर से क्लब किया जा सके और मंदिर प्रबंधन कमेटी इसका संचालन कर सके, इसके लिए जरूरी है कि मंदिर फंड से ही कॉरिडोर का निर्माण कराया जाए।

### बिहारी जी कॉरिडोर के तीन हिस्से

- ठा. श्रीबांकेबिहारी मंदिर क्षेत्र और उसकी परिक्रमा।
- 10600 -वर्ग मीटर में कॉरिडोर का ऊपरी हिस्सा।
- 11300-वर्ग मीटर में कॉरिडोर का निचला हिस्सा।

### एक साथ 10 हजार श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन

कॉरिडोर बनने के बाद 10 हजार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकेंगे। इसके निर्माण के लिए करीब 276 से अधिक दुकान और मकानों का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें 149 आवासीय, 66 व्यावसायिक, 57 मिश्रित भवन हैं। इसके अलावा काशी में बने कॉरिडोर के आधार पर ही इसे विकसित किया जाएगा। कॉरिडोर के साथ ही श्रीबांकेबिहारी मंदिर के परिक्रमा मार्ग को भी नया स्वरूप दिया जाना है।

### पांच एकड़ में प्रस्तावित है कॉरिडोर

श्री ठाकुर बांके बिहारी के कॉरिडोर पांच एकड़ में प्रस्तावित है। इसका डिजाइन काशी कॉरिडोर की तर्ज पर तैयार किया है। कॉरिडोर प्रांगण में ठा. श्रीबांकेबिहारी जी से पहले राधागोपाल, राधाबिहारी और केशव-जू सहित गौड़िया मठ का अद्भुत आकर्षण भक्तों के लिए मनोहारी छटा बिखेरने वाला होगा। इतना ही नहीं, प्रस्तावित कॉरिडोर में भक्तों के बैठने के लिए विशाल प्रतीक्षालय, सामान व जूता घर के साथ पेयजल और चिकित्सा सेवा सहित शिशु देखभाल की व्यवस्था का भी प्रावधान है।

## पूर्वी व दक्षिणी यूपी में भीषण गर्मी का प्रकोप, कई जिलों में पारा 40 पार, कई जिलों में लू का अलर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में अगले दो से तीन दिन तक प्रचंड गर्मी का प्रकोप रहेगा। मौसम विभाग ने पूर्वी यूपी में 16 व 17 मई को हीटवेव और साथ ही उष्ण रात्रि के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। खास बात यह है कि 16 मई यानी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में हीटवेव की तीव्रता और उसका क्षेत्रफल-विस्तार ज्यादा रहने वाला है। इससे पहले बुधवार को बांदा में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री तक चला गया। पूर्वानुमान है कि अगले दो दिन में कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक जा सकता है। बृहस्पतिवार को प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप रहा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बीते मंगलवार को प्रदेश के बांदा जिला 44.2 डिग्री के साथ पूरे देश में सर्वाधिक गर्म रहा। 17 मई से तराई इलाकों में संभावित हल्की बूंदाबांदी से यहां लू की परिस्थितियां कमजोर पड़ सकती हैं।

### 29 जिलों में लू के लिए येलो अलर्ट

सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, देवरिया, गोरखपुर, एसके नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी एवं आस-पास के इलाकों में उष्ण लहर होने की संभावना है।

### 13 जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट

बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया एवं आस-पास के इलाकों में उष्ण लहर होने की संभावना है।

## संविदा कर्मियों की छंटनी के खिलाफ बिजलीकर्मियों ने किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

बिजली विभाग के संविदा कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को छंटनी रोकने और पद के अनुरूप काम कर रहे कर्मियों को वेतन देने की मांग को लेकर सुबह 10ः00 बजे शक्ति भवन का घेराव किया। पुलिस प्रशासन ने संविदा कर्मचारियों को गिरफ्तार करके आलमबाग थाना क्षेत्र के इको गार्डन में छोड़ दिया। यहां पर प्रदर्शनकारियों की सभा चलती रही। संविदा कर्मचारियों के नेता देवेंद्र पांडेय ने अमर उजाला को बताया कि बिजली विभाग की सभी कंपनियों में 55 साल की उम्र के कई हजार संविदा कर्मचारियों को पहले ही नौकरी से निकाला जा चुका है। प्रबंधन ने यह सिलसिला जारी रखते हुए छंटनी के नाम पर करीब 26,000 कर्मचारियों को निकाला जा रहा है। इसके विरोध में 14 मई को पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन से वार्ता भी हुई लेकिन उन्होंने मांग मानने से मना कर दिया।

## बद्रीनाथ धाम के निकट सीमांत माणा गांव में विधि-विधान से शुरु हुआ पुष्कर कुंभ

- पुष्कर कुम्भ एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से उतर को दक्षिण को जोड़ता है: सीएम धामी
- तीर्थस्थल देश की सांस्कृतिक एकजुटता के प्रतीक हैं: मुख्यमंत्री धामी
- 12 वर्षों बाद माणा गांव के केशव प्रयाग में पुष्कर कुंभ का हो रहा आयोजन

जन एक्सप्रेस। देहरादून





तीर्थ स्थल न केवल हमारी धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, बल्कि ये देश की एकता और सांस्कृतिक एकजुटता के भी प्रतीक हैं। विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालु इन स्थलों पर एकत्र होकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हैं। इसी क्रम में माणा गांव में आयोजित पुष्कर कुंभ, उत्तर को दक्षिण से जोड़ रहा है। उक्त विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बद्रीनाथ धाम के निकट सीमांत गांव माणा में 12 वर्षों बाद आयोजित किए जा रहे पुष्कर कुम्भ में संदर्भ व्यक्त किए। सीमांत गांव माणा स्थित केशव प्रयाग में 12 वर्षों बाद विधि विधान के साथ पुष्कर कुंभ का आयोजन शुरु हो गया है। जिसे लेकर बदरीनाथ धाम के साथ ही माणा गाँव में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की आवाजाही बढ़ गई है। पुष्कर कुंभ के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन की ओर से यहां तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि माणा गांव के केशव प्रयाग में आयोजित पुष्कर कुंभ को लेकर पैदल मार्ग का सुधारीकरण किया गया है। यहां पैदल मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न भाषाओं में साइन बोर्ड लगाए गए हैं। इसके साथ ही कुंभ के सुचारु संचालन के लिए जहां पैदल मार्ग पर पुलिस की तैनाती की गई है। वहीं संगम तट पर एसडीआरएफ के जवानों की तैनाती भी की गई है। बता दें कि, चमोली जिले के सीमांत गांव माणा में 12 वर्षों के बाद पुष्कर कुंभ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक परंपरा के अनुसार जब 12 वर्षों में बृहस्पति ग्रह मिथुन राशि में प्रवेश करता है, तो माणा गांव स्थित अलकनंदा और सरस्वती नदियों संगम पर स्थित केशव प्रयाग में पुष्कर कुंभ का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में मुख्य रुप से दक्षिण भारत के वैष्णव मतावलम्बी प्रतिभाग करते हैं।

### क्या है पुष्कर कुंभ का धार्मिक महत्व

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माणा गांव के पास स्थित केशव प्रयाग में महर्षि वेदव्यास ने तपस्या करते हुए हिन्दू धर्म के पौराणिक ग्रंथ महाभारत की रचना की थी। यह भी कहा जाता है कि दक्षिण भारत के महान आचार्य रामानुजाचार्य और माध्वाचार्य ने इसी स्थान पर माँ सरस्वती से ज्ञान प्राप्त किया था। जिसके चलते अपनी पौराणिक परंपराओं के संरक्षण के लिए बदरीनाथ धाम के समीप स्थित माणा गांव पहुंच कर केशव प्रयाग में स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं।

# कैबिनेट के बड़े फैसले: यूपी में 2000 करोड़ से 5 नई फैक्ट्रियां लगेगी, डेयरी के लिए 5 करोड़ तक मिलेंगे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



योगी कैबिनेट ने गुरुवार को 10 प्रस्तावों पर मुहर लगाई। प्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर 5 सीड यानी बीज पार्कों की स्थापना की जाएगी। पहला पार्क लखनऊ के अटारी में बनाया जाएगा। सीड पार्क बनने से 21 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा, प्रदेश के 5 शहरों में 2 हजार करोड़ की लागत से 5 फैक्ट्रियां खुलेंगी। इन शहरों में प्रयागराज, हापुड़, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और मुजफ्फरनगर शामिल हैं। अब डेयरी प्लांट खोलने के लिए 5 करोड़ रुपए तक सब्सिडी मिलेगी। सोलर पैनल लगाने पर 75 केवीए (किलोवोल्ट एम्पीयर) तक 50 प्रतिशत और महिला उद्यमियों को 90 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, उड्डयन विभाग में संविदा कर्मियों की सैलरी में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। वहीं, सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में बारात घर का निर्माण कराएगी। इसके लिए 100 करोड़ रुपए का बजट दिया जाएगा। पहले चरण में 71 ग्रामीण विधानसभाओं में बारात घर का निर्माण होगा। कैबिनेट ने अभिनंदन प्रस्ताव पास किया है। इसके जरिए ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना को बधाई दी।

### पायलट और को-पायलट का मानदेय बढ़ा

कैबिनेट ने नागरिक उड्?डयन विभाग में संविदा पर कार्यरत पायलट और को-पायलट के मानदेय पर सातवें वेतनमान की सिफारिशों को लागू करते हुए वृद्धि की है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया- निजी एयरलाइंस कंपनियां पायलट को वेतन बहुत ज्यादा दे रही है। यूपी में मानदेय कम होने के कारण पायलट छोड़कर निजी कंपनियों में जा रहे थे। इससे सरकार के सामने पायलट की कमी की समस्या हो रही है। पायलट का मानदेय बढ़ाने से अब इस समस्या का समाधान हो सकेगा। पायलट इन कमांड के लिए पारिश्रमिक की रेंज 2.50 लाख से 7.00 लाख रुपए तक है। इसे बढ़ाकर 5 से 10 लाख रुपए किया है। को-पायलट के पारिश्रमिक की रेंज 1.25 लाख रुपए से 6 लाख रुपए है। इसे बढ़ाकर 3 लाख से 7 लाख रुपए तक किया है। वर्तमान में कार्यरत पायलटों के मानदेय में 10 फीसदी की वृद्धि की है। इंजीनियर के मानदेय रेंज भी 1.50 लाख से 2.50 लाख है। इसे बढ़ाकर 3 से 5 लाख रुपए किया है। तकनीकी कर्मचारियों, गैर तकनीकी कर्मचारियों के साथ अन्य संवर्ग के कर्मचारियों का मानदेय भी बढ़ाया गया। सरकार पर इससे 5.77 करोड़ का वार्षिक व्यय भार आएगा। यूपी में अभी 18 पायलट, 9 विमानन अभियंता, 81 गैर तकनीकी कर्मचारी कार्यरत हैं। एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में 21 कर्मचारी कार्यरत हैं।

> भारत आतंकवादियों को और आतंकवादियों के आकाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत की तकनीक, भारत की सर्वश्रेष्ठ सेना की बड़ी ताकत है। हम पूरे देश में तिरंगा यात्रा को आयोजित करके हमारी सेना के शौर्य और तकनीक को प्रणाम कर रहे हैं। उन्हें आज पूरा देश धन्यवाद दे रहा है।
> -जयवीर सिंह, मंत्री

> भारतीय सेनाओं ने जिस तरह से शौर्य का प्रदर्शन करते हुए दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया है। आतंकवादियों के अड्डों को ध्वस्त करने का काम किया है। हम सभी कार्यकर्ता पूरे देश में तिरंगा यात्राओं के माध्यम से सेना को, उनके शौर्य और उनके जज्बे को प्रणाम करते हैं। भारत की जांबाज सेना के सिपाही और अफसर अब किसी भी हालत में भारत माता के दुश्मनों को बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं। उनका सफाया निश्चित है।
> -ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम

### एक सीड पार्क से 4 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा

यूपी में सीड पार्क की स्थापना से अन्य राज्यों पर बीज के लिए निर्भरता कम होगी। कीमतें भी कम होगी। प्रदेश में खरीफ, रबी और जायद की फसल में 139 लाख क्विंटल बीज की जरूरत होती है। इसमें सरकार से 7त्न, निजी क्षेत्र से 43त्न और बाकी 50त्न की पूर्ति किसान संरक्षित बीज से होती है। प्रदेश में 5 सीड पार्क- पश्चिमी जोन, तराई जोन, मध्य जोन, बुंदेलखंड एवं पूर्वी जोन में स्थापित किए जाएंगे। एक पार्क 150 से 200 एकड़ बनेगा। एक सीड पार्क से 1200 लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। यानी, 5 सीड पार्क से 6000 लोगों को प्रत्यक्ष और 15000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। सबसे पहले लखनऊ के अटारी में 130 एकड़ पर सीड पार्क स्थापित किया जाएगा।

### पहले फेज में 71 ग्रामीण विधानसभाओं में बनेंगे बारात घर

यूपी में 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। इसे देखते हुए प्रदेश की हर ग्रामीण विधानसभा में एक बारात घर बनाया जाएगा। यह सस्ती दरों में लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना ग्राम पंचायतों के माध्यम से संचालित की जाएगी। फर्स्ट फेज में 71 ग्रामीण विधानसभा में एक बारात घर का निर्माण कराया जाएगा। प्रत्येक विवाह घर की अनुमानित लागत 1.41 करोड़ रुपए होगी।

### प्रयागराज में जेके सीमेंट फैक्ट्री, हापुड़ में बेवरेज प्लांट लगेगा

सरकार ने यूपी में पांच बड़े औद्योगिक प्लांट लगाने के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी करने की मंजूरी दी है। इसके तहत प्रदेश के 5 शहरों में 5 फैक्ट्रियां खुलेंगी। इन शहरों में प्रयागराज, हापुड़, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और मुजफ्फरनगर शामिल हैं।

### डेयरी खोलने के लिए 5 करोड़ रुपए तक मिलेंगे

कैबिनेट ने दुग्ध नीति में बदलाव का फैसला लिया है। दुग्धशाला की स्थापना और डेयरी प्लांट्स के आधुनिकीकरण पर 35 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। इसके तहत दुग्धशाला की स्थापना के लिए अधिकतम पांच करोड़ रुपए अनुदान प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई।

### 1500 आबादी वाली ग्राम पंचायतों को राहत

प्रदेश कैबिनेट ने 1500 तक जनसंख्या वाली ग्राम पंचायतों को राहत दी है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया - 1500 से कम आबादी वाली ग्राम पंचायतें, जिन्हें केंद्रीय वित्त आयोग और राज्य वित्त आयोग के तहत कम राशि मिल रही है, उन्हें पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना के तहत अतिरिक्त राशि राज्यांश मद से दी जाएगी।

### अमृत योजना में निकायों को कम देना होगा अंश

योगी कैबिनेट ने अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन (अमृत-2) में निकायों में नगरीय निकायों की ओर से देय अंश में कटौती का प्रस्ताव मंजूर किया है। नगरीय निकाय मंत्री एके शर्मा ने बताया- 10 लाख से अधिक आबादी वाले नगरीय निकायों को अमृत योजना में स्वीकृत परियोजना की लागत का 15 फीसदी अंश निकाय को देना होता है। इसे घटाकर 8 फीसदी किया है। एक से 10 लाख तक की आबादी वाले नगरीय निकायों में 10 प्रतिशत से घटाकर 4 फीसदी किया है। एक लाख तक की आबादी वाली नगरीय निकाय में अंश को 10 से घटाकर 2 फीसदी किया है। इससे नगरीय निकायों पर वित्तीय भार कम होगा। निकायों में अमृत योजना के तहत संचालित परियोजनाएं समय पर पूरी हो सकेंगी। निकायों की आर्थिक स्थिति भी पहले से ज्यादा मजबूत होगी।

### ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम का जताया आभार

योगी कैबिनेट ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेनाओं के प्रति धन्यवाद जताते हुए अभिनंदन प्रस्ताव को पास किया ।वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय सेना द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के प्रति उत्तर प्रदेश की मंत्रिपरिषद एवं जनता की ओर से अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन ने राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता और आतंकवाद के खिलाफ अडिग रुख को प्रदर्शित किया है।

# दिव्यांगता चिन्हांकन शिविर का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस। उरई

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा गुरुवार को विकास खण्ड मुख्यालय डकोर में कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजनान्तर्गत 30 दिव्यांगजनों को विभिन्न सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंगों ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, कान की मशीन, स्मार्ट केन, वैशाखी, छड़ी एवं कनावटी हाथ पैर, कैलीपर्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु चिन्हांकित किया गया। साथ ही विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं यथा-दिव्यांग पेंशन, शादी-विवाह पुरस्कार योजना, शल्य चिकित्सा योजना एवं दुकान निर्माण एवं दुकान संचालन ऋण योजना आदि का भी प्रचार-प्रसार किया गया।

शिविर में प्रवीण कुमार सिंह जिला दिव्यांगजन सश. अधिकारी, चिकित्सक डॉ. शक्ति मिश्रा आर्थो, डॉ. वीपी सिंह ईएनटी, डॉ. जेजे राम आई, शैलेश कुमार गुप्ता, वरि. सहायक, राकेश कुमार एवं प्रमोद कुमार श्रीवास्तव आदि विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में चिन्हांकन शिविर आयोजित हुआ है तथा शनिवार को विकास खण्ड कदौरा मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को उक्त कैम्प में उपस्थित होने की अपील की है। जिससे उनकी दिव्यांगता के सापेक्ष कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का लाभ प्रदान किया जा सके।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा को लेकर दिए सख्त निर्देश, नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को कठोर रवैया अपनाने के निर्देश दिए और कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई की जाए। डीएम के निर्देश तेज रफ्तार, रॉन्ग दिशा, शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, स्कॉर्पियो वाहनों, बिना नंबर प्लेट और मानकविहीन वाडी वाहनों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए गए कि जर्जर बिजली के पोल और तारों की पहचान कर विशेष अभियान चलाकर सड़क मार्ग से उन्हें तुरंत बदला जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों द्वारा ओवरस्पीडिंग व रॉन्ग दिशा में वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वाहन चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सतत अभियान चलाया जाए और आवश्यकतानुसार जांच कराई जाए। सड़कों पर गड्ढों की स्थिति को तत्काल दुरुस्त किया जाए। डीएम ने कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में संकेतात्मक चिन्ह एवं सुरक्षा स्लोगन लगाए जाएं, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने सड़क सुरक्षा को जनसहभागिता से जोड़ने पर भी बल दिया। यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, एडीएम न्यायिक योगेंद्र सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडबाल, सीओ अर्चना सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील कुमार, अमित सक्सेना आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मंदाकिनी में नहीं गिरेंगे नाले: मनोहर

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने गुरुवार को रामघाट के पास मंदाकिनी नदी में गिरने वाले नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि मंदाकिनी नदी में गिरने वाले नाले को रोकने के लिए कार्य योजना बनाकर शासन को प्रेषित करें, जिससे टैपिंग की व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि मंदाकिनी नदी में नाले का पानी न गिरने पाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि नदी की साफ सफाई बनी रहनी चाहिए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, जिला मंत्री मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई एसके प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

### देखने को नहीं मिलती भगवान कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता: रामसागर

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भागवत कथा के सप्ताह ज्ञान दिवस पर भागवत कथा वाचक ने कहा कि जो शेष है वही विशेष है। शुकदेव के अंतिम प्रवचन को सुनने मात्र से संपूर्ण श्रीमद्भागवत श्रवण का परिपूर्ण फल प्राप्त होता है। इसलिए समापन कथा का प्रत्येक क्षण विशेषताओं से भरा है। कलिकाल में यह कथा कामधेनु के समान है। यह विचार तहसील क्षेत्र के घटना गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर कथा वाचक आचार्य रामसागर महाराज ने कथा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा माध्यम से राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्त हुआ। पितरों की परम शांति का उपाय इससे बड़ा कुछ भी नही है। श्रीमद्भागवत के चरण शरण में जो आता है और नियम से कथा श्रवण करता है वह उसी क्षण जीवन मुक्त होकर श्रीकृष्ण के चरण सानिध्य को प्राप्त कर शुद्ध-विशुद्ध अंत:करण में भगवदीय स्वरूप में आकर तदाकार स्वरूप को प्राप्त कर लेता है। यह सब रानी पटरानी वेद की ऋचाएं है, जो श्रीकृष्ण सेवा के लिए पत्नी बनकर आए। सुदामा चरित्र की लीला का भावविभोर रसपान कराते हुए कहा कि वे आत्मज्ञानी, ब्रह्म प्राप्त थे। जिन्होंने अपने जीवन में प्राप्त को ही पर्याप्त समझा है। कहा कि द्वारिकानाथ एवं सुदामा की मित्रता वर्तमान में कहा देखने को मिलती है। कथा वाचक ने राजा परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाकर कथा को विश्राम दिया। इस मौके पर यज्ञाचार्य संदीप शास्त्री, मूल पाठक दीनदयाल शुक्ला वृंदावन, आर्गन वादक विजय पाठक, तबला पाठक मिथिलेश गौतम, अयोध्या प्रसाद गौतम, राजाभाई गौतम, भोला प्रसाद गौतम, जगदीश गौतम, शिवानंद, रामानंद, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक जेपी मिश्र, रामेश्वर पाण्डेय, ज्ञानेन्द्र गौतम व बालकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

### संघ के प्रचार विभाग ने धूमधाम से मनाई नारद जयंती

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचार विभाग द्वारा गुरुवार को नारद जयंती मनाई गई। जिसमें निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ पत्रकारिता करने का संकल्प लिया गया। जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट प्रेस क्लब कार्यालय में गुरुवार को आयोजित नारद जयंती कार्यक्रम में विभाग प्रचारक प्रमुख श्यामसुंदर मिश्रा ने कहा कि देवर्षि नारद विश्व के पहले पत्रकार थे। देवताओं के बीच देवर्षि खबरों का आदान-प्रदान करते थे। वर्तमान समय में पत्रकारों को जनहित को देखते हुए स्वस्थ पत्रकारिता करनी चाहिए। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए चित्रकूट प्रेस क्बल अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारिता का कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण है। पत्रकारों को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम करना चाहिए। जिससे लोगों का विश्वास पत्रकारिता पर बना रहे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अरविंद सिंह रघुवंशी, जिला सह प्रचार प्रमुख लवकुश, जिला सद्भाव प्रमुख सिद्धार्थ राय, अनूप शुक्ला, पत्रकार धीरेन्द्र शुक्ला, संदीप अग्रहरि, रामनारायण साहू आदि मौजूद रहे।

### किसानों ने मनाई चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की जयंती, की समस्या निस्तारण की मांग



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में बाबा चै. महेन्द्र सिंह टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि किसान भवन गल्ला मंडी परिसर कर्वी में मनाई गई। कार्यक्रम में भाकियू के मंडल उपाध्यक्ष रामकरण सिंह ने कहा कि चै. महेन्द्र सिंह टिकैत की हुक्के की गुडगुडाहट से सरकारें हिल जाती थीं। उन्होंने किसानों के हक और अधिकार के लिए बहुत संघर्ष किया था। कहा कि सभी किसानों को उनके बताए हुए मार्ग और सिद्धांतों पर चलना चाहिए। इस दौरान किसान समस्याओं को लेकर समस्त किसानों ने मांग की कि अध्यक्ष मंडी समिति/उपजिलाधिकारी सदर किसान भवन की जांच कराते हुए किसान भवन को दुरुस्त कराए। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मंडी सचिव एवं समस्त पदाधिकारियों के साथ किसानों की बैठक होनी थी, लेकिन मंडी सचिव के आदेश के बाद भी कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं हुए। मंडी में नीलामी चबूतरे पर विभाग की सह पर कब्जे है तथा मंडी में किसानों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। गल्ला मंडी में विभाग के बाबुओं की दबंगई के चलते किसानों को सुविधा नहीं दी जा रही है। उन्होंने सदर उपजिलाधिकारी को किसानों के शोषण से सम्बंधित पत्र लिखकर समस्या निस्तारण की मांग की। इस मौके पर जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल, नीलकंठ द्विवेदी, राजकुमार सिंह, राजकिशोर सिंह, शिव सिंह, रामेश्वर सिंह, कमलेश पटेल, बद्री प्रसाद, नरेश तिवारी, विनय त्रिपाठी, नरेश सिं,ह तीरथ प्रसाद फौजी, साधोप्रसाद, संतगोपाल भारतीय, श्रीकेशन राजपूत, कमल मौर्या, बबलू अहिरवार, देवेन्द्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

### आतंकी हमले के बचाव के लिए किया गया मॉक ड्रिल का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को देवांगना हवाई अड्डा में आतंकी हमले, युद्ध व आपात स्थिति से निपटने व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए जनपदीय पुलिस बल, यूपीएसएसएफ बल, क्यूआरटी टीम, एपरपोर्ट पुलिस एवं स्वास्थ्य टीम द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें आतंकी हमले, युद्ध व आपात की स्थिति में बचाव का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान एपरपोर्ट में आतंकवादी हमले से बचाव का अभ्यास किया गया। जिसमें तीन आंकवादियों के हमले से बचते हुए दो को मार गिराया गया तथा एक को पकड़ा गया। इस अभ्यास का नेतृत्व मुख्य एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी ने किया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने युद्ध सहित अन्य आपात परिस्थितियों में पुलिस बल को सुरक्षा देने, स्वयं को सुरक्षित रखने, प्राथमिक चिकित्सा देने, हवाई हमले से अलर्ट करने और बिजली आपूर्ति को तत्काल रोककर ब्लैकआउट करने जैसी रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया तथा अभ्यास कराया। बताया कि इस मॉकड्रिल का प्रमुख उद्देश्य हवाई हमले के खतरों से सावधान रहना व बचाव करना, सुरक्षा उपायों के बारे में लोगों को प्रोत्साहित और संवेदनशील बनाना, आपातकालीन उपकरणों के संचालन और उसके रखरखाव की जांच करना शामिल है। इसके साथ ही सुरक्षा प्रोटोकॉल और आपातकालीन योजनाओं की समीक्षा करना तथा आग लगने की स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना आदि शामिल है। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक देवांगना हवाई अड्डा अजीत सिंह यादव, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा आशुतोष तिवारी, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र कुमार, मुख्य आरक्षी विजय शंकर सिंह सहित, हवाई अड्डा की टीम, स्वास्थ्य विभाग, चित्रकूट पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी मण्डी समिति विवेक कुमार सिंह व उनके हमराही आरक्षी शिवपूजन द्वारा आरोपी सुनील निवासी प्यारेलाल कालोनी के सामने कसहाई रोड थाना कोतवाली कर्वी को एक किलो 40 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# बैंक में कैश न होने से उपभोक्ता परेशान, जिम्मेदार बेपरवाह

## आर्यावर्त बैंक शाखा मारकुंडी में नकदी का अभाव होने से वापस लौट रहे उपभोक्ता

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




आर्यावर्त बैंक शाखा मारकुंडी में पिछले दो दिनों से नकदी न होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीण बैंकों में ग्राहकों को कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ जहां ग्रामीण बैंक में आर्यावर्त बैंक के खुद के एटीएम नहीं हैं तो दूसरी ओर ग्रामीण बैंकों की शाखाओं में ग्राहकों को कैश निकालने में भी काफी समस्या हो रही है। मानिकपुर क्षेत्र के मारकुंडी स्थित ग्रामीण बैंक आर्यावर्त बैंक की शाखा में पिछले दो दिनों से कैश न होने से उपभोक्ता हलकान रहे। उपभोक्ता सुबह से दोपहर तक बैंक में बैठे रहे लेकिन कैश नहीं मिला। उपभोक्ताओं का कहना है कि अक्सर कैश के लिए बैंक का चक्कर काटना पड़ता है। कर्मचारियों पूछने पर बताया जाता है कि जब कैश आएगा तभी बंटेगा। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस भीषण गर्मी में सुबह से शाम तक बैंक में बैठे रहते हैं और कैश नहीं मिलता है। इससे उपभोक्ता काफी परेशान रहते हैं। पांच सौ या एक हजार रुपए ही लोगों को दिए जा रहे थे। एमपी बॉर्डर से सटे इंटवा डुडैला गांव से आई महिला रानी ने बताया कि बैंक में कैश न होने से पिछले दो दिनों से वापस लौट रही हूं। जबकि मेरे बेटी की शादी हैं, लेकिन बैंक में नकदी नहीं होने से भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुसमी के रामजी ने बताया कि अपनी मां की पेंशन निकलवाने के लिए आज आया था लेकिन बैंक में पैसा न होने से वापस जा रहा हू। मारकुंडी निवासी सचिन ने बताया कि पिछले दो दिनों से आर्यावर्त बैंक शाखा मारकुंडी में पैसा न होने से भारी समस्याओं का पड़ रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही।

### यमुना नदी में नहाते समय डूबकर युवक की मौत, शव बरामद

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कोतवाली क्षेत्र में यमुना नदी नहाने गए युवक की नहाते समय गहराई में जाने से डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद नदी से शव बरामद कर लिया।

नगर के मोहल्ला दमदमा निवासी फहीम पुत्र मोहम्मद अंसारी ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया।जिसमें बताया कि बीते बुधवार की शाम पीड़ित का 20 वर्षीय पुत्र मुकीम वुधवार शाम करीब 4 बजे घर से निकल गया था। जो देर रात तक नहीं आया तो इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी और उसकी खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान यमुना किनारे मछली पकड़ रहे कुछ लोगों ने बताया कि देर शाम करीब 7 बजे उन्होंने उसे यमुना नदी में नहाते हुए देखा था। जो नहाते समय गहरे पानी में डूब गया। तभी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से गुरुवार को कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव नदी से बरामद कर लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# प्रभारी मंत्री ने विद्यालय निर्माण के लिए किया भूमि पूजन




जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने गुरुवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा सदर ब्लाक के ग्राम पंचायत बनाड़ी में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया।

भूमि पूजन के बाद प्रभारी मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जनपद को पूरे देश में आठवां स्थान मिला है। कहा कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक स्कूल खोलकर सभी को शिक्षा दी जाए ताकि शिक्षा से कोई वंचित न रहे। कहा कि अधिक से अधिक बच्चों को स्कूला में नामांकित कराकर शिक्षा दें। बताया कि मुख्यमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर प्राथमिकता से कार्य कर रहे है।

कहा कि इस विद्यालय में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं होंगी। उन्होंने उपस्थित सभी प्रधानाचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाओं से कहा कि शिक्षा में रुचि लेकर बच्चों को पढ़ाये। बताया कि यह विद्यालय प्रदेश के 32 जिलों में खोला जा रहा है, जिनमें चित्रकूट जनपद भी शामिल है।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, जिला मंत्री मनोज तिवारी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

# नशीला पदार्थ खिलाकर युवक को बनाया बंधक, लूटने के बाद जंगल में फेंककर फरार

जन एक्सप्रेस। उरई

सिरसा कलार थाना क्षेत्र में खंडगुई के पास जंगल किनारे खेतों पर काम कर रहे किसानों को बुधवार की देर रात टीले के पास एक युवक की रोने व चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज़ सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने वहां एक युवक को हाथ पैर बंधे हुए पड़ा देखा। जिससे उनमें हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी राजीव वैश्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जांच पड़ताल में जानकारी करने पर पता चला कि ग्राम उमरपुर निवासी झल्लू कठेरिया 25 वर्ष 12 मई को अपने हिस्से की 8 बीघा की जमीन के वलकट पर देने के बाद सवा लाख रुपया लेकर घर से निकला था। जो औरैया से होते हुए अपने मामा के घर खडगुई जा रहा था। जो कुठौद में नाश्ता करने के लिए रुक गया। तभी बातों में उलझाकर किसी बदमाश ने कोल्ड ड्रिंक में उसे नशीला पदार्थ पिला दिया। इसके बाद वाद उसे बेहोशी की हालत मे ले जाकर बंधक बनाकर उसके रुपए लूट लिए और लोडर में लादकर उसे जंगल में फेंक दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है। लूट है या रची हुई कहानी इसको लेकर हर पहलू पर जमीनी स्तर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। मामले में सीओ जालौन शैलेंद्र बाजपेई का कहना है कि मामले की पारदर्शी जांच के लिए युवक के रिश्तेदारों से भी कड़ाई से पूंछतांछ की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# तमंचाधारी बदमाशों ने दिनदहाड़े ज्वेलरी की दुकान से लूटी लाखों की ज्वेलरी व नगदी

जन एक्सप्रेस। उरई



कोंच में दिन दहाड़े भरे बाजार में पांच हथियारबंद बदमाशों ने दिनदहाड़े नगर के बीचोंबीच एक ज्वेलरी की दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम दे दिया।

जहां पर बदमाशों ने दुकानदार व ग्राहकों को तमंचों के बल पर कब्जे में लिया और से खाकी को दरकिनार कर व्यापारी से लाखों रुपए की ज्वेलरी व नगदी लूट ले गए। वही पुलिस भी शीशी टीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को दबोचने के लिए हाथ पैर चलाने में लगी हुई है।

नगर में स्थित नवीन ज्वेलर्स के मालिक गुरुवार की दोपहर अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी अचानक पांच युवक वहां पहुंचे और तमंचा निकालकर व्यापारी को धमकाते हुए गहनों से भरी ट्रे और गल्ले में रखी नकदी समेट ली, और लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद पांचों बदमाश मौके से फरार हो गए। इस पूरी घटना का वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। उधर नगर के बीचोंबीच सर्राफ क दुकान में हुई लूट से आसपास के दुकानदार दहशत में आ गए।

वहीं खबर मिलते ही कोतवाली प्रभारी विजय कुमार पांडेय सहित आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने व्यापारी से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली और दुकान में लगे कैमरे से भी फुटेज पुलिस ने कब्जे में ले ली है। फिलहाल पुलिस ने तत्काल क्षेत्र की नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान भी शुरू किया, लेकिन अभी तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका है। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि लूट की घटना को गंभीरता से लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को पकड़ा जाएगा। वहीं दिनदहाड़े शहर के बीच इस वारदात से व्यापारियों और आम लोगों में दहशत का माहौल है।

# मानव सेवा से अच्छा कोई काम नहीं: निशा


जन एक्सप्रेस। उरई




उत्तर मध्य रेलवे भारत स्काउट गाइड के ओर से गुरुवार को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर यात्रियों के लिए निशुल्क शीतल पानी शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ स्टेशन अधीक्षक एसके खरे और व्यापार मंडल की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष निशा राजपूत ने मुंबई सीतापुर एक्सप्रेस में सफर कर रहे। यात्रियों को शीतल शरबत पिलाया। स्टेशन अधीक्षक ने कहा कि जल ही जीवन है इसके बिना इंसान नहीं रह सकता और भीषण गर्मी में अगर ठंडा पानी मिल जाए तो रहता मिल जाती है। निशा राजपूत ने कहा कि मानव सेवा से अच्छा कोई काम नहीं है। ट्रेनों में दूर से आ रहे लोगों को ठंडा पानी पिलाना एक अच्छा काम है। ग्रुप लीडर विजय कुमार ने बताया कि शिविर का आयोजन तीस म ई तक किया जाएगा। जिसमें स्काउट के सभी सदस्य भाग लेंगे। स्काउट मास्टर अवधेश कुमार ने कहा कि झांसी से कानपुर और कानपुर से झांसी की ओर जाने वाली पैसेंजर ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों को शीतल जल पिलाया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल संतोष गुप्ता, सीनियर सेक्शन इंजीनियर वर्क विवेक दुबे, सीनियर सेक्शन इंजीनियर मोहित शुक्ला, सीनियर सेक्शन इंजीनियर टेलीकॉम रविंद्र राजपूत, सीसीआई सत्येंद्र बंसल, रेलवे यूनियन के नेता के के त्रिपाठी, संजीव सिपौलया, महेंद्र सिंह यादव, मंजू रावत, रंजना अग्रवाल, शान्ती गुप्ता, संध्या शिवहरे, सोनम व्यास, धर्मेन्द्र कुलश्रेष्ठ, भरत कुमार, ज्ञान बहादुर यादव राघव माधव उपाध्याय आदि रहे।

# कदौरा के सुरौला गौशाला की स्थिति खराब, सुर्खियों में गौशाला




जन एक्सप्रेस। कालपी

कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुरौला स्थित गौशाला की हालत ठीक नही है। गौशाला मे गन्दगी व मृत गौवँशो को खुले मे फेंके जाने का मामला सुर्खियो मे है। जिसकी शिकायत भी की गई है।

गौवंशो का संरक्षण शासन की प्राथमिकता मे शामिल है उनके रखरखाव के लिए शासन 50 रूपये प्रति गौवँश प्रतिदिन दिया जाता है, लेकिन फिर भी उनकी दुर्दशा के मामले सामने आते रहते हैं गाँव वालो की माने तो गौशाला के पीछे स्थित जंगल में भारी संख्या में मृत गोवंशों के अवशेष पडे हैं, जिससे स्पष्ट है कि मरे हुए गौवँशो को बिना किसी अंतिम संस्कार की व्यवस्था के जंगल में फेंक दिया जाता है जबकि शासन की ओर से उन्हें दफनाए जाने के निर्देश है। ग्राम पंचायत के अभिलेखों के अनुसार गौशाला में कुल 130 गौवंश दर्ज हैं, लेकिन मौके पर सिर्फ 52 ही जीवित पाए गए, जबकि शासन द्वारा दर्ज संख्या के आधार पर ही रखरखाव हेतु बजट भी जारी किया जाता है। इतना ही गौशाला परिसर में भारी मात्रा में गंदगी और दुर्गंध फैली हुई है। शिकायतकर्ता के अनुसार गौशाला में गोपालकों की संख्या पर्याप्त नहीं है और मौके पर कार्यरत दो गोपालकों को भी मानदेय नहीं मिल रहा है। जानकारो की माने तो इस मामले की जानकारी पहले ही जिला विकास अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों की मांग है कि गौशाला में हुई इस घोर लापरवाही व पशु क्रूरता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और गौशाला संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



**अवैध निर्माण पर जीडीए की दोहरी नीति...**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही निष्प्रभावी साबित हो रही है। अधिशाषी अभियंता की उदासीनता और सहायक अभियंता की लापरवाही और अवर अभियंता की अनदेखी से जानकार अवैध निर्माण को प्रश्रय दिया जा... पढ़ें पेज 12 पर...

# तुलसी हॉस्पिटल में ज़हर खाई युवती की रहस्यमयी मौत पर उठे सवाल

## सच्चाई उजागर करने वाले पत्रकार पर दबाव, धमकी और झूठे मुकदमे की साजिश

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ के चर्चित तुलसी हॉस्पिटल में ज़हर खा कर भर्ती कराई गई युवती की रहस्यमयी मौत अब गंभीर संदेह के घेरे में है। इस मौत को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है, जबकि इसके पीछे गहरा षड्यंत्र और अस्पताल प्रबंधन की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। इस पूरे मामले की परतें उधेड़ने में जुटे जन एक्सप्रेस के निर्भीक पत्रकार को दबाव में लाने की साज़िशें तेज़ कर दी गई हैं। हॉस्पिटल के तीसरे पार्टनर रंजीत द्वारा न केवल खबर को दबाने की कोशिशें की जा रही हैं, बल्कि दूसरे पार्टनर गुरुविंदर सिंह बब्बन नें पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने और धमकाने का प्रयास भी किया गया है।




### पत्रकारिता के दमन का प्रयास

जो पत्रकार जनता के लिए सच्चाई सामने लाने का काम करता है, उसे झूठे केस, धमकी और मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए अत्यंत खतरनाक संकेत हैं।

### अस्पताल प्रबंधन की भूमिका संदिग्ध

तुलसी हॉस्पिटल की कार्यप्रणाली पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। लेकिन इस बार युवती की मौत के मामले में प्रबंधन की भूमिका गंभीर शक के घेरे में है।

### पर्दाफाश की तैयारी पूरी

जन एक्सप्रेस बहुत जल्द इस मौत से जुड़े सभी रहस्यों को उजागर करने वाला है। इस रिपोर्ट के पीछे महीनों की पड़ताल, प्रत्यक्ष प्रमाण और चश्मदीदों के बयान हैं। भले ही इसके लिए पत्रकार को जान का जोखिम उठाना पड़े, लेकिन सच्चाई को दबने नहीं दिया जाएगा।

### ज़हर खाई युवती की मौत बनी रहस्य

तुलसी हॉस्पिटल में कुछ दिन पहले ज़हर खाई हालत में एक युवती को भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवती ने ज़हर क्यों खाया? उसे अस्पताल में भर्ती किसने कराया? मौत की असल वजह क्या थी?६ इन सभी सवालों पर पर्दा डालने की कोशिश हो रही है।

### खबर दबाने की हरसंभव कोशिश

इस घटना की तह तक पहुंचने की कोशिश कर रहे जन एक्सप्रेस के पत्रकार को अस्पताल प्रबंधन खासकर रंजीत द्वारा लगातार डराने-धमकाने का सिलसिला जारी है।

### झूठे मुकदमे की साजिश

सूत्रों के मुताबिक, गुरविंदर सिंह बब्बन ने एक अन्य पत्रकार से मिलकर जन एक्सप्रेस संवाददाता के खिलाफ एक फर्जी तहरीर तैयार करवाई और उसे व्हाट्सएप के माध्यम से जन एक्सप्रेस के पत्रकार को भेजने की योजना बनाई। यह पूरी कार्रवाई इस मकसद से की जा रही है कि पत्रकार कानूनी पचड़े में उलझ जाए और खबर प्रकाशित न कर सके।

### घर पर छोटे भाई के पास पहुँचकर दी गई धमकी

इतना ही नहीं, रंजीत के इशारे पर कुछ अज्ञात लोग जन एक्सप्रेस पत्रकार के घर तक जा पहुंचे और परिजनों को डराने का प्रयास किया। यह सीधा हमला न सिर्फ अभिव्यक्ति की आज़ादी पर है बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर भी चोट है।

**निष्कर्ष** तुलसी हॉस्पिटल के संचालक भले ही लाख कोशिशें कर लें, लेकिन अब यह खबर रुकेगी नहीं। सच को जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, वह उतना ही उभरकर सामने आएगा। पत्रकारिता का धर्म है सत्य के पक्ष में खड़ा होना, और जन एक्सप्रेस अपने इस धर्म से पीछे नहीं हटेगा।

# 'कैसे बनें धनी किसान'

## विषय पर लखनऊ मंडल की सहकारिता विभाग समीक्षा बैठक




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

सहकारिता विभाग को प्रगति की राह पर अग्रसर करने हेतु आज लखनऊ स्थित आयुक्त एवं निबंधक कार्यालय के सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त एवं निबंधक डॉ. हीरालाल ने की, जिसमें लखनऊ मंडल के सहायक निबंधक, संयुक्त निबंधक, सचिव जिला सहकारी बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक (पीसीएफ/पीसीयू/यूपीएसएस) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयुक्त ने पिछले एक महीने में जारी दिशा-निर्देशों पर की गई कार्यवाही की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने विभागीय जिम्मेदारियों को ईमानदारी और पारदर्शिता से निभाने पर जोर देते हुए कहा, नियत साफ हो तो रास्ते अपने आप बन जाते हैं। बैठक में 'कैसे बने धनी किसान' विषय को केंद्र में रखते हुए किसानों की समृद्धि के लिए कई योजनाओं की समीक्षा की गई। मूल्य समर्थन योजना, भंडारण योजना, एफपीओ, पीएम सम्मान निधि, धान व गेहूं क्रय की स्थिति, बैंकिंग सुविधाएं, वसूली की प्रगति, और नैनो यूरिया-डीएपी जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने सहकारिता को ÷जनता के द्वार÷ की संकल्पना से जोड़ते हुए कहा कि सहकारिता ही समाज को सशक्त बनाती है। उन्होंने विभाग को देश में नंबर-वन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि अच्छा जीवन वही जीता है जो दूसरों का कल्याण करता है, और यही असली सहकारिता है। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने आयुक्त के विचारों से प्रेरित होकर विभाग को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

### प्रमुख निर्देश


- प्रत्येक सहायक निबंधक एक सहकारी समिति को गोद लें
- 31 मई तक कॉमन सर्विस सेंटर पर बिजली बिल जमा कराना सुनिश्चित करें
- 20 मई तक आडिट कार्यों की रिपोर्टिंग पूर्ण करें
- 10 लाख लिमिट वाली समितियों को खाद की तत्काल आपूर्ति की जाए
- दलहन-तिलहन खरीद को बुंदेलखंड से आगे बढ़ाकर पूरे प्रदेश में लागू किया जाए
- वृक्षारोपण और संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान को प्राथमिकता दी जाए

इसके अतिरिक्त उन्होंने मध्यस्थ वादों और न्यायालयीन प्रकरणों के निस्तारण की दिशा में तेजी लाने तथा विभागीय पेंडेंसी को शून्य करने का निर्देश भी दिया।

# लखनऊ विश्वविद्यालय के 9 बीटेक छात्रों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं सोलरस्क्वेयर में मिला शानदार अवसर

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में अभियांत्रिकी संकाय के अंतिम वर्ष (बैच 2025) के बी.टेक के 9 छात्रों का चयन देश की प्रतिष्ठित कंपनियों - रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और सोलरस्क्वेयर - में हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह, तथा केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने अपने संदेश में कहा कि छात्रों की यह सफलता इस बात की पुष्टि करती है कि अगर स्पष्ट लक्ष्य, समर्पण, निरंतर अच्यास और आत्मविश्वास हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मैं चाहता हूं कि छात्र इस सफलता को एक शुरुआत मानें और निरंतर सीखते हुए आगे बढ़ें, क्योंकि आपकी उपलब्धियां भविष्य में न केवल आपके परिवार को, बल्कि इस विश्वविद्यालय, समाज और राष्ट्र को भी गौरवान्वित करेंगी। केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड में बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र सात्विक यादव का चयन ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर 7.5 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ है। वहीं सोलरस्क्वेयर कंपनी में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पद पर बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों प्रियांश पाल और प्रगत सिंह तथा बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्रों अक़ील रब्बानी, अभिनंदन पांडेय, मुदित मेहरोत्रा एवं ईशान उपाध्याय का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त, क्यूएचएसई इंजीनियर पद पर बी.टेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्रों अनुज कुमार पांडेय एवं जागृत प्रताप सिंह को भी कंपनी द्वारा नियुक्त किया गया है। सोलरस्क्वेयर द्वारा चयनित सभी छात्रों को ?3 लाख वार्षिक का पैकेज ऑफर किया गया है।

# निमंत्रण से लौट रहे परिवार की कार पलटी, महिला की मौत, चार घायल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की जान चली गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना सरिता पेट्रोल पंप, गंगागंज के निकट हुई, जब एक अल्टो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस के अनुसार, बाराबंकी जिले के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के छन्दरौली गांव का एक परिवार लखनऊ के सीफतनगर में एक निमंत्रण समारोह में शामिल होने के बाद वापस लौट रहा था। रात करीब 12÷15 बजे, उनकी अल्टो कार (क्32 ष्क्8769) गंगागंज के पास अचानक पलट गई। इस हादसे में 52 वर्षीय उर्मिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कार में सवार अखिल (20), सुहानी (17), अभिषेक (18) और निर्मला (42) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल भी छन्दरौली के ही रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि घायल हुए लोगों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस दुर्घटना के संभावित कारणों की जांच कर रही है। इस दुखद घटना के बाद छन्दरौली गांव में मातम का माहौल है।

# प्रेम प्रसंग को लेकर युवकों में टकराव: अवैध तमंचे के साथ पहुंचे हमलावर, ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

प्रेम प्रसंग के चलते बुधवार को काकोरी इलाके में दो पक्षों के बीच जबरदस्त विवाद हो गया। मौंदा निवासी एक युवक अपने तीन साथियों के साथ अवैध हथियार लेकर बेलवा गांव पहुंचा और युवती से जुड़े दूसरे युवक के परिजनों के साथ गाली-गलौज व मारपीट की। ग्रामीणों की सक्रियता से चारों आरोपियों को पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने एक आरोपी के पास से तमंचा बरामद कर चारों को जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि मौंदा निवासी सुमित राजपूत का पारा निवासी एक युवती से प्रेम संबंध है। युवती की रिश्तेदारी काकोरी क्षेत्र में है, जहां उसका एक और युवक से प्रेम प्रसंग सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने पर सुमित ने पहले उस युवक से झगड़ा किया था। बुधवार सुबह सुमित अपने साथी कुलदीप रावत (25), सत्य प्रकाश राजपूत (20) और शुभम राजपूत (21) के साथ कार से बेलवा गांव पहुंचा। आरोप है कि चारों ने वहां पहुंचते ही युवक के परिजनों से अभद्रता की और मारपीट की। इसी दौरान शोर सुनकर ग्रामीण जुटे और चारों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया। शुभम राजपूत के पास से पुलिस ने 315 बोर का अवैध तमंचा भी बरामद किया। पीड़ित सतीश राजपूत की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, बाजार सामान लेने गया था युवक

**लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के माल थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं मौके पर पहुंची माल पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं माल के भटखेरा बंशी गढ़ी निवासी रमेश कनौजिया (24) पुत्र पप्पू कनौजिया बुधवार शाम को जेहटा बाजार जा रहा था। काकराबाद के पास पहुंचा था तभी जेहटा-माल रोड पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।जिससे रमेश उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर रुप से घायल हो गए।

# सोशल मीडिया अकाउंट पर तेजी से वायरल हो रही तांत्रिक की फोटो, पुलिस बचाने में जुटी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

- यौन शोषण के आरोप को छेड़खानी की धारा में दर्ज कर प्राथमिकी की जांच कर दी लम्बित

लखनऊ में सोशल मीडिया अकाउंट पर तेजी से वायरल हो तांत्रिक अमरमणि त्रिपाठी को पुलिस बचाने में जुटी है। यौन शोषण के आरोप को छेड़खानी की धारा में दर्ज कर प्राथमिकी की जांच लम्बित कर दी। यह आरोप लगाते हुए महिला डॉक्टर ने सीएम योगी और डीसीपी नार्थ को लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, आलाधिकारियों ने तांत्रिक के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए पीड़िता को बंगाल भेज दिया है। बता दें कि 09 जनवरी 2025 को मूलरुप से बंगाल की रहने वाली महिला डॉक्टर (35) ने बीकेटी थाने में रुदही रोड नगर पंचायत निवासी तांत्रिक अमरमणि त्रिपाठी पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि, संगीन आरोपों में हीलाहवाली कर पुलिस ने छेड़खानी और गाली-गलौज की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली। पीड़िता ने बताया कि वह कोलकत्ता के स्वास्थ्य विभाग में बतौर मेडिकल आफिसर के पद पर कार्यरत है। वर्ष 2021 में एस्ट्रोलॉजी एप्लीकेशन की मदद से वह तांत्रिक के सम्पर्क में आई। जिसके बाद दोनों अक्सर मोबाइल पर बातचीत करने लगे। नजदीकियां बढ़ने पर तांत्रिक ने पीड़िता से शादी करने का प्रस्ताव रखा। हामी भरने पर तांत्रिक कोलकत्ता पहुंचा और पीड़िता के साथ रहने लगा। महिला डॉक्टर का आरोप है कि लगभग ढाई साल तक तांत्रिक उसका यौन शोषण करता रहा। इसके साथ ही वह उससे रुपये भी ऐंठता था। इसी दरमियां तांत्रिक कोलकत्ता से लखनऊ आ गया। इसके बाद आरोपित ने पीड़िता का मोबाइल नम्बर भी ब्लॉक कर दिया। वहीं, पीड़िता तांत्रिक की तलाश में इधर-उधर भटकने लगी। जनवरी में पीड़िता को तांत्रिक के लखनऊ वाले घर का पता मिला। इसके बाद वह तांत्रिक से मिलने उसके घर पहुंची, तब उसके होश उड़ गए।

# बिहार से दिल्ली जा रही बस में लगी भीषण आग, 5 यात्रियों की जिंदा जलकर मौत



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

राजधानी लखनऊ में गुरुवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। बता दें कि मोहनलालगंज स्थित किसान पथ पर बिहार से दिल्ली जा रही स्लीपर बस में सुबह करीब 5 बजे अचानक भीषण आग लग गई। जिससे बस के अंदर सो रहे पांच यात्रियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जिसमें मां-बेटी और भाई-बहन शामिल हैं, वहीं, बाकी यात्रियों ने दरवाजा तथा खिड़कियों से कूद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान बस का कंडक्टर व ड्राइवर दरवाजा खोलकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया, स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद रहें।वहीं सीएम योगी ने हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। जानकारी के मुताबिक, बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही स्लीपर बस सुबह करीब 5 बजे मोहनलालगंज स्थित किसान पथ पर पहुंची तभी अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने पूरे बस को चपेट में ले लिया। आग लगते ही बस के ड्राइवर और कंडक्टर कूद कर बाहर भाग गए, जबकि बस में सवार यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। लोग दरवाजे तथा खिड़कियों से कूद कर भागने लगे। सुबह का समय होने के कारण कुछ यात्री ऊपर सो रहे थे जो कि समय से बाहर नहीं निकाल पाए, इनकी आग में जलकर दर्दनाक मौत हो गई, कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

### किसान पथ पर बस में लगी आग, बस में सो रहे यात्री नहीं निकल पाए

इस दौरान किसान पथ पर ट्रैफिक रुक रहा, घटना की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी, बस पूरी तरह जलकर कंडम हो गई थी, बस में सवार ज्यादातर यात्री कूद कर बाहर आ गए, मौके पर पहुंची मोहनलालगंज व पीजीआई थाना पुलिस ने शवों को बस से बाहर निकलवाकर एम्बुलेंसो की मदद से पीएम के लिये भेजा। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीजीआई थाना प्रभारी ने बताया कि बस की ऊपरी मंजिल पर सो रहे पांच लोगों की बस में आग लगने के कारण जलकर मौत हो गई, जिसमें दो महिला, 2 बच्चे और एक पुरुष हैं, मरने वाले सभी बिहार के हैं।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे का लखनऊ दौरा, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने लखनऊ के दुबग्गा में भाजपा युवा नेता बीनू शुक्ल के आवास का दौरा किया, जहां उन्होंने कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट और सनातन संघ का निमंत्रण श्री चौबे ने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें 26 जून को पटना के गांधी मैदान में होने वाले ÷सनातन संघ भारत जन चेतना अभियान÷ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह कार्यक्रम परशुराम जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य सनातन संस्कृति को बढ़ावा देना और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। विपक्षी दलों पर हमला बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों पर बात करते हुए, श्री चौबे ने विश्वास जताया कि एनडीए भारी बहुमत से जीतेगा और राजद का सफाया हो जाएगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर वंशवाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना श्री चौबे ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत सरकार और भारतीय सेना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने देश की सुरक्षा को मजबूत किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की ताकत को प्रदर्शित किया।

# 15 हजार के इनामी चोर को महिगवां पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी जोन महिंगवां थाना पुलिस ने 15 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि आरोपी की पहचान हयातनगर दुबग्गा थाना निवासी लवकुश कश्यप के रूप में हुई, महिगवां पुलिस को सूचना मिली थी, कि लवकुश कश्यप आईआईएम रोड पर कैरियर चौराहे के पास खड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया और पुलिस की तलाशी में उसके पास से एक पिपिया में 4 से 5 लीटर ट्रांसफॉर्मर का तेल और चोरी के माल से बेचे गए 1100 रुपए नगद बरामद किये हैं। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 24 फरवरी को पहाड़पुर गांव में क्षेत्रीय विधायक के पैतृक आवास के पास से 250 केवी के ट्रांसफॉर्मर को उतारकर उसमें से तेल और जेओबी चोरी की थी। वहीं महिगवां थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया कि 24 वर्षीय लवकुश कश्यप एक शातिर अपराधी है, वह पहले भी जिले के विभिन्न थानों में आधा दर्जन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

### 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था

पुलिस उपायुक्त उत्तरी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था, गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष शिवमंगल सिंह, उपनिरीक्षक नीलेन्द्र प्रताप, राहुल तिवारी, सुनील कुमार और हेड कांस्टेबल लाल मोहम्मद की टीम शामिल थी। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# दो थाई महिलाएं लखनऊ एयरपोर्ट पर 4 करोड़ की ड्रग्स के साथ गिरफ़्तार, बैंकॉक से भारत में सप्लाई करने लाई थी ड्रग्स

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तैनात कस्टम विभाग के अधिकारियों को बड़ी सफलता मिली है। बता दें कि बैंकॉक से आई दो थाई महिलाओं के पास लगभग चार करोड़ रुपए से अधिक की कीमत का ड्रग्स बरामद हुआ है. कस्टम विभाग दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. पिछले डेढ़ महीने में लखनऊ एयरपोर्ट पर लगभग 24 करोड़ रुपए से अधिक की ड्रग्स जब्त की गई है। वहीं कस्टम विभाग के एडिशनल कमिश्नर मयंक शर्मा ने बताया कि बैंकॉक से एयर एशिया की फ्लाइट (एफडी-147) से 12 मई की रात 11÷15 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची दो थाई महिलाओं को एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया है. संदेह के आधार पर अधिकारियों ने दोनों महिलाओं के ट्रॉली बैग की जांच की तो 4-4 पैकेट बरामद हुए. इन पैकेटों में पॉलीथीन में लिपटा हरे रंग का पदार्थ था, कुल 8 पैकेटों का वजन 4.041 किलोग्राम था, जब्त किए गए माल की अनुमानित कीमत 4.041 करोड़ रुपये है। वहीं एडिशनल कमिश्नर ने बताया कि शुरुआती जांच में पैकेट में मिला पदार्थ गांजा या हाइड्रोपोनिक वीड पता चल रहा है. सीमा शुल्क अधिकारियों ने 13 मई को इसे जब्त कर लिया. वहीं,अधिकारियों ने दोनों महिलाओं को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 43(बी) के तहत गिरफ्तार कर लिया है. दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि लखनऊ एयरपोर्ट पर डेढ़ माह पूर्व भी थाईलैंड से आई एक महिला के पास लगभग 20 करोड़ रुपये का ड्रग्स बरामद किया गया था।

## कई आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। मथुरा, बरेली और झांसी समेत विभिन्न जिलों में तैनात अफसरों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।जारी सूची के अनुसार शशांक चौधरी नगर आयुक्त मथुरा को अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी न्वेस्ट यूपी के पद पर नियुक्त किया गया है। जग प्रवेश मुख्य विकास अधिकारी, बरेली को नगर आयुक्त मथुरा बनाया गया है। सुश्री देवयानी संयुक्त मजिस्ट्रेट झांसी को मुख्य विकास अधिकारी बरेली के पद पर नियुक्त किया गया है।

# मध्य प्रदेश भाजपा के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर अमर्यादित टिप्पणी का जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा हुआ विरोध प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




देश की बेटी एवं भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैश जी पर मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा अमर्यादित एवं शोभनीय टिप्पणी किये जाने के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्ट्रेट ऑफिस व तहसील मुख्यालय लालगंज, महराजगंज, ऊंचाहार और सदर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया, उक्त जानकारी देते हुए कार्यवाही जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि महराजगंज तहसील में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं कलेक्ट्रेट ऑफिस में शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव की अगवाई में भाजपा सरकार के मंत्री क खिलाफ कांग्रेस जनों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मंत्री के बयान को सेना और देश का अपमान बताते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग की उन्होने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैश भारतीय सेना की वह अधिकारी हैं जिन्होने ऑपरेशन सिन्दूर का नेत्रत्व किया और पाकिस्तानी आतंकियों के ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया, ऐसी बहादुर महिला सैनिक का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी से मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग भी की। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान प्रमुख चेहरा रही कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी भारतीय सेना और महिलाओं का अपमान है और ऐसे मंत्री को पद पर एक मिनट भी रहना का कोई अधिकार नहीं है। भाजपा मंत्री के बयान से देश के लोगों में जबरदस्त आक्रोशित है। कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि मामले की गम्भीरता को देखते हुए मा0 हाईकोर्ट ने विवादित बयान पर स्वतः संज्ञान लेकर बीजेपी सरकार के मंत्री को फटकार लगाई और तुरन्त एफ. आई.आर. दर्ज करने का निर्देश दिया। भाजपा नेताओं द्वारा सत्ता में बने रहने के लिए एक विशेष समुदाय के खिलाफ ऐसे बयान लगातार दिये जा रहे है जो देश हित में खतरनाक साबित हो सकता है विरोध प्रदेश में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के सभी निवर्तमान पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# डीएम के निर्देशन में अमृत सरोवर व तालाबों में भरा जा रहा पानी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



भीषण गर्मी के मद्देनज़र जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर जनपद में स्थित अमृत सरोवरों और अन्य परंपरागत तालाबों में पानी भरने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा देना है, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए गर्मी में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना भी है।

विकास खण्ड राही के खण्ड विकास अधिकारी गौरी सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में 17 अमृत सरोवर और 48 तालाबों में पानी भरने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे क्षेत्र में जल संकट की स्थिति से बचा जा सके। इस अभियान के माध्यम से न केवल स्थानीय जल निकायों को पुनर्जीवित किया जा रहा है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और जैव विविधता की रक्षा की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिकारी ने बताया कि यह कार्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। जिलाधिकारी के इस निर्देश के बाद क्षेत्रीय अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए अमृत सरोवरों और तालाबों में जल भराव का कार्य शुरू करा दिया है, जिससे ग्रामीणों के साथ-साथ क्षेत्र के जीव-जंतुओं को भी राहत मिल सकेगी।

# शहर की समस्या का समाधान करने के लिए संकल्पित: शत्रोहन सोनकर

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



हर सामाजिक समस्या का समाधान बन जाऊँ, जरूरतमंदों की जरूरत का सामान बन जाऊँ, बनके नेता-नेतागिरी का कोई शौक नहीं मुझे, चाहत है सिर्फ समाज सेवा का काम कर जाऊँ, उक्त पंक्तियाँ चरित्रार्थ होती है।

नगर पालिका परिषद के चेयरमैन शत्रोहन सोनकर के ऊपर, दिन के सबेरे अपने घर से निकलकर रात तक शहर के अन्दर जो भी समस्या दिखाई पड़े उसका निदान करने के लिए हरसम्भव प्रयास करते रहना, जीवन की दिनचर्या हो गई है। इसी क्रम में आज पालिकाध्यक्ष द्वारा अपने सम्मानित सभासदों के साथ मिलकर वार्ड नं0-28 के मोहल्ला गणेश नगर में नगर पालिका परिषद द्वारा बनाई गई नई इण्टरलाकिंग मार्ग एवं नाली के निर्माण का पूजन-अर्चन कर उद्घाटन किया। स्थानीय सभासद सरदार परमजीत सिंह गांधी व मोहल्लेवासियों ने पालिकाध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर श्री सोनकर ने कहा कि मुझे जनता की सेवा करने का शौक है, शहरवासियों को जो भी समस्यायें हों, किसी भी समय मुझे सूचित कर सकते हैं, समस्या का समाधान तत्काल करने के लिए संकल्पित हूँ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद धर्मेन्द्र द्विवेदी, रामू चौरसिया, दीनदयाल निर्मल, सभासद प्रतिनिधि आसिफ चाकलेट, राजकुमार यादव, अनिल कुमार सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने विभिन्न संस्थानों एवं योजनाओं की परखी जमीनी हकीकत

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने जनपद में विभिन्न सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण कर महिला और बालकल्याण से जुड़ी योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायज़ा लिया। इस दौरान उन्होंने राजकीय बालिका इंटरकॉलेज अमेठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी, प्राथमिक विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र धनी जलालपुर का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ.मौर्या ने बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं,पोषण व्यवस्था, महिला सुरक्षा और योजनाओं के लाभों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों, चिकित्सकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर जमीनी स्तर की समस्याओं को समझा और उनके उचित समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठी में उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, पुस्तकें, शौचालय की सुविधा पेयजल व्यवस्था और सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। और उन्हें एक सुरक्षित एवं सहयोगी वातावरण देना हम सबकी जिम्मेदारी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला वार्ड,प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष और दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की।

उन्होंने अस्पताल में मौजूद गर्भवती महिलाओं से बात कर उनकी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानी।डॉ.मौर्या ने कहा कि प्रसव पूर्व और प्रसव उपरांत देखभाल में कोई लापरवाही न हो, और महिलाओं को समय पर पोषण व दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल परिसर में व्यापक साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहाप्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र पर उन्होंने बच्चों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन, पोषण आहार, साफ-सफाई की व्यवस्था, खेल सामग्री एवं बाल विकास से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए वातावरण को अधिक शिक्षाप्रद और प्रेरणादायी बनाए जाने पर बल दिया। आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान उन्होंने दो महिलाओं की गोद भराई तथा 6 माह के दो बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। डॉ. मौर्या ने कहा कि महिला आयोग का उद्देश्य न केवल शिकायतों का समाधान करना है,बल्कि योजनाओं की वास्तविक स्थिति की निगरानी कर आमजन को उनका हक दिलाना भी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकारी योजनाओं की सफलता केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि ज़मीन पर दिखनी चाहिए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, जिला बेसिकशिक्षा अधिकारी संजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता उपलब्धता के सम्बन्ध में व जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण उपरांत महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन महिला बैरक में किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिससे अधिक से अधिक महिला बन्दी लाभान्वित हो सके। निरीक्षण के दौरान जेलर हिमांशु रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल राजकुमार सिंह, जेल चिकित्सक डा0 सुनील अग्रवाल, उपकारापाल धर्मपाल सिंह व उपकारापाल सुमैया परवीन उपस्थित रही।

# सड़कों पर 500 से अधिक मिस्टिंग फैन श्रद्धालुओं को देंगे गर्मी से राहत

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**




अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद जिले को हर दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। राम मंदिर के बनने के बाद देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में उनकी सुविधाओं के लिए योगी सरकार नई-नई योजनाएं ला रही है।

अयोध्या में 62 नई परियोजनाएं जल्द ही मूर्त रूप लेती नजर आएंगी। इनमें रामपथ और धर्मपथ पर मिस्टिंग फैन, फटिक शिला के पास पार्किंग सुविधा और राम की पैड़ी के पास वॉल पेंटिंग जैसी योजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं का कुल बजट 135 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। डीपीआर बनाकर शासन को भेज दिया गया है। श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद ने इस महत्वाकांक्षी योजना को तैयार किया है। इसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए रामपथ और धर्मपथ पर 500 से अधिक मिस्टिंग फैन लगाने की योजना बनाई गई है। यह मिस्टिंग फैन गर्मी के मौसम में राहगीरों को राहत प्रदान करेंगे और शहर की सुंदरता में भी इजाफा करेंगे। मिस्टिंग फैन न केवल पर्यावरण के अनुकूल होंगे बल्कि ऊर्जा की खपत को भी कम करेंगे। इस सुविधा से अयोध्या में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को गर्मी से राहत मिलेगी और उनकी यात्रा अधिक सुखद रहेगी। अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और बढ़ती भीड़ और वाहनों की संख्या को देखते हुए फटिक शिला के पास नई पार्किंग सुविधा विकसित की जाएगी। इसके अलावा राम की पैड़ी को और आकर्षक बनाने के लिए वहां देश की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करने वाली वॉल पेंटिंग बनाई जाएगी, जो पंप कैनाल के पास की दीवारों पर उकेरी जाएगी। इसके अलावा विकास के अन्य कार्य भी कराए जाएंगे।

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य ने आंगनबाड़ी केन्द्र, वन स्टॉप सेन्टर

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम द्विवेदी के दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज द्वितीय दिन सदस्य द्वारा गोरा बाजार स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के समय आंगनबाड़ी केन्द्र पर कायाकल्प के सभी पैरामीटर्स पूर्ण पाए गए 3 से 6 वर्ष तक के 18 बच्चें उपस्थित मिले। मा0 सदस्य ने बच्चों से अक्षर ज्ञान व गिनती ज्ञान के सम्बन्ध में जानकारी ली। बच्चों द्वारा 2 अक्षर वाले शब्द जोड़कर पढ़कर सुनाए गये। तथा बच्चों से गिनती भी सुनी गयी। निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र पर संतोषजनक स्थिति मिली। तत्पश्चात सदस्य द्वारा महानन्दापुर स्थित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया, जहां पर सभी कार्मिक रोस्टर के अनुसार उपस्थित मिले तथा वहां पर केन्द्र प्रबन्धक से कार्यालय के समस्त अभिलेखों महिलाओं से संबंधित प्राप्त प्रकरणों का अवलोकन तथा महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की जानकारी ली गयी तथा केन्द्र प्रबंधक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके बाद सदस्य द्वारा विकास खण्ड सतांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जतुआ टप्पा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गयी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलती रहे इस पर विशेष ध्यान देते हुए सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाये। इसके पश्चात सदस्य द्वारा कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय सतांव रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई सामान्य पाई गयी और बालिकाओं का नामांकन शत-प्रतिशत रहा। महिला आयोग सदस्य द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विद्यालय में आवासीय बालिकाओं के शिक्षा-दीक्षा व स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये।

# ऊंचाहार में प्रभावित चल रही HDFC और UCO बैंक की ATM सेवा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




जिले के ऊंचाहार नगर पंचायत में संचालित एचडीएफसी बैंक और यूको बैंक की शाखाओं की एटीएम सेवाएं लंबे समय से बाधित चल रही हैं, जिससे आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। करीब 32 हजार की आबादी वाले इस नगर में एटीएम सेवा के बाधित रहने से खाताधारकों और अन्य उपभोक्ताओं को जन सुविधा केंद्रों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जहां अतिरिक्त सहायता शुल्क भी देना पड़ता है।

एचडीएफसी बैंक की शाखा नगर के मध्य ऊंचाहार चौराहे और पुलिस चौकी से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित है। यहां का एटीएम लंबे समय से रात्रि के समय बंद कर दिया जाता है, जिससे रात के समय पैसों की आवश्यकता पड़ने पर लोगों को परेशानी होती है।

वहीं नगर के दूसरे छोर पर अरखा फ्यूल स्टेशन के पास स्थित यूको बैंक की शाखा का एटीएम, जो पहले दिन-रात चालू रहता था, अब पिछले कुछ महीनों से दोनों समयों में बाधित है। एटीएम सेवा में रुकावट के कारण स्थानीय लोग खासकर आपातकालीन परिस्थितियों में परेशानी का सामना कर रहे हैं। इन दोनों बैंकों की एटीएम सेवाएं किन कारणों से प्रभावित हैं, इसको लेकर बैंक प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। नगरवासियों का कहना है कि रात के समय जब जन सुविधा केंद्र भी बंद हो जाते हैं, तब एटीएम ही एकमात्र सहारा होता है। ऐसे में बैंक प्रबंधन को सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करते हुए एटीएम सेवाएं बहाल करनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों और उपभोक्ताओं ने मांग की है कि बैंक अधिकारी इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान करें ताकि आमजन को सुगम और निर्बाध बैंकिंग सेवाएं मिल सकें।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने आशुतोष शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । बछरावां, रायबरेली**



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का त्रैवार्षिक अधिवेशन एवं निर्वाचन बुधवार को बछरावां में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में सर्वसम्मति से आशुतोष शुक्ल को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी एवं जिला मंत्री प्रतिमा सिंह की निगरानी में, चुनाव अधिकारी जयकरन, जिला मीडिया प्रभारी शाश्वत बाजपेयी, सह मीडिया प्रभारी शशि चौधरी तथा जिला मंत्री द्वारा किया गया। एक ही नामांकन होने के कारण आशुतोष शुक्ल को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया।

अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में कार्यवाहक अध्यक्ष पद पर अभिनव सिंह चौहान, महामंत्री पद पर लोकतंत्र शुक्ल और कोषाध्यक्ष पद पर राहुल वर्मा शामिल हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रशांत मोहन, महिला उपाध्यक्ष के रूप में जया मौर्य और उपाध्यक्ष के रूप में विभा सिंह, रमेश वर्मा, कृष्ण मोहन दुबे, राम प्रकाश तथा अंजू गुप्ता निर्वाचित हुए। मंत्री पद पर देवेंद्र पाल, अर्पित श्रीवास्तव, कंचन सिंह, मालती देवी और संगीता गौतम का निर्वाचन हुआ। संयुक्त मंत्री के रूप में दिव्या सिंह और सुनीता देवी, संगठन मंत्री के रूप में शैलेन्द्र कुमार वर्मा और सपना बाजपेई चुनी गईं। प्रचार मंत्री के पद पर वीरेंद्र प्रताप सिंह, आलोक सिंह, पीयूष सिंह, नीरजा कुरील, और धीरज कुमार का चयन हुआ। सह-कोषाध्यक्ष अमरीश कुमार, ऑडिटर नीरज कुमार और मीडिया प्रभारी के रूप में दीपक कुमार को नियुक्त किया गया।

सभी की सहमति से राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, राम रतन, शिखा शुक्ला और शशिलेश कुमार को संरक्षक पद की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजय कन्नौजिया और जिला संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में सहयोग का आश्वासन भी दिया।

अधिवेशन की शुरुआत प्रदेशीय संगठन मंत्री शिव शंकर सिंह द्वारा सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। अपने संबोधन में उन्होंने संगठन की भूमिका और इसकी देशव्यापी उपस्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ देश का सबसे बड़ा शैक्षिक संगठन है जिसमें 15 लाख से अधिक सदस्य हैं। यह संगठन शिक्षकों, छात्रों और समाज के हितों की चिंता करता है।

जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाएगा और संगठन उनके हितों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने का आग्रह किया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह शिक्षक स्वाभिमान, अधिकार-सुरक्षा और भविष्य-निर्माण का सशक्त अधिष्ठान है। उन्होंने सभी शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनका समर्थन उनके लिए ऋण है, जिसे वे सेवाभाव से चुकाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यवाहक अध्यक्ष अभिनव सिंह चौहान ने आशुतोष शुक्ल के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र को समस्या-विहीन बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने भ्रष्टाचार विरोधी संघर्ष को और गति देने की बात कही।

नवनिर्वाचित महामंत्री लोकतंत्र शुक्ल ने शिक्षकों के हितों की लड़ाई जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई और भरोसा जताने के लिए सभी का धन्यवाद किया।

इस अवसर पर जया मौर्य, विभा सिंह, रमेश वर्मा, कृष्ण मोहन दुबे, राम प्रकाश, अंजू गुप्ता, अर्पित श्रीवास्तव, प्रभुजीत कौर, देवेंद्र पाल, मालती देवी, सपना बाजपेई, संगीता गौतम, दिव्या सिंह, सुनीता देवी, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, वीरेंद्र प्रताप सिंह, आलोक सिंह, पीयूष सिंह, जेपी मौर्य, धीरज कुमार, मीनू जायसवाल, अमरीश, नीरज, मो. आरफीन, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, राम रतन, शशिलेश कुमार, नीतू सिंह, अलका अवस्थी, मीनू, शमा सिंह, स्मिता, प्राची, संगीता, दिव्या भटनागर, सीमा वर्मा, बीना शुक्ला, सरिता वर्मा, अर्चना मिश्रा, नंदिता, नीलम सिंह, रामायणी मिश्रा, विभा, दीपमाला, अर्चना यादव, मनीष श्रीवास्तव, अर्चना, अनीता वर्मा, माला उपाध्याय, चेतना, सुशीला, उपमा शुक्ला, ललिता बाजपेई, शालिनी सिन्हा, रेनू सिंह, अनीता, स्वेता मिश्रा, पुष्पा द्विवेदी, तसमीन, सुधा सिंह, सुधा यादव, नीतू वर्मा, कमलेश यादव, सुनीता, अलका सिंह, खुशबू जायसवाल, नरेंद्र कुमार, श्रद्धा गौड़, साधना, उषा सिंह, दुर्गेश त्रिवेदी, रेखा मिश्रा, सुनीता दीक्षित, रेखा वर्मा, प्रियंका प्रजापति, आराधना मिश्रा, स्वेता तिवारी, शिखा, रेनू वर्मा, ज्योति सिंह, शोभा मिश्रा, कविता गौतम, विनीता, अनामिका सिंह, रत्ना देवी, रवींद्र दिवाकर, राज कुमार, अमित त्रिवेदी, अजमल, अनीता सिंह, गायत्री दीक्षित, प्रतिमा, राखी श्रीवास्तव, ज्योति वर्मा, सारिका सिंह, रश्मि चौधरी, मंजू यादव समेत सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



**शिक्षक राकेश पाण्डेय के जुनून, दृढ़-इच्छाशक्ति...**

मन में कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है, बस्ती जिले के विकास क्षेत्र सल्टौवा के कंपोजिट विद्यालय नेवादा में... शेष पेज 10 पर...

# कलटरगंज अग्निकांड में व्यापारियों से मुलाक़ात करने पहुंचे सांसद रमेश अवस्थी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कलक्टरगंज अग्निकांड में बर्बाद हुए सैकड़ों व्यापारियों से मुलाकात करने कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरकर सड़क के रास्ते सीधा घटनास्थल पहुंचे जहां पहुंच कर उन्होंने भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता के साथ कलक्टरगंज बाजार पहुंचे जहां पहुंच कर पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात की और संपूर्ण घटनास्थल का निरीक्षण किया वहां भारी संख्या में मौजूद स्थानीय व्यापारियों ने सांसद रमेश अवस्थी को संपूर्ण घटनाक्रम से अवगत कराया, क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने कहा अक्सर देखा गया है कि किसी भी विभाग द्वारा इस तरह की दुर्घटना के कुछ समय बाद व्यापारियों का उत्पीड़न शुरू कर दिया जाता है इसलिए आपसे मांग है कि तत्काल सभी विभागों को निर्देशित करें कि वे किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न करें इसके अलावा व्यापारी नेता विनोद गुप्ता ने लिखित पत्र देते हुए सांसद रमेश अवस्थी से कहा कि घटना में जान गंवाने वाले मृतक को समुचित मुआवजा दिया जाए और घायलों एवं अन्य पीड़ित व्यापारियों को भी मुआवजा देने की घोषणा की जाए विनोद गुप्ता की बात सुनकर और मांग पत्र पढ़कर सांसद ने तत्काल घटनास्थल से ही डीएम कानपुर को फोन किया और निर्देशित करते हुए कहा कि मृतक को मुआवजा देने हेतु घोषणा करें जिस पर डीएम ने सासंद रमेश अवस्थी से कहा कि 4 लाख रु की चेक मृतक को दी जाएगी और घायलों के भी मुआवजे की जल्द घोषणा की जाएगी और घायलों का समुचित बेहतर इलाज भी शासन द्वारा कराया जाएगा, सांसद रमेश अवस्थी ने डीएम से व्यापारियों की मौजूदगी में फोन पर कहा कि किसी भी विभाग द्वारा किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए, सभी विभाग व्यापारियों के सहयोगी बनकर कार्य करें इसके अलावा विनोद गुप्ता ने कहा कि जो व्यापारी तबाह हुए हैं उनके लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से मुआवजा प्रदान किया जाए जिस पर सांसद रमेश अवस्थी ने सभी व्यापारियों को आश्वस्त किया कि शासन स्तर से हर संभव मदद दिलाई जाएगी, सांसद रमेश अवस्थी ने घटनास्थल पर व्यापारियों के समक्ष घोषणा करते हुए कहा कि नगर निगम, केस्को, फायर विभाग, पुलिस विभाग, जीएसटी, खाद्य विभाग इन सभी महत्वपूर्ण विभागों की एक बड़ी बैठक डीएम की मौजूदगी में बुलायेंगे जिसमें पीड़ित व्यापारियों के सामने सभी प्रकार के सहयोग हेतु इन सभी विभागों को निर्देशित किया जाएगा और वहीं सभी विभागों को यह निर्देश भी देंगे कि किसी व्यापारी का उत्पीड़न न हो इस प्रकार की एक संयुक्त बैठक भी सांसद रमेश अवस्थी के नेतृत्व में जल्द बुलाई जाएगी इस प्रकार की घोषणा भी सांसद रमेश अवस्थी द्वारा घटनास्थल से की गई।

इसके अलावा सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि घटनास्थल से ही विनोद गुप्ता द्वारा मुझे फोन पर संपूर्ण जानकारी दी गई जिसके तुरंत बाद सांसद रमेश अवस्थी ने जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य हेतु निर्देश दिए और लगातार संपूर्ण घटनाक्रम पर अपनी नजर बनाए रखी जब तक स्थिति नियंत्रित नहीं हुई।

कलक्टरगंज से निकलकर सांसद रमेश अवस्थी, क्षेत्रीय संयोजक बीजेपी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र व्यापार प्रकोष्ठ विनोद गुप्ता के साथ सीधा दवाई मार्केट बिरहाना रोड पहुंचे जहां उन्होंने परसो लगी आग के पीड़ितों से मुलाकात की और बाजार का भौतिक निरीक्षण किया जहां स्थानीय व्यापारियों ने तार के मकड़जाल की शिकायत की विनोद गुप्ता ने भी सांसद को अवगत कराया कि तारों के इन्हीं मकड़जालों के कारण आग लगती है और ये तार के मकड़जाल बड़े हादसों को आमंत्रित करते है केस्को एमडी की बैठक में कई बात कहा भी गया लेकिन उनके द्वारा इस ओर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा जिस पर सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि वे केस्को

एमडी से बात करके घनी आबादी के इस प्रमुख बाजार और अन्य घनी आबादी के बाजारों में तारों के अंडरग्राउंड कनेक्शन बिछाने हेतु निर्देशित करेंगे जिससे घनी आबादी के ये बाजार पूर्ण रूप से सुरक्षित रहेंगे।

प्रमुख रूप से उपस्थित - नौघड़ा कपड़ा कमेटी अध्यक्ष शेष नारायण त्रिवेदी, रोशन लाल अरोड़ा, विजय गुप्ता मार्बल, ईश्वर वर्मा, संजय त्रिवेदी, अमित दोसर, पवन दुबे, शीबू गुप्ता, संजय राठौर, श्याम अग्रहरि, रुद्र गुप्ता, विक्रांत राठौर, सक्षम गुप्ता, दिनेश गुप्ता, अजय जायसवाल, शिव कुमार गुप्ता, धर्मेश सिंह, किशन गुप्ता, श्याम रुइया, विशाल दुबे, दीपक खन्ना, राज ठाकुर आदि।

# परियर क्षेत्र में मंदिर में बने शिवलिंग को तोड़ने वाले विक्षिप्त युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

परियर। सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र में चर्चा का विषय बना मंदिर के शिवलिंगों को तोड़ना परियर क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार मंदिरो को टारगेट करके चोरी से रात में 5 शिवलिंग तोडे जा चुके है।सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के बरहली, नयाखेड़ा, परियर गांव में परियर भदेवना रास्ते पर स्थित रामौतार गौतम पुत्र झब्बू का पारिवारिक मंदिर में मंगलवार की बीती रात में किसी ने शिवलिंग तोड़ दिया।फिर मंगलवार को साम को जब ग्रामीणों ने अपने अपने क्षेत्रमें बने मंदिरो को चेक करना शुरू किया तो परियर चकलवंशी रोड पर बने हनुमान मंदिर में शिवलिंग टुटा मिला उसके बाद परियर बिठूर रोड पर बने



शिव मंदिर में शिवलिंग तोड़े जाने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी सफीपुर मधुप नाथ मिश्रा कोतवाली प्रभारी एस एन तिवारी परियर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार राजपूत आदि ने पांच टीमें उक्त पांच मंदिरों के शिवलिंग तोडने वाले व्यक्ति को खोजने का प्रयास तुरंत करना शुरू किया। जिसमें सुब्बाखेडा से सैदापुर सड़क पर दोषी को मय हथोड़े सहित परियर चौकी की टीम ने पकडा। परियर क्षेत्र में तीन दिन में पांच मंदिरों के शिवलिंग को हथोड़े से तोडकर क्षतिग्रस्त कर देने वाले विक्षिप्त युवक प्रेम सागर पुत्र बुद्धीलाल निवासी सुब्बाखेडा को मय हथोड़े सहित पुलिस को पकडने में सफलता मिली। क्षेत्राधिकारी सफीपुर मधुप नाथ मिश्रा ने बताया दोषी को गिरफ्तार कर लिया गया है।अब उस पर मेडिकल चेकअप के बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

# 3 दिन से बिजली को तरस रहे लोगों का हंगामा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कल्याणपुर इलाके में 3 दिन से बत्ती ना आने के कारण त्राहिमाम के स्थिति बन गई है वहां के इलाकाई लोगों ने कानपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी के साथ बुधवार देर रात बारा सिरोही केस्को सब स्टेशन का घेराव कर दिया। इस दौरान एक पुलिसकर्मी ने तीखी नोंक झोंक हुई। आश्वासन मिलने पर लोग वहां से चले गए मगर बत्ती ना आने पर फिर गुरुवार की सुबह केस्को सब स्टेशन पहुंच गए एक्सईएन का घेराव कर दिया। व्यापारी नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगरबत्ती नहीं आती है तो वह लगातार कैसा सब स्टेशन के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे।

कल्याणपुर युवा अध्यक्ष व्यापार मंडल श्याम बिहारी मिश्रा गुड के अध्यक्ष राजेश चंदेल ने बताया कि बीते तीन दिनों से कल्याणपुर के बारा सिरोही, मिर्जापुर कल्याणपुर कल लव कुश पुरम गोवा गार्डन और पनकी रोड पर बिजली की अत्यधिक समस्या है लाइट ना आने का कारण इन इलाकों में रहने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने के लेकर बुधवार देर रात लगभग 1¬30 बजे व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश चंदेल के नेतृत्व में इलाके के लोग बारा सिरोही कैसा सब स्टेशन पहुंच गए वहां पर कर्मचारियों ने पुलिस बुला ली। जो दरोगा मौके पर पहुंचे उनसे व्यापारी नेताओं और लोगों के साथ तीखी झड़प हो गई इस दौरान लोगों ने दारोगा और कैसे को गर्मी से कहा कि यार कुछ घंटे की बात हो तो किसी तरह मैनेज कर लिया जाए मगर 3 दिन बिजली नहीं दोगे क्या।

कैसा के कर्मचारियों ने आश्वासन दिया कि कुछ घंटे में बिजली आ जाएगी इस पर लोग शांत हुए और घरों में लौट गए।

इस मौके पर कल्याणपुर युवा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेश चंदेल, अनुज राजावत, देवेश सेंगर, गौरव प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

## सीएसजेएमयू ने इस्तांबुल विवि के साथ खत्म किया एमओयू



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शैक्षणिक गुणवत्ता जरूरी, लेकिन राष्ट्र सर्वोपरि। राष्ट्र से ऊपर कुछ नहीं। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) ने तुर्किये के इस्तांबुल विश्वविद्यालय के साथ अपना शैक्षणिक एमओयू रद्द कर दिया है। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने इस्तांबुल विश्वविद्यालय के रेक्टर को तत्काल समझौता समाप्त करने का पत्र लिखा है। ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान का सहयोग कर ड्रोन उपलब्ध कराए। जिसकी मदद से भारत पर हमले की नाकाम कोशिश की गई। जिसके बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। विवि के छात्र दुनिया भर में अपना परचम लहरा सकें, इसके लिए विवि दुनिया के टॉप शिक्षण संस्थानों के साथ समझौता कर रहा है।

# वाजिदपुर में टेनरी में लगी भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में जाजमऊ थाना क्षेत्र के वाजिदपुर में परवीन लेदर टेनरी में गुरुवार दोपहर 11 बजे आग लग गई। टेनरी में काम करने वाले कर्मचारियों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया।

डिफेंस कॉलोनी निवासी काशिफ लारी की वाजिदपुर संजय नगर में लारी टैनर्स एक्सपोर्ट्स नाम से टेनरी है। इसमें चमड़े का काम पहले होता है, जबकि नीचे बेल्ट का काम होता है। गुरुवार दोपहर 11 बजे कर्मचारी स्प्रे डिपार्टमेंट में लोहे में वेल्डिंग कर रहे थे।

हादसे में लगभग एक लाख का नुकसान

इसी दौरान अचानक से शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से लोहा और चमड़ा जलने लगा। काम कर रहे एक दर्जन कर्मचारी बाहर निकल आए। सूचना पर पुलिस व दमकल विभाग मौके पर पहुंची। दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग से करीब एक लाख का नुकसान बताया जा रहा है।

# बिठूर में नाबालिक को पीट कर किया मरणासन्न



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिठूर में मवेशी चराने के दौरान एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की नाबालिक बच्चे से कहा सुनी हो गई। इसके बाद अंधेड ने नाबालिक को डंडे से इस कदर पीटा की पूरा शरीर काला पड़ गया। आंख पर चोट आ गई। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

बिठूर कटरी के भारत पुरवा निवासी 11 साल का बच्चा अंशु गुरुवार दोपहर को मवेशी चराने के लिए निकला था वहां पर ईश्वरीगंज निवासी टीकाराम भी मवेशी चरा रहे थे इस दौरान किसी बात को लेकर टीकाराम ने अंशु को फटकार लगाई इसका अंशु ने जवाब दिया तो टीकाराम ने उसे डंडे से इस कदर पीटा की पूरा शरीर काला पड़ गया मारपीट के दौरान आंख में भी गंभीर चोट आ गई।चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो टीकाराम मौके से भाग निकला सूचना पर बच्चों के पिता कई दिन समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे इसके बाद बच्चे को कल्याणपुर के एक निजी अस्पताल में एडमिट कराया सूचना पर बिठूर थाने के पुलिस पहले मौके पर पहुंची इसके बाद जहां पर बच्चे इलाज चल रहा है वहां जाकर बच्चों का बयान दर्ज किया। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे ने बताया कि बच्चे से मारपीट करने के आरोपी टीकाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम छापेमारी कर रही है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## जंगल में लटकता मिला अज्ञात महिला का शव, शरीर पर नहीं थी साड़ी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में गुरुवार की सुबह महाराजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले टिकरा गोपेश्वर मंदिर के पास जंगल से एक अज्ञात महिला का शव पेड़ से लटकता मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को नीचे उतारा गया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। मृतक महिला ने ब्लाउज और पेटीकोट पहन रखा है। उसके शरीर से साड़ी नहीं मिली है। मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## मोटरसाइकिल और अज्ञात वाहन की जबरदस्त टक्कर में हलवाई की दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपुरा चौकी अंतर्गत उत्तरीपूरा रेलवे फाटक और अंडरपास के समीप मोटरसाइकिल और अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार की दर्दनाक मौत हो गई। घिमऊ गांव निवासी चंद्रभान पुत्र मुन्ना लाल 47 वर्षीय अपने परिवार की जीविका चलाने के लिए हलवाई दुकानदार चलाकर परिवार की जीविका चलाते थे मृतक चंद्रभान अपनी मोटरसाइकिल से कानपुर शहर जा रहे थे तभी उत्तरीपुरा क्रासिंग हाईवे अंडरपास पर मोटरसाइकिल में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गए सूचना मिलने पर उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज शुभम् पांडेय ने हाइवे मोबाइल एम्बुलेंस की मदद से बिल्हौर सीएचसी भेजा जहां पर जांचोपरांत



डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया वहीं परिजनों को सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच पत्नी रेखा पुत्र अमित जतिन अर्पित पारस का रो रो कर गश खाकर बार बार बेहोश हो रहे थे पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचायत नामा भर कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया जल्दबाजी के चक्कर में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन से मोटरसाइकिल टकराने से हादसा हुआ है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की तलाश की जा रही है।

# चिड़ियाघर में शेर पटौदी की मौत, दो दिन से नहीं खा रहा था खाना

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



गोरखपुर से कानपुर चिड़ियाघर लाए गए शेर पटौदी की मौत हो गई है, जिसकी कई दिनों से हालत गंभीर बनी हुई थी। उसने दो दिन से खाना नहीं खाया था, सिर्फ पानी पी रहा था। वन्यजीव चिकित्सक ड्रिप के माध्यम से उसको दवा पिला रहे थे।

### बर्ड फ्लू संक्रमण होने की आशंका

चिड़ियाघर को लगातार सैनेटाइज किया जा रहा है। गोरखपुर के चिड़ियाघर में मृतक बाघिन (शक्ति) में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद शेर पटौदी की दवाओं की डोज बढ़ा दी गई थी। हालांकि, बरेली लैब के डॉक्टरों ने शेर में भी संक्रमण होने की आशंका जताई थी। डॉ. नासिर की अगुवाई में चार लोग शेर का इलाज कर रहे थे।

### अन्य वन्यजीवों के व्यवहार व स्वास्थ्य की निगरानी

रविवार को जब बब्बर शेर चिड़ियाघर लाया गया था, तब उसने एक किलो चिकन खाया था। मंगलवार से उसने खाना बिलकुल बंद कर दिया है।

रेंजर नावेद इकराम ने बताया कि अन्य

वन्यजीवों के व्यवहार व स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। सभी स्वस्थ है।

बिना पीपीई किट पहने वन्यजीवों के बाड़ों में प्रवेश न करने के निर्देश हैं।

# हेयर ट्रांसप्लांट कांड: 40 से 50 हजार का पैकेज... पांच घंटे सर्जरी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर के केशवनगर की इंपायर क्लीनिक से हेयर ट्रांसप्लांट कराने पर पनकी पावर हाउस के सहायक अभियंता की मौत के बाद एक और इंजीनियर की मौत हो गई है। इंजीनियर ने भी इंपायर क्लीनिक से इलाज कराया था। फर्रुखाबाद के इंजीनियर की मौत के बाद डॉक्टर को लेकर कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है।

फिलहाल पुलिस आरोपी डॉक्टर की तलाश में दबिश दे रही है। अभी तक हाथ नहीं आ सकी है। उसके क्लीनिक पर लगा बोर्ड और नेम प्लेट भी गायब हो गई है। इंजीनियर की मां और छोटे भाई ने पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाई थी, जिस पर उन्होंने रावतपुर पुलिस को मामले की जांच सौंपी है।

आरोपी डॉक्टर अनुष्का तिवारी खुद को हेयर ट्रांसप्लांट की विशेषज्ञ बताती थी। साथ ही कम कीमत में बाल उगाने का दावा भी करती थी, अन्य क्लीनिकों में बाल उगाने की सर्जरी लाखों रुपये में होती है, लेकिन डॉक्टर अनुष्का यह काम सिर्फ 40 से 50 हजार रुपये में करती थी। जान गंवाने वाले इंजीनियर मयंक कटियार और विनीत दुबे के परिजनों ने यह दावा किया है।

सर्जरी में करीब पांच घंटे का समय लगता था। सर्जरी के बाद मरीज को घर भेज दिया जाता था। दरअसल, फतेहगढ़ निवासी प्रमोदनी कटियार ने बताया कि बेटा मयंक कटियार (32) प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) से बीटेक करने के बाद निजी कंपनी में नौकरी कर रहा था। वह अपना व्यवसाय कानपुर में ही सेटअप करने की तैयारी में था।

पिछले साल 18 नवंबर को मयंक हेयर ट्रांसप्लांट कराने के लिए केशवपुरम स्थित इंपायर क्लीनिक की डॉ. अनुष्का तिवारी के पास गया था। उसे सुबह करीब आठ बजे बुलाया था। डॉ. अनुष्का ने उसे दो बजे अपनी क्लीनिक से छोड़ा।

### हेयर ट्रांसप्लांट के बाद घर भेजा

हेयर ट्रांसप्लांट के बाद छोटा बेटा कुशाग्र शाम पांच बजे मयंक को फतेहगढ़ स्थित पैतृक घर लेकर आया। रात करीब 12 बजे उसके सिर में तेज दर्द हुआ। डॉ. अनुष्का से बात की तो उन्होंने इंजेक्शन लगवाने की बात कही।

इंजेक्शन लगवाने के बाद भी उसका दर्द ठीक नहीं हुआ। इस पर उन्होंने पट्टी ढीली करने के लिए कहा। वह सारी रात दर्द से कराहता रहा। अगले दिन डॉ. अनुष्का से दोबारा संपर्क किया तो उन्होंने जल्द ही दर्द से निजात मिलने का आश्वासन दिया।

इस बीच मयंक के चेहरे पर सूजन आ गई और सीने में तेज दर्द उठा। उसे आनन फानन हृदयरोग विशेषज्ञ के पास ले गए, लेकिन डॉक्टर ने दिल से संबंधित किसी भी तरह की कोई दिक्कत न होने की जानकारी दी। उन्होंने डॉ. अनुष्का से मिलने का सुझाव दिया। परेशानियों के बीच 19 नवंबर को उसकी मौत हो गई। करीब छह महीने से इंजीनियर के परिजन थाने से लेकर उच्चाधिकारियों के यहां चक्कर काटते रहे, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।

मंगलवार को मयंक की मां ने पुलिस कमिश्नर से मिलकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। रावतपुर थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि डॉक्टर की तलाश में दबी दी जा रही है, लेकिन वह यहां से लापता है।

### दो कमरों में चलता है क्लिनिक

केशवपुरम के चार मंजिला कॉम्प्लेक्स के भूतल पर इंपायर क्लीनिक है। यहीं बाहर उनका बोर्ड लगा हुआ था। इस पर डेंटल, हेयर और एस्थेटिक्स लिखा था। पनकी निवासी सहायक अभियंता विनीत दुबे की मौत के बाद से यहां ताला लगा हुआ है। बोर्ड भी हटा दिया गया है।

कॉम्प्लेक्स की सुरक्षा में तैनात गार्ड ने बताया कि कुछ दिन से डॉक्टर नहीं आ रही हैं। क्लीनिक पर ताला लटका हुआ है। इसी क्लीनिक पर डॉ. अनुष्का के पति भी बैठते थे। वह दांतों के डॉक्टर बताए जा रहे हैं।

# युवक-युवती ने फंदा लगाकर दी जान, रिश्ते में लगते थे पारिवारिक भाई-बहन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



कानपुर में नरवल थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीपापुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में रिश्ते में पारिवारिक बहन-भाई ने अपने-अपने घर पर फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार, दीपापुर गांव के रहने वाले विनय यादव की पुत्री पूर्णिमा (18) इंटर की छात्रा है।

पड़ोस में ही रहने वाले अजय का पुत्र विपिन (20) इंटर की परीक्षा पास करके अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। बुधवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में विपिन ने अपने घर पर रस्सी के सहारे फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली।

### विपिन की बहन का इंतजार

उसी के चंद घंटे बाद ही पारिवारिक चाचा की बेटी पूर्णिमा ने भी घर पर फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक विपिन की बहन दिल्ली पुलिस में है। उसका इंतजार किया जा रहा है। फिलहाल दोनों परिवारों के परिजनों ने अभी तक पुलिस को सूचना नहीं दी है।


- परियर क्षेत्र में मंदिर में बने शिवलिंग को तोड़ने वाले विक्षिप्त युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार


# आईआईटी के पूर्व छात्र यूपीएससी के नए अध्यक्ष

- आईआईटी कानपुर से ही इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बीटेक किया।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और वर्तमान में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में कार्य कर रहे डॉ.अजय कुमार को यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) का नया चेयरमैन बनाया गया है। मूलरूप से हरियाणा के रहने वाले डॉ. अजय की शिक्षा कानपुर में हुई है। 1985 आईएएस बैच के डॉ. अजय देश के रक्षा सचिव के पद पर रहे हैं। डॉ. अजय के पिता रेलवे में इंजीनियर थे, इस कारण उनका पूरा बचपन कानपुर में ही बीता। रेलवे कॉलोनी में रहने वाले डॉ. अजय की शुरुआती पढ़ाई सेंट एलायसिस स्कूल से हुई। उन्होंने इंटरमीडिएट की पढ़ाई बीएनएसडी इंटर कॉलेज से पूरी की। आईआईटी कानपुर से ही इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से बीटेक किया। इसके बाद कार्लसन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, मिनेसोटा विश्वविद्यालय से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी किया। उन्होंने आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमीकरण को लागू कराया। वर्तमान में आईआईटी में डॉ. अजय कुमार ने दो नए पाठ्यक्रम आर्थिक विकास व भू-राजनीति और नवाचार प्रणाली और नीति शुरू कराया है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय


## पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात?

**इसी प्रकार ब्लूचिस्तान की भूमिका के बारे में सब जानते हैं। बीएलए के सैनिकों ने पाकिस्तान की सेना पर कई बार आक्रमण करके यह जता दिया है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही जंग के बीच ब्लूचिस्तान ने भी पाकिस्तान की सेना को निशाना बना कर कई आक्रमण किए। इससे पूर्व ब्लूचिस्तान के लड़ाकों ने जफर एक्सप्रेस को हाई जैक करके पाकिस्तान की सरकार के समक्ष चुनौती पूर्ण हालात पैदा कर दिए थे। ब्लूचिस्तान लम्बे समय से पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहा है।**

*पहलगांव में घटित आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से एक बार फिर से पाकिस्तान हताश और निराश दिखाई दिया। इसी हताशा के चलते पाकिस्तान ने अमेरिका के समक्ष मिन्नत करके भारत की जबरदस्त कार्रवाई को युद्ध विराम में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इससे पाकिस्तान पर मंडरा रहे संकट का पूरा समाधान नहीं निकल सका है। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। आतंक और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती। इसका आशय स्पष्ट है कि भारत किसी के दबाव में नहीं है। आतंक को समाप्त करने के लिए उसका अभियान जारी रहेगा। हालांकि अब युद्ध विराम हो गया है, लेकिन चारों तरफ से बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के सामने अब नई चुनौती पैदा हो गई है। यह नई चुनौती भारत ने नहीं, बल्कि उनके अपनों ने ही पैदा की है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार को राजनीतिक विरोधियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता भी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से नाखुश है। आम जनता अपनी ही सरकार और सेना पर कई प्रकार के सवाल खड़े करने लगी है। कहा जाता है कि जब धुआं उठा है तो आग भी अपना रूप दिखा सकती है। वैसे पाकिस्तान के बारे में यह सत्य है कि उसने अपने ही देश में बारूद के ढेर स्थापित कर दिए हैं। यह बारूद के ढेर आतंकी सरगनाओं द्वारा चल रहे प्रशिक्षण शिविर हैं। जहां आतंकी पैदा किए जाते हैं। आज जहां पूरे विश्व में आतंक के विरोध में वातावरण है, वहीं पाकिस्तान आतंकियों को पालने और पोषने वाले देश के रूप में पहचान बना चुका है। यह कई बार प्रमाणित भी हो चुका है। आज भी पाकिस्तान के अंदर अंतरराष्ट्रीय आतंकी तौर पर घोषित आतंकी छुप कर बैठे हैं। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिस तरह से आतंकी शिविरों पर आक्रमण किया, उससे एक बार फिर यह सिद्ध हो चुका है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पैदा करने के उद्योग चल रहे हैं। पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्रवाई करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है। जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के अंदर राजनीतिक विद्वेष इतना है कि जो भी राजनीतिक दल सत्ता में आता है, वह अपने पूर्ववर्ती सत्ता प्रमुख को ठिकाने लगाने को ही अपना प्रमुख कार्य मानता है। अभी शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, उन्होंने अपने से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर कई आरोप लगाकर जेल भेजने का काम किया। पाकिस्तान में ऐसा पहली बार नहीं हुआ। ऐसा पहले भी हो चुका है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की नियति बन चुका है। जिसके कारण पाकिस्तान के राजनीतिक दलों में बहुत गंभीर मतभेद हैं। आज पाकिस्तान में भले ही पाकिस्तान मुस्लिम लीग के नेता शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हैं, लेकिन पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो भी सरकार में शामिल हैं। कभी एक दूसरे के धुर विरोधी रहे यह दोनों दल बेमेल गठबंधन करके पाकिस्तान में सरकार चला रहे हैं। ऐसा इसलिए किया गया, क्योंकि इन दोनों दलों का एक ही उद्देश्य था, इमरान खान को सत्ता में आने से रोकना।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पाकिस्तान के संविधान में इसे इस्लामिक गणराज्य कहा गया। पाकिस्तान की अलग से कोई स्वतंत्र तहजीब नहीं है। न संस्कृति है, न सभ्यता है। इसलिए पाकिस्तान के राष्ट्र होने का सवाल ही नहीं होता। केवल सरकार बना लेने से राष्ट्र नहीं बनते। पाकिस्तान वास्तविक स्वाभाविक राष्ट्र नहीं है। इसीलिए पाकिस्तान के जन्म के समय से ही रक्तपात जारी है। जन्म के दो-तीन महीने के भीतर ही उसने कबायली हमला बोला। भारत की सेना से पराजित हुआ। 1965 में फिर युद्ध हुआ। वह फिर पराजित हुआ। 1971 में भारत से युद्ध हुआ। आमने-सामने के युद्ध में 93000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। पूर्वी पाकिस्तान के नाम से अभिज्ञात हिस्सा बांण्लादेश बन गया।**



हृदयनारायण दीक्षित

## अप्राकृतिक देश है पाकिस्तान

**बलोचिस्तान के लोग अपनी आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं। पाकिस्तान की नियति यही है। वह जन्म के समय से ही खण्ड-खण्ड होने के लिए अभिशप्त है। पाकिस्तान के गर्भ में विघटन के जीवाणु कुलबुलाया करते हैं। ऐसा घटित होना सही भी है। इस्लामी विद्वान दुर्रानी ने पाकिस्तान के जन्म के समय अपनी प्रतिक्रिया में कहा था, पाकिस्तान एक सैनिक छावनी होगा और यहीं से हम भारत का इस्लामीकरण करेंगे।**



भारत और पाकिस्तान के मध्य यह पांचवा युद्ध है। इसके अलावा पाकिस्तान द्वारा समय-समय पर भेजे गए आतंकवादियों द्वारा की गई सैकड़ों हत्याएं भी इसी तरह के युद्ध का हिस्सा रही हैं। पाकिस्तान ने कोई विकल्प नहीं छोड़ा, तो भी भारत ने पहले दिन केवल आतंकवादी शिविरों पर ही हमला किया। पाकिस्तान की सेना या जनता पर नहीं, लेकिन पाकिस्तान ने धुआंधार युद्ध की कार्रवाई की। इन पंक्तियों के लिखे जाने के समय तक भारत की तरफ से पाकिस्तान के 13 से ज्यादा शहरों पर जवाबी कार्रवाई की गई। पूरा राष्ट्र भारतीय नेतृत्व और सेना की कार्रवाई के समर्थन में मन, वचन, कर्म और संकल्प के साथ एकजुट है। दुनिया का कोई भी देश इस युद्ध में पाकिस्तान के पक्ष में नहीं बोला। भारत की प्रारम्भिक कार्रवाई का समर्थन भी कई देशों द्वारा किया गया है। पाकिस्तान वस्तुतः स्वाभाविक मुल्क/राष्ट्र नहीं है। इसका जन्म मुस्लिम लीग द्वारा 'डायरेक्ट एक्शन' नाम से कराए गए नरसंहार और रक्तपात के बीच हुआ था। देश विभाजन की त्रासदी जिन्हें याद है, वे आज भी कांप उठते हैं। किसी राष्ट्र के गठन के लिए एक सुनिश्चित भूमि अनिवार्य होती है। उसी भूमि पर संकल्पबद्ध रहने वाले लोग जन्मभूमि को प्यार करते हैं। इन अभिजनों की साझा संस्कृति होती है। भूमि, जन और संस्कृति तीनों मिलकर राष्ट्र बनते हैं। भारत ऐसा ही प्राचीन राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति विश्ववरेण्य है। भारत के लोग भारत भूमि को प्यार करते हैं। उसे मां जानते हैं। पृथ्वी को मां कहने की यह अनुभूति हजारों वर्ष पहले अथर्ववेद के भूमि सूक्त में गायी गई है। इस सूक्त के कवि अथर्वा कहते हैं, यह पृथ्वी हमारी माता है और हम इसके पुत्र। इस पृथ्वी पर उत्सव होते हैं। सम्मिलन होते हैं। गांव परस्पर मिलते हैं। अनेक तरह की भाषा बोली बोलने वाले लोग और अनेक तरह के रीति नीति से सम्बद्ध लोग पृथ्वी माता का संरक्षण पाते हैं। कहते हैं, हे माता, हम आप पर लेटते हैं, बैठते हैं। हमारे किसी पैर हाथ से आपको चोट न पहुंचे। यहां भाव प्रवणता का चरम है। अथर्वा कहते हैं, उत्सवों के आयोजनों के लिए, हे माता, हम आपको खोदते हैं। बांस की लकड़ी आदि गाड़ते हैं। माता आपको कष्ट हो, तो क्षमा करें। अमेरिकी विद्वान ब्लूमफील्ड ने इस सूक्त के अनुवाद में कहा है, ऋषि अथर्वा ने उत्कृष्ट काव्य की रचना की है। हजारों वर्ष पहले अथर्वा केवल बांस गाड़ने के लिए खोदी गई धरती से क्षमा याचना करते हैं। तमाम नदियों की घाटियों में और समतल जमीन वाले मैदानों में भी पुलिस और खनन माफियाओं के चलते तमाम जमीनें खोदी जाती हैं। प्राचीन भारतीय संस्कृति में पृथ्वी माता रही हैं और हैं। अथर्ववेद से चली यह परंपरा बंकिम चन्द्र के उपन्यास आनंद मठ में वन्दे मातरम कविता में विस्तार पाती है। बंटवारे के समय भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए लोग संस्कृति छोड़ गए। उन्होंने मजहब के आधार पर देश को बांट दिया। पाकिस्तानी भूमि 1947 में भारत से अलग हुई। इसी भूमि में वैदिक काल के ऋषियों की नदीतमा सरस्वती प्रवाहमान रही है। इसी के तट पर तमाम वैदिक साहित्य गाया गया गया। सिन्धु नदी भी ऋग्वेद के ऋषियों की प्रिय नदी है। इसी के नाम पर प्राचीन भारतीय संस्कृति को सिन्धु घाटी सच्यता भी कहते हैं। वैदिक काल में हिमालय से निकली सिन्धु, झेलम, सतलज, रवि, व्यास आदि सात नदियां वैदिक ऋषियों की प्रिय रही हैं। ऋग्वैदिक ऋषियों ने इन्द्रदेव को धन्यवाद दिया है कि वह सात नदियों के क्षेत्र में जल वर्षा करते हैं। पुलास्कर ने लिखा है, सात नदियों के इस क्षेत्र को देश कहना ज्यादा ठीक होगा। ऐसे प्राचीन राष्ट्र को तोड़कर केवल मजहब आधारित अप्राकृतिक देश बनाया गया है पाकिस्तान। पाकिस्तान भारत से अलग हो गया।

**राष्ट्र की उम्र होती है। भारत हजारों वर्ष पुराना राष्ट्र है और पाकिस्तान सैनिक छावनी है। अब तो संघर्ष रुक गया है और यह दोबारा शुरू हुआ तो तय मानिए भारत की ओर से यह युद्ध निर्णायक होगा। पूरा भारत जानता है कि विजय भारत की ही होगी।**

कट्टरपंथी तत्वों ने भारतीय संस्कृति का विरोध किया। उन्होंने देश गठन का आधार केवल मजहब माना और मजहब आधारित देश बनाया। अब पाकिस्तानी सेना के प्रमुख पाकिस्तान के गठन का औचित्य समझा रहे हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तानी आतंकवाद के साक्ष्य के रूप में पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल मुनीर के ताजा बयान को उद्धृत किया है। जनरल मुनीर ने हिन्दुओं का जिक्र करते हुए कहा, हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम जीवन के हर संभव क्षेत्र में हिन्दुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति अलग हैं और हमारी सोच अलग है। हमारी महत्वकांक्षाएं अलग हैं। यह दो राष्ट्र के सिद्धांत की नींव थी। जनरल मुनीर जानबूझकर शरारत कर रहे हैं। बेशक आपकी सोच अलग है, लेकिन पूर्वज साझे हैं। फिर पाकिस्तान को स्वतंत्र राष्ट्र होने से किसने रोका है। देश तो आप उसी दिन हो गए थे जिस दिन ब्रिटिश पार्लियामेंट ने कानून बनाकर आजादी देने की घोषणा की। विभाजन का प्रस्ताव उसमें शामिल था। दोनों देशों ने अलग-अलग जीवन यात्रा की। संप्रति भारत में सभी मत, पंथ, मजहब फल-फूल रहे हैं। यहां अल्पसंख्यक समुदाय तमाम विशेषाधिकार का आनंद उठा रहे हैं, लेकिन आपके यहां पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिन्दू असुरक्षित हैं। उनके उपासना स्थल मंदिर गिराए जा रहे हैं। सेना चुनी हुई सरकारों को काबू में रखती है। काबू न कर पाने पर गिरा देती है। राजनीतिक बयानबाजी का काम निर्वाचित सरकारों को करना चाहिए था, लेकिन आप चुनी हुई सरकारों का काम खुद कर रहे हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि सेना के नेतृत्व में आतंकवादी यूनिवर्सिटी चल रही है। पाकिस्तान के संविधान में इसे इस्लामिक गणराज्य कहा गया। पाकिस्तान की अलग से कोई स्वतंत्र तहजीब नहीं है। न संस्कृति है, न सच्यता है। इसलिए पाकिस्तान के राष्ट्र होने का सवाल ही नहीं होता। केवल सरकार बना लेने से राष्ट्र नहीं बनते। पाकिस्तान वास्तविक स्वाभाविक राष्ट्र नहीं है। इसीलिए पाकिस्तान के जन्म के समय से ही रक्तपात जारी है। जन्म के दो-तीन महीने के भीतर ही उसने कबायली हमला बोला। भारत की सेना से पराजित हुआ। 1965 में फिर युद्ध हुआ। वह फिर पराजित हुआ। 1971 में भारत से युद्ध हुआ। आमने-सामने के युद्ध में 93000 सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया। पूर्वी पाकिस्तान के नाम से अभिज्ञात हिस्सा बांग्लादेश बन गया। बलोचिस्तान के लोग अपनी आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं। पाकिस्तान की नियति यही है। वह जन्म के समय से ही खण्ड-खण्ड होने के लिए अभिशप्त है। पाकिस्तान के गर्भ में विघटन के जीवाणु कुलबुलाया करते हैं। ऐसा घटित होना सही भी है। इस्लामी विद्वान दुर्रानी ने पाकिस्तान के जन्म के समय अपनी प्रतिक्रिया में कहा था, पाकिस्तान एक सैनिक छावनी होगा और यहीं से हम भारत का इस्लामीकरण करेंगे। उनकी आधी बात सच निकली। पाकिस्तान की सेना सरकार चलाती है। सेना को मौलवी/उलेमा चलाते हैं। पाकिस्तान वाकई सैनिक छावनी बन गया। इसीलिए वह प्रशिक्षित आतंकी भेजता रहा है।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्थी 29:14 तक |
| नक्षत्रः | मूल 15:57 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सिद्ध, 07:06 |
| सूर्योदयः | 05:38 |
| सूर्यास्तः | 18:42 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 10:32-12:10 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:36 |

## जन एक्सप्रेस

### ना करो अपमान !

*बेटियां जो फौज में।*
*ना करो अपमान।।*
*बोल कर विवादित।*
*ना बनो महान।।*
*सख्त कार्रवाई की।*
*है अब तो दरकार।।*
*करें इनके आका इन पर।*
*तगड़ा कुछ प्रहार।।*
*ना हो ऐसी गलती।*
*त्वरित कुछ उपाय।।*
*इस दौर में ऐसों का।*
*ना कोई सहाय।।*
*बेवजह ये टिप्पणी से।*
*ना मिलता कुछ फल।।*
*नाम खराब हो जाता।*
*होता धूमिल कल।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## सीने में दर्द की वजह बन सकती है पसलियों की मांसपेशियों में लगी चोट

**कई** बार व्यक्ति को खांसते, छींकते या भारी सामान उठाने के बाद सीने के किनारे में दर्द दर्द महसूस होता है। ज्यादातर मामलों में यदि सीने के बाईं तरफ दर्द महसूस हो तो अधिकतर लोग इसे हार्ट से जुड़ी समस्या का संकेत मान बैठते हैं। साथ ही, व्यक्ति घबरा जाते हैं। लेकिन, आपको बता दें कि हर बार सीने में होने वाला केवल हार्ट की समस्या की ओर संकेत नहीं करता है। यह पसलियों के बीच में मौजूद मांसपेशियों में लगी चोट भी हो सकती है। इन मांसपेशियों को इंटरकोस्टल मांसपेशियां कहा जाता है। यह मांसपेशियां पसलियों से जुड़कर छाती की लेयर बनाने और सांस लेने में सहायता करती है। जब किसी कारण वश आपकी इंटरकोस्टल मसल्स मुड़ जाता हैं, तो यह दर्द का कारण बन सकती है। इंटरकोस्टल मांसपेशियां आपकी पसलियों के बीच स्थित होती हैं, जो उन्हें एक दूसरे से जोड़ती हैं। वे आपके ऊपरी शरीर को स्थिर करने और आपको सांस लेने में मदद करती हैं। इंटरकोस्टल मांसपेशियों की तीन परतें होती हैं। इनमें दर्द तब होता है जब आपकी मांसपेशी खिंचती है, या हल्का सा क्रैक पड़ जाती है।



इंटरकोस्टल मांसपेशियों की किसी भी परत में खिंचाव से दर्द और सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। इन मांसपेशियों में खिंचाव सीने में दर्द का एक आम कारण है। सीने में दर्द के ज्यादातर मामले इसी के होते हैं। जब आप अपने ऊपरी शरीर को घुमाते हैं तो इससे इंटरकोस्टल मांसपेशियों में खिंचाव आता है, ऐसे में व्यक्ति को दर्द महसूस होने लगता है।

**अचानक झटका लगना या मुड़नाः** तेजी से शरीर को मोडने या झटका देने से इंटरकोस्टल मांसपेशियां में खिंचाव आ सकता हैं। यह अक्सर खेलते समय या भारी सामान उठाते समय होता है।

**जोर से खांसना या छींकनाः** लगातार और जोरदार खांसी या छींक से मांसपेशियों पर दबाव बढ़ता है, जिससे उनमें सूजन या खिंचाव हो सकता है।

**भारी वजन उठानाः** गलत ढंग से भारी वजन उठाने पर शरीर के ऊपरी हिस्से पर अचानक दबाव पड़ता है, जिससे मांसपेशियां क्षतिग्रस्त हो सकती हैं।


**खेल या व्यायाम के दौरान चोटः** खिलाड़ियों को, खासकर तैराकों, पहलवानों या क्रिकेट/टेनिस खिलाड़ियों को इंटरकोस्टल मसल्स स्ट्रेन का खतरा अधिक होता है।

**गलत मुद्राः** लंबे समय तक गलत मुद्रा में बैठने या झुककर काम करने से मांसपेशियों पर तनाव बढ़ता है।

**सड़क दुर्घटना या गिरनाः** छाती पर सीधा प्रभाव, जैसे किसी दुर्घटना में, इंटरकोस्टल मांसपेशियों को क्षति पहुंचा सकता है।

**इंटरकोस्टल मसल्स स्ट्रेन के लक्षणः** पसलियों के बीच या किनारे दर्द, चोट की जगह पर सूजन या मांसपेशियों में जकड़न, गहरी सांस लेने में कठिनाई, चलने-फिरने या झुकने में परेशानी, साथ ही लेटने में दिक्कत आने लगती है। छूने पर दर्द, आदि।

### एक्सप्रेस विशेष



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

## राष्ट्रवादी पत्रकारिता का महत्व

**भारत के वामपंथियों ने मीडिया में अपना सांस्कृतिक विचार चलाया है। इसमें मार्क्स का आर्थिक चिंतन बहुत पीछे छूट गया। पूंजीपति और सर्वहारा की बात बन्द हो गई। उन्होंने हिन्दू और मुसलमानों की बात करना शुरू कर दिया। लेकिन वर्ग संघर्ष के चिंतन को बनाये रखा।**

**देवर्षि** नारद को आद्य पत्रकार माना जाता है। वह मानव कल्याण के लिए ही संवाद संप्रेषण करते थे। आज पत्रकार मित्रों को नारद जी के चौरासी सूत्रों को समझने की आवश्यकता है। यह भी समझना होगा कि राष्ट्र सर्वोच्च है। सनातन संस्कृति में भी विश्व कल्याण और सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना है। राष्ट्र और सनातन की सर्वोच्च मान कर चलना होगा। राष्ट्र और सनातन है,तभी हम है। तभी मानव कल्याण होगा। युद्ध की परिस्थितियों में पत्रकारों की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में हमको राष्ट्र की सुरक्षा और सेना के मनोबल का पूरा ध्यान रखना चाहिए। सरकार से किसी की नाराजगी हो सकती है। प्रजातंत्र है। लेकिन युद्ध काल में सभी मतभेद भुलाकर राष्ट्रीय एकता का प्रदर्शन होना चाहिए। आज मीडिया का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है। लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी है। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी सभी बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है,

**भारत तो सबके कल्याण की कामना करने वाला देश रहा है। वर्तमान परिस्थितियों पर भी हमारे समाज को विचार करना चाहिए। क्या कारण है कि पाकिस्तान की मीडिया में भारत के सेक्युलर नेताओं के बयान खूब चलाए जा रहे है। ऐसे में भारत के राष्ट्रवादी पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्हें भारतीय सेना का मनोबल गिराने वाले बयानों का प्रतिकार करना है।**

बल्कि उनपर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है। लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की। उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है। ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाये रखने की चुनौती है। इसमें धीरे धीरे सफलता भी मिल रही है। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। इन आदर्शों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। समाचार सम्प्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है। साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। उसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है तभी लोकतंत्र सफल होता है। आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी। उसने समाज को दो वर्गों में बांटा था। पहला पूंजीपति और दूसरा सर्वहारा। पूंजीपति सदैव सर्वहारा का शोषण करता है। दोनों में संघर्ष चलता रहता है। यह वामपंथियों, मार्क्सवादियों, माओवादियों, नक्सलियों का मूल चिंतन रहा है। इसमें अनेक बदलाव भी होते रहे। भारत के वामपंथियों ने मीडिया में अपना सांस्कृतिक विचार चलाया है। इसमें मार्क्स का आर्थिक चिंतन बहुत पीछे छूट गया। पूंजीपति और सर्वहारा की बात बन्द हो गई। उन्होंने हिन्दू और मुसलमानों की बात करना शुरू कर दिया। लेकिन वर्ग संघर्ष के चिंतन को बनाये रखा। ये कथित प्रगतिशील पत्रकार हिन्दू और मुसलमानों के संघर्ष की रचना करने लगे। इन्होंने यह मान लिया इनका वर्ग संघर्ष चलता रहेगा। वामपंथी रुझान वाले यहीं तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने सवर्ण और दलित के बीच भी वर्ग को हवा देना शुरू किया। वामपंथी रूझान की पत्रकारिता ने हिंदुओं के विरोध को अपना पैशन बना लिया। वर्ग संघर्ष के सिद्धांत पर उन्होंने यह विचार फैलाया की हिन्दू शोषक और मुसलमान शोषित है। इसीलिए पश्चिम बंगाल और केरल की राजनीतिक हिंसा उन्हें दिखाई नहीं देती। किंतु कुछ लोग मजहब के आधार पर समाज विरोधी कार्य करें, यह कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करें, तो इसे भगवा आतंकवाद के रूप में प्रसारित किया जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही वामपंथी विचारकों को लेखन के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनके द्वारा बनाये गए पाठ्यक्रम को शिक्षा में चलाया गया। इसमें भारत के प्रति हीन भावना का विचार था। प्राचीन भारतीय विरासत को खारिज किया गया। यह पढ़ाया गया कि विदेशी शासन ने भारत को सच्य बनाया। जबकि वह स्वयं सच्यताओं के संघर्ष करने वाले लोग थे। भारत तो सबके कल्याण की कामना करने वाला देश रहा है। वर्तमान परिस्थितियों पर भी हमारे समाज को विचार करना चाहिए। क्या कारण है कि पाकिस्तान की मीडिया में भारत के सेक्युलर नेताओं के बयान खूब चलाए जा रहे है। ऐसे में भारत के राष्ट्रवादी पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्हें भारतीय सेना का मनोबल गिराने वाले बयानों का प्रतिकार करना है। एक भारत श्रेष्ठ भारत, शक्तिशाली भारत और राष्ट्रीय स्वाभिमान को बढ़ाने वाले बयानों व कार्यों से जन मानस को अवगत कराना चाहिए।

# मंत्री की अभद्र टिप्पणी पर सपा महिला सभा का हल्ला बोल, निकाला 'शर्म करो मार्च'

- कर्नल सोफिया कुरैशी के सम्मान में सड़कों पर उतरीं महिलाएं, कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में की गई अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में समाजवादी पार्टी की महिला सभा ने जोरदार प्रदर्शन किया। बुधवार को सपा के जिला कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक 'शर्म करो मार्च' निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए।
प्रदर्शन का नेतृत्व सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने किया, जिसमें महिला सभा की जिलाध्यक्ष आशा वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार सहित अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शनकारियों ने जोरदार नारेबाजी की और मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की।
सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा, ÷कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अभद्र टिप्पणी न केवल सेना का बल्कि पूरे देश की महिलाओं का अपमान है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की फटकार के बावजूद भाजपा मंत्री को बचा रही है, जो उसकी मानसिकता को दर्शाता है।
प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार ने कहा, इस तरह की टिप्पणी शर्मनाक है, भाजपा को ऐसे मंत्री को तत्काल पद से हटाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। प्रदर्शन के अंत में सपा नेताओं ने मांगों से संबंधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंपा।
इस मौके पर महिला सभा जिला महासचिव मीना दीक्षित, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिलाध्यक्ष काशीराम सरोज, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला, युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय भारती, हरगोविंद गंगवार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नवागत एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने संभाला कामकाज

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बुधवार शाम को जिले के नवागत एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने लखीमपुर खीरी पहुंचकर कामकाज संभाला। श्री सिंह देवरिया जिले के मूल निवासी है, वे 2011 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। नरेंद्र बहादुर सिंह को प्रशासनिक क्षेत्र में व्यापक अनुभव प्राप्त है। इससे पहले वे मुजफ्फरनगर व बदायूं में एडीएम के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने मुरादाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट और गोरखपुर, चित्रकूट, कौशांबी, तथा मऊ जैसे महत्वपूर्ण जिलों में उप जिलाधिकारी के रूप में प्रशासनिक जिम्मेदारियां निभाई हैं। कार्यभार ग्रहण करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारना और जन समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने पारदर्शिता, जनभागीदारी और समयबद्ध कार्यों को प्रशासनिक कार्यशैली की आधारशिला बताया।

# सुतिया नाला पर अवैध कब्जा बनता है बाढ़ का सबब, ग्रामीणों ने अवैध कब्जा हटवाने की किया मांग

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



**हजारा।** तहसील पूरनपुर के ट्रांस शारदा क्षेत्र में सुतिया नाला पर ग्रामीणों ने अवैध रूप से कब्जा कर निजी लाभ के लिए फसलें उगा रहे हैं नाला पर अतिक्रमण होने से पानी का निकास नहीं हो पता है जिस कारण वर्षा ऋतु में सुतिया नाला से बाढ़ का पानी ओवर होकर गांव में बाढ़ का रूप ले लेता है। ग्रामीणों ने सुतिया नाला से अवैध कब्जेदारों को हटाने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर में एक सुतिया नाला बहती है जिसमें श्रीनगर कबीरगंज आदि स्थानों व शारदा नदी का पानी इसी नाले से होकर बहते हुए लखीमपुर-खीरी के महंगा पुर सुतिया नाला में जा कर मिल जाता है इधर राणा प्रताप नगर सुतिया नाला पर श्रीनगर, चिरैया टोला, कबीरगंज, राणा प्रताप नगर, अकाल रतन फॉर्म आदि के ग्रामीण उक्त सुतिया नाला पर अवैध रूप से कब्जा करते हुए गन्ना की फसल लगा रखे हैं सुतिया नाला पर अतिक्रमण और अवैध कब्जा कर नाले को काटकर और पटान कर देने से पानी का निकास समुचित ढंग से नहीं हो पाता है जिस कारण सुतिया नाला का पानी ओवर फ्लो होकर राणा प्रताप नगर गांव में बाढ़ का रूप ले लेता है जिस कारण ग्रामीणों राहगीरों व छात्रों व यात्री और स्कूली वाहनों को निकलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।इधर वर्षा ऋतु नजदीक आ गई है अगर समय से सुतिया नाला की सफाई और अवैध कब्जा नहीं हटवाया जाता है तो ग्रामीणों को फिर समस्या झेलनी पड़ेगी। राणा प्रताप नगर गांव की प्रधान रमावती देवी पूर्व बीडीसी शशीकला शर्मा, यदुनंदन मदेशिया, जीतन लाल, कमरुद्दीन अंसारी, राजेश कुमार, पूर्व प्रधान हरीश खंडूजा, उमाशंकर राजभर, हरिश्चंद्र, अनिल कुमार, तेज प्रताप सिंह, मोहम्मद फारुख, मुन्ना वर्मा सहित अन्य दर्जनों ग्रामीणों ने पूरनपुर तहसील के उपजिलाधिकारी अभिजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार हबीब उर रहमान अंसारी से सुतिया नाला से अवैध कब्जा हटवाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली में घुसी एंबुलेंस, महिला की मौत चार जख्मी

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**कमलापुर।** क्षेत्र में बुधवार को नेशनल हाईवे पर एंबुलेंस अनियंत्रित होकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। वहीं, चार लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। बरेली के जाटवपुरा निवासी विनोद भारती अपनी पत्नी इंद्रानी (49) को इलाज के लिए एंबुलेंस से लखनऊ ले जा रहे थे। सुबह एंबुलेंस हाईवे पर कोठी रेस्टोरेंट के आगे प्रकाश लॉन के पास जाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। हादसे में इंद्रानी की मौत हो गई। उनके पति विनोद, बरेली के फरीदपुर निवासी सुरेंद्र, भोजीपुरा के पीतमपुरा निवासी इवनी अली, जाटवपुरा निवासी विनोद भारती घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण हेतु पीलीभीत में विशेष कार्यक्रम शुरू, मलेरिया व फाइलेरिया उन्मूलन पर ज़ोर

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार के नेतृत्व में हुआ प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद पीलीभीत में मच्छर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए आज 15 मई से विशेष अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत घरों में अवशेषी कीटनाशी छिड़काव तथा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया रोग के प्रसार की जांच हेतु संचरण मूल्यांकन सर्वेक्षण (टीएएस) प्रारंभ किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार की निगरानी में यह अभियान ब्लॉक बिलसंडा के उपकेंद्र रामपुर बसंत से शुरू हुआ।
उन्होंने ग्राम का भ्रमण कर कीटनाशी छिड़काव कार्य का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बुखार की स्थिति तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि सभी लोग स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घरों के अंदर अवशेषी कीटनाशी का छिड़काव अवश्य करवाएं।

### फाइलेरिया उन्मूलन हेतु 4628 बच्चों की होगी रक्त जांच

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय दिशा-निर्देशों के अनुसार जनपद के तीन ब्लॉकों - अमरिया, ललौरीखेड़ा, बीसलपुर - एवं नगर क्षेत्र पीलीभीत को मिलाकर तीन इकाइयों का गठन किया गया है। प्रत्येक इकाई में 30 ग्रामों या मोहल्लों के 6 से 7 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की रक्त जांच की जाएगी। अमरिया और बीसलपुर में 1540 तथा ललौरीखेड़ा व नगर क्षेत्र पीलीभीत में 1548 बच्चों की जांच की जाएगी ।आज से अमरिया, ललौरीखेड़ा और बीसलपुर ब्लॉकों में संचरण मूल्यांकन सर्वेक्षण (टीएएस) की भी शुरुआत की गई। इस क्रम में डॉ. आलोक कुमार ने बीसलपुर के ग्राम अमरा करोड़ का भ्रमण कर सर्वे कार्य का निरीक्षण किया। यहां अब तक 34 बच्चों की जांच पूर्ण हो चुकी थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सर्वे टीम को दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य को पूर्ण दक्षता से संपन्न करने के निर्देश दिए ।जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों से मच्छर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद की जा रही है।

### दो चक्रों में होगा कीटनाशी छिड़काव

अधिक मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में इस वर्ष दो चरणों में छिड़काव किया जाएगा। पहला चक्र 15 मई से 28 जुलाई और दूसरा चक्र 1 अगस्त से 14 अक्टूबर तक चलेगा। ब्लॉक बिलसंडा के पांच उपकेंद्रों - रामपुर बसंत, मुड़िया बिलहरा, बंडामानपुर, भदेंग कंजा और रांठ - के तहत 34 ग्रामों में तथा बीसलपुर के उपकेंद्र खनंका के अंतर्गत 3 ग्रामों में अवशेषी कीटनाशी छिड़काव (आईआरएस) किया जाएगा। इस हेतु अल्फासायपरमेथ्रिन 5त्न डब्ल्यूपी रसायन का प्रयोग किया जाएगा।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर रूप घायल

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

थाना खीरी के गांव कादीरपुर में आम की बाग की रखवाली कर रहे एक युवक पर पुरानी रंजिश के चलते हमलावर ने गन्ना काटने वाली बगौड़ी से हमला कर दिया। सिर में बगौड़ी लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।
गांव कादीपुर निवासी हबीब ने बताया कि उसकी गांव के ही आशिफ पुत्र नबी से पुरानी रंजिश चली आ रही है। बुधवार की शाम करीब पांच बजे उनका पुत्र आशिफ गांव के बाहर सईद बाबा मजार के पास स्थित आम के बाग की रखवाली कर रहा था। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही नबी का पुत्र आशिफ आम की बाग पहुंचा और उनके पुत्र के साथ गाली गलौच करने लगा। पुत्र ने जब गाली देने से मना किया तो जान से मारने की नियत से उसके सिर पर गन्ना काटने वाली धारदार बगौड़ी से प्रहार कर दिया।इससे उनका पुत्र लहूलुहान होकर गिर गया।आरोपी उसे मृत समझ कर मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।घायल के पिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# ढाबा संचालक और उसके परिजनों पर बदमाशों का हमला

## उद्योग व्यापार मंडल ने बुलाई आपात बैठक

- ट्रक चालकों से उगाही कर रहे बदमाशों ने किया हमला, नकदी और सोने की चेन लूट कर फरार, व्यापारियों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



**पूरनपुर।** नगर के मेन रोड पर स्थित सोनू ढाबे पर गुरुवार देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब कुछ अराजक तत्वों ने ट्रक चालकों से जबरन वसूली शुरू कर दी। जब ढाबा स्वामी व उद्योग व्यापार मंडल के संगठन मंत्री सिमरनजीत ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर, उनके भाई और कर्मचारी पर हमला कर दिया। मारपीट कर बदमाशों ने उनके पास से नगदी और सोने की चेन लूट ली और मौके से फरार हो गए।
घटना रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, जब ढाबा स्वामी सिमरनजीत को ट्रक चालकों से वसूली की खबर मिली तो वे तुरंत अपने भाई और एक कर्मचारी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बदमाशों का विरोध किया, जिस पर बदमाशों ने तीनों को बुरी तरह पीटा और उनके पास मौजूद नगदी और गहने लूट कर भाग निकले। घटना में तीनों को गंभीर चोटें आई हैं।घटना के विरोध में शुक्रवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा एक आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ज़िला अध्यक्ष एम.ए. जिलानी ने कहा, दिनदहाड़े इस तरह की वारदातें दर्शाती हैं कि बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं रहा। अगर ऐसे हालात रहे तो व्यापारी सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे और व्यापार ठप हो जाएगा।
जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल ने कहा, हाईवे पर खुलेआम लूटपाट और मारपीट की घटनाएं चिंताजनक हैं। यदि जल्द से जल्द बदमाशों की गिरफ्तारी नहीं होती तो व्यापारी समाज चुप नहीं बैठेगा। पूरे जिले के व्यापारी नेता मिलकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे।÷बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि पुलिस प्रशासन ने 48 घंटे के भीतर दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया, तो जिले भर में व्यापारी आंदोलन किया जाएगा।
आपात बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी
एम.ए. जिलानी (जिला अध्यक्ष), पंकज अग्रवाल (जिला महामंत्री), राजेश अग्रवाल, प्रकाशवीर, विक्रांत शर्मा, शैली शर्मा, विक्रांत सिंह, आशीष लोधी, सुनील वर्मा, रणवीर पाठक, राशिद अंसारी, ममनून, प्रदीप, शेर सिंह, कंचन सक्सेना, शोभनीय सिंह, ऋषभ सिंह सहित अन्य व्यापारी नेता और संगठन पदाधिकारी शामिल रहे।

# छोटी काशी कॉरिडोर को मिलेगी रफ्तार, सीडीओ और विधायक ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश




**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ में बन रहे भव्य कॉरिडोर की तस्वीर अब तेजी से बदलने जा रही है। गुरुवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने विधायक अमन गिरी के साथ निर्माणाधीन गोला छोटी काशी कॉरिडोर का स्थलीय निरीक्षण किया और प्रगति का जायजा लिया।
इस मौके पर मुख्य रूप से एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, यूपीपीसीएल के जीएम राजेश वर्मा, अवर अभियंता विवेक बाजपेई, आर्किटेक्ट उत्कर्ष शुक्ला मौजूद रहे।

### बाधाएं हटेंगी, काम बढ़ेगा- अधिकारियों को मिले स्पष्ट निर्देश

निरीक्षण के दौरान विधायक और सीडीओ ने निर्माण में आ रही बाधाओं को लेकर संबंधित विभागीय अफसरों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों संग विस्तार से चर्चा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को दो टूक कहा कि रुकावटें नहीं, समाधान चाहिए। हर बाधा को प्राथमिकता से दूर कर निर्माण की गति बढ़ाई जाए।
निरीक्षण के दौरान पाया कि अब तक 250 मीटर लंबी प्रस्तावित रिटेनिंग वॉल में से 170 मीटर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष कार्य तेजी से प्रगति पर है। सीडीओ ने यह भी स्पष्ट किया कि आसपास की बस्तियों के नाले की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि कार्यस्थल पर कोई बाधा उत्पन्न न हो। सीडीओ ने निर्देश दिए कि श्रावण मास के आरंभ से पूर्व सरोवर का सौंदर्यकरण कार्य हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए यात्री प्रतीक्षालय के डिज़ाइन में बदलाव कर उसे अधिक सुविधाजनक और आधुनिक बनाया जाएगा। कॉरिडोर परिसर में प्रस्तावित 11 मंदिरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा गया है। साथ ही पुराने मंदिरों की मूर्तियों को ससम्मान पुनः स्थापित किया जाएगा, ताकि परिसर अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और अधिक प्रखर कर सके।

## संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव



**जन एक्सप्रेस। सिंगाही खीरी**

थाना क्षेत्र में पूर्व प्रधानाचार्य के ट्यूबवेल के पास मुंजहा पुरवा के व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थित में लटकता हुआ पाया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।सोमवार रात के समय सिंगाही पुलिस को सूचना मिली कि सिंगाही-निघासन रोड के पश्चिम में राजा प्रताप विक्रम शाह इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य मोहिउद्दीन अंसारी के ट्यूबवेल के निकट एक शव लटका हुआ है। सूचना मिलते ही एस ओ अजीत कुमार मौके पर पहुंच गए और शव नीचे उतरवाया और उसकी पहचान कराई तो उसकी पहचान ग्राम पंचायत तकिया बंगलहा के मजरा मुंजहा पुरवा के नेकीराम मौर्य 42 साल के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार नेकीराम की परिवार से अनबन थी जिसके बाद वह घर से चला गया था।घटना स्थल पर ट्यूबवेल के कमरे की दीवार पर नेकीराम की ओर से लिखा पाया गया है। जिसमें उसने आत्म का कारण अपनी पत्नी और बेटी को बताया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं ग्रामीणों के अनुसार नेकीराम अपनी पहली पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर कर हत्या कर चुका है। इसके बाद दूसरा विवाह किया था और कर्ज से परेशान रहता था इसके सथ मानसिक तनाव में था। ग्रामीणों के अनुसार शायद इसके चलते फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली हो।एस ओ अजीत कुमार ने बताया कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने बाद सही कारण की जानकारी होगी।

# राज्यमंत्री की एफबी आईडी पर अभद्र टिप्पणी से भाजपा पदाधिकारियों में रोष

- एसपी से मिलकर की कार्रवाई की मांग, कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**पीलीभीत**

राज्य के गन्ना विकास राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की फेसबुक आईडी पर अभद्र टिप्पणी किए जाने से भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों में आक्रोश फैल गया। गुरुवार को जिले के कई ब्लाक प्रमुखों, नगर निकाय प्रमुखों और भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव से उनके पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की।
जानकारी के अनुसार, 13 मई को फेसबुक पर किसी हरीशंकर झा कुमार नामक व्यक्ति ने मंत्री के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी की थी। इस घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही थी। इस पर आज सुबह 10ः30 बजे मंत्री समर्थकों ने एसपी से मिलकर ज्ञापन सौंपा।एसपी अभिषेक यादव ने तुरंत संज्ञान लेते हुए साइबर सेल को जांच का आदेश दिया, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
एसपी से मिलने वाले भाजपा पदाधिकारियों में ललौरीखेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सच्यता वर्मा, अमरिया ब्लॉक प्रमुख श्याम सिंह, पूरनपुर नगर पालिका चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, बीसलपुर नगर पालिका चेयरमैन पति अमन जायसवाल, बरखेड़ा ब्लॉक प्रमुख कमलेश गंगवार, पूरनपुर ब्लॉक प्रमुख पति अपूर्व सिंह, बिलसंडा टाउन एरिया चेयरमैन दिनेश कुमार गुप्ता, पकड़िया नौगवा टाउन एरिया चेयरमैन पति संतोक सिंह संधु सहित भाजपा नगर अध्यक्ष विकास श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष अमरीष शर्मा और अनूप सिंह लवली शामिल रहे।भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सोशल मीडिया पर नेताओं के विरुद्ध इस प्रकार की अभद्र टिप्पणियां रोकी नहीं गईं तो पार्टी स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

## बेटी को विदा कराने आए पिता ने समधी-समधन को मारी गोली

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

**गोंदलामऊ।** संदना के तेरवा गांव में बेटी को विदा कराने आए पिता ने मंगलवार देर रात अपने समधी व समधन को गोली मार दी। गंभीर हालत में दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां से चिकित्सकों ने उनको जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को हिरासत में लिया है। तेरवा गांव निवासी अंकित का विवाह हरदोई के अतरौली क्षेत्र के भेरका गांव निवासी बैजनाथ की पुत्री अंजू से हुआ था। मंगलवार देर रात अंजू के पिता बैजनाथ अपने पुत्र सतीश, विनीत व एक परिचित राजकुमार के साथ बेटी को विदा कराने पहुंचे। चारों देर रात ही पुत्री को विदा करने की बात कहने लगे। इस पर प्रशांत के पिता श्रीकांत व मां मंजू देवी ने मना कर दिया।
इस बात पर विवाद होने लगा। कहासुनी के बाद बैजनाथ ने तमंचे से अंकित के पिता पर गोली चला दी। गोली श्रीकांत और उनकी पत्नी मंजू देवी के बाएं हाथ में लग गई।

# होनहार विद्यार्थी अंशिका सोनी को विद्यालय द्वारा निशुल्क शिक्षा व पुस्तक दी गई

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**




विगत दो वर्ष पहले अंशिका सोनी के पिता की अचानक मृत्यु हो जाने से परिवार की भरण पोषण व पारिवारिक खर्चों में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे विद्यार्थी को विद्यालय द्वारा अंशिका सोनी को कक्षा तीन का पूरा कोर्स व निशुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया गया। विद्यालय आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर द्वारा दिनांक 15.5.2025 दिन बृहस्पतिवार को प्रवेश कराने आई शिशु की दादी अचानक अपने बेटे को याद करके रोने लगी बालिका अंशिका सोनी पुत्री विपिन सोनी माता का नाम मधु सोनी निवासी छोटा चौराहा स्टेशन रोड तीर्थ मोहल्ला गोला खीरी परिवार का भरण पोषण करने वाले विपिन सोनी 27,7, 2023 को उनकी अकस्मात मृत्यु हो गई। जिससे परिवार के भरण पोषण में सुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है दादी के दर्द को देखकर के विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश कश्यप ने बच्चों का निशुल्क प्रवेश किया और निशुल्क कोर्स भी निशुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया।अपने अध्यापकों से भी निवेदित प्रार्थना की की हमेशा समाज में पीड़ित परिवार की हमेशा मदद करनी चाहिए हो सकता है कि कोई ऐसा परिवार निकल जाए जो की एक जग जाहिर रोशनी समाज में जागृत हो जाए ऐसी सोच के साथ विद्यालय आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर के द्वारा निशुल्क शिक्षा व निशुल्क पुस्तक देने का निर्णय लिया गया। शिक्षक शिक्षिकाएं लक्ष्मी कश्यप, ममता मिश्रा, कल्पना गुप्ता, रिया पटेल, अंजली वर्मा, नेहा वर्मा, प्राची देवी, काजल वर्मा, सोहनी गुप्ता, मरियम, रचना चौधरी, रूबी देवी, कामिनी वर्मा, शिवानी वर्मा, मनीषा देवी, शिखा वर्मा, कवित देवी, सानिया शर्मा, सुमित कुमार यादव, रामनरेश वर्मा, योगेश कुमार कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# किसान नेता स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की मनाई गयी पुण्य तिथि

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

क्षेत्र के ग्राम मगदापुर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के संस्थापक स्वर्गीय बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की कल भारतीय किसान यूनियन के नेताओं ने पुण्यतिथि मनाकर उनको खिराजे अकीदत पेश की इस अवसर पर कई पदाधिकारी ने बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी के बारे बताया कैसे उन्होंने पूरे भारत में संगठन को मजबूत करके किसानों की आवाज को उठाया बाबा महेंद्र सिंह टिकैत हमेशा किसानों की आवाज को उठाते रहे उन्होंने किसानों के लिए काफी संघर्ष किया आज वो हम सबके बीच नहीं ले लेकिन उनकी यादें जरूर हमेशा हम किसानों के बीच रहेगी और उनके बताये गये मार्ग पर चलकर किसानों के साथ हमेशा भारतीय किसान यूनियन टिकैत खड़ी रहेगी इस मौके पे जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह युवा जिलाध्यक्ष शिवेंद्र मोनू यादव मध्य प्रभारी बलवीर सिंह जी जिला उपाध्यक्ष हरदयाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष अमरदीप सिंह महताब आलम सोनू जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी युवा विंग ब्लॉक अध्यक्ष पसगवां युवा विंग लतीफ सिद्दीकी जिला युवा जिला सचिव रुस्तम सिंह जिला संचालक जितेंद्र सिंह प्रवक्ता गुरजीत सिंह मंडल सचिव रणधीर सिंह मंडल उपाध्यक्ष गुरनाम सिंह मास्टर हरिहर सिंह युवा जिला प्रमुख महासचिव अंचल सिंह मुख्तयार सिंह सुभाषनगर रणधीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष बलजिंदर सिंह बिलमेश यूनियन यूनियन के मौजूद रहे मौजूद रहे।

# चोरी के सात बंडल तार सहित चार चोर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

फरधान अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत फरधान पुलिस ने बृहस्पतिवार की अलसुबह सात बण्डल चोरी कर लिए जा रहे एल्युमीनियम के बिजली के तार के साथ चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।थाना प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि थाना फरधान की पुलिस टीम के उप निरीक्षक देवेन्द्र राम, हेड कांस्टेबल भूपेन्द्र मौर्या, कांस्टेबल शिवम शर्माऔर रिंकू पाल द्वारा चेकिंग गस्त के दौरान अभियुक्तगण कमलेश पुत्र राम गोपाल निवासी ग्राम अमकोटवा थाना कोतवाली सदर खीरी, प्रदीप पुत्र राम सागर निवासी ग्राम अमकोटवा थाना कोतवाली सदर खीरी,दुर्गेश भार्गव उर्फ अंकित पुत्र राम सागर निवासी ग्राम रुखिया थाना खीरी जिला खीरी व पुष्प कुमार वर्मा पुत्र त्रिभुवन लाल वर्मा निवासी ग्राम रुखिया थाना खीरी जिला खीरी को चोरी के 07 बण्डल तार के साथ डिजायर वाहन से बेचने हेतु ले जाते हुए ग्राम बौठा के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के बाद पूंछताछ की गयी तो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया।

# 'मरियम' की मौत के बाद गुमसुम रहता था 'पटौदी', कानपुर में बब्बर शेर ने तोड़ा दम

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



चिड़ियाघर में शेरनी मरियम की मौत के बाद बब्बर शेर पटौदी काफी गुमसुम रहता था। साथी के जाने के बाद वह ज्यादातर समय बाड़े के कोने में पड़ा रहता था। चिड़ियाघर में फरवरी 2021 में इटावा लायन सफारी से दो बब्बर शेर लाए गए थे। गोरखपुर से कानपुर चिड़ियाघर में इलाज के लिए भेजे गए बब्बर शेर पटौदी की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। पटौदी की मौत से कानपुर चिड़ियाघर में हड़कंप मच गया है। बर्ड फ्लू से बब्बर शेर के मौत की आशंका जताई गई है।

शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में बब्बर शेर पटौदी करीब एक माह से बीमार था।

उसकी खुराक भी आधी हो गई थी। बब्बर शेर की औसत उम्र 15 से 16 वर्ष होती है। पटौदी करीब 15 वर्ष का हो गया था। चिड़ियाघर प्रशासन उसे बिना हड्डी वाला मीट ही दे रहा था। ऐसा इसलिए क्योंकि उम्र ज्यादा होने की वजह से वह हड्डी नहीं तोड़ पा रहा था।

आमतौर पर बब्बर शेर को गर्मी में 10 से 12 किलो मीट दिया जाता है लेकिन पटौदी अभी केवल चार से पांच किलो ही खा रहा था। चिड़ियाघर में लगातार वन्यजीवों की मौत के बाद पटौदी को बेहतर इलाज के लिए कानपुर भेजा गया था।

मरियम की मौत के बाद रहता था गुमसुम

चिड़ियाघर में शेरनी मरियम की मौत के बाद बब्बर शेर पटौदी काफी गुमसुम रहता था। साथी के जाने के बाद वह ज्यादातर समय बाड़े के कोने में पड़ा रहता था। चिड़ियाघर में फरवरी 2021 में इटावा लायन सफारी से दो बब्बर शेर लाए गए थे। इसमें शेर पटौदी और शेरनी मरियम शामिल थी।

पटौदी को गुजरात के शक्करबाग से लाया गया था। इसे पहले जंगल से पकड़ा गया था। इटावा सफारी में इसकी जोड़ी मरियम के साथ बनाई गई। वहां पर दोनों में नजदीकियां भी बढ़ गई थीं। गोरखपुर आने के बाद ये दोनों एक-दूसरे को देखते रहते थे।

पटौदी की उम्र करीब 15 वर्ष थी। मरियम (17) इससे बड़ी थी। वह प्रदेश की सबसे उम्रदराज शेरनी थी। उम्र ज्यादा होने पर उसकी तबीयत खराब रहने लगी और दो अप्रैल 2024 को उसकी मौत हो गई थी।

## बिजली चोरी पर 137 लोगों पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

शहरी और ग्रमीण क्षेत्र में हुई कार्रवाई गोरखपुर। विद्युत विजिलेंस की टीम ने बिजली विभाग के कर्मियों के साथ मिलकर शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली चोरी को लेकर अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिजली चोरी पर 137 लोगों पर केस दर्ज कराया गया। साथ ही 74 बिजली के कनेक्शन भी काटे गए।

विजिलेंस ने रानीडिहा और रासीनगर खंड में अभियान चलाया। इस दौरान स्मार्ट मीटर की टीम ने स्मार्ट मीटर लगाए। जांच में 13 उपभोक्ता स्वीकृत विद्युत भार से अधिक उपभोग करते पाए गए। इस मामले में कार्रवाई की गई। दो उपभोक्ताओं भार सात किलोवाट के विरुद्ध विद्युत चोरी के प्रकरण में विजिलेंस टीम की ओर से केस दर्ज कराया गया। विद्युत चोरी और बकाया भुगतान मामले में 48 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। साथ ही 84.80 लाख से अधिक का राजस्व वसूला। अभियान में अधिशासी अभियंता लवलेश कुमार, जितेंद्र कुमार भी रहे।

ग्रामीण प्रथम खंड के कैंपियरगंज, गुलरिहा व चौरी-चौरा में भी अभियान चलाया गया।

# एसपी ने ठूठीबारी व चौक थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



महराजगंज के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार को पुलिस की सक्रियता जांचने के उद्देश्य से उन्होंने ठूठीबारी व थाना चौक का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर , त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक करते हुए संबंधित मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई की स्थिति आदि का अवलोकन किया एवं आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए। थानों पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण को सख्त हिदायत दिया गया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। बीट आरक्षी व मुख्य आरक्षी को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने व क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आमजन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करने हेतु हिदायत दिया। वही भारत नेपाल के संवेदनशील बार्डर ठूठीबारी थाना क्षेत्र में अवैध तस्करी के विरुद्ध प्रभावी रोकथाम व पेट्रोलिंग को लेकर थानाध्यक्ष महेंद्र मिश्रा को निर्देशित किया।

# जयमाल के बाद दुल्हन ने किया ये कांड... पुणे के दूल्हे और बरातियों को ही बना लिया बंधक

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



चिलुआताल के काजीपुर निवासी अमरजीत ने बताया कि चौरीचौरा इलाके की युवती के साथ बेटे ओमप्रकाश की शादी तय हुई थी। 13 मई 2024 को फलदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। लड़की के घरवालों से बातचीत कर एक साल बाद 13 मई 2025 को शादी की तारीख तय की गई थी।

चिलुआताल इलाके से चौरीचौरा इलाके में गई बरात को बंधक बनाकर रुपये वसूलने का मामला सामने आया है। दूल्हे के पिता का आरोप है कि जयमाल के बाद ही दुल्हन किसी के साथ चली गई थी। इसके बाद उल्टे बरातियों को ही बंधक बना लिया गया। खाना और टेंट का किराया देने के बाद बुधवार को जाने दिया गया।

चिलुआताल के काजीपुर निवासी अमरजीत ने बताया कि चौरीचौरा इलाके की युवती के साथ बेटे ओमप्रकाश की शादी तय हुई थी। 13 मई 2024 को फलदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। लड़की के घरवालों से बातचीत कर एक साल बाद 13 मई 2025 को शादी की तारीख तय की गई थी।

इस बीच बेटे से प्रतिदिन लड़की से फोन पर बातचीत होती रही। उन्होंने बताया कि 13 मई को चौरीचौरा इलाके के गांव में बरात शाम सात बजे पहुंची। नाश्ता पानी करने के बाद नाचते गाते लड़की के दरवाजे पर बराती पहुंचे। इसके बाद लड़के और लड़की का जयमाल कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शादी का कार्यक्रम आगे बढ़ा और भसुर दरवाजे पर पहुंचे। इस दौरान लड़की पक्ष के लोग कम आभूषण लाने की बात को लेकर बहस करने लगे। तब उन्हें समझाकर शांत कराया गया। फिर शादी में चढ़ाने के लिए गए कपड़ों की गुणवत्ता को लेकर विवाद करने लगे।

इसी बीच खड़ी एक महिला ने बताया कि दुल्हन कहीं चली गई है। इसलिए लड़की के घरवाले ऐसी हरकत कर रहे हैं। तब पूछताछ की तो बात सही निकली।

## पुलिस ने 832 कैमरे खंगाल कर दबोचा चोर बरामद की ट्राली

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

कैंट पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्राली चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यूनिवर्सिटी से लेकर पीपीगंज तक पुलिस ने 832 कैमरों को खंगाला और फिर छिपाकर रखी गई ट्राली को बरामद किया। बुधवार को आरोपियों को कोर्ट में पेश करके जेल भेजवा दिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पीपीगंज के राजपुर निवासी मनोज यादव और आदित्य यादव के रूप में हुई। कैंट इंस्पेक्टर संजय सिंह ने बताया कि 28 अप्रैल 2025 को एक ट्राली चोरी हो गई थी। पिपराइच के इस्लामपुर निवासी अष्टभुजा त्रिपाठी ने केस दर्ज कराया था। वह नाले का निर्माण काम करवा रहे हैं। एनसीसी गेट के पास से सुबह तड़के चार बजे उनकी ट्राली चोरी हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच की और फिर आगे बढ़ते-बढ़ते चोर तक पहुंच गई।

# सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

- छात्रा दीपशिखा ने प्रदेश में आठवां और जिले में पहला स्थान प्राप्त कर बढ़ाया मान

जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज




पनियरा विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत रतनपुरवा मंसूरगंज में स्थित दलसिंगार इंटर कॉलेज में एक प्रतिभा ?सम्मान समारोह आयोजित कर हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में आठवां स्थान और जनपद में पहला स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा दीपशिखा व विद्यालय के अच्छे अंक प्राप्त करने वाले अन्य छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक रामचंद्र यादव के द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने वाले छात्र छात्राओं में हाईस्कूल की दीपशिखा ने 96.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां और जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। वही लक्ष्मी 92.5, काजल 92.33, रिया निषाद 91, खुशी 90.83, मनीता 90.5, आंशी सिंह 90.33, मुस्कान 90.33 जबकि बालक वर्ग में हरिओम 84.14, दीपक 83.67, अनूप यादव 82.33, शुभम् 80.83, रूद्र प्रताप 80.83, प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

वही इंटरमीडिएट के बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के टॉपर छात्रों में बालिका वर्ग में काजल गुप्ता 87.8, चंदा 87.6, निवेदिता चौहान 87.4, सुनीता 87.4, प्रिती निषाद 87.2, अमिता 85, वही बालक वर्ग में अमरजीत शर्मा 85, प्रशांत 84.4, विपीन कुमार 82.4, अंकित कुमार 81.6, अवनीश यादव 80.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय के संरक्षक रामचंद्र यादव और विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब चंद ने मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह के दौरान सभी छात्र छात्राओं के अभिभावकों को भी अंग वस्त्र देकर उन्हें भी सम्मानित किया है। इस दौरान रामसिंह, उमेश यादव, अनिल वर्मा, ईश्वर चंद्र, अरविंद मिश्रा, मुक्तिनाथ, ब्रजेशश्वर, संजय, करूणेश, रामसुंदर गुप्ता ललिता यादव, यशोदा, सहदेव, पवन, बालकेश संजय यादव सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# गर्मी बैर कराए : गोरखपुर में ठंडा पानी नहीं देने पर मनबढ़ों ने युवक को मार दिया चाकू, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

नरसिंहपुर निवासी दिनेश साहू ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अभी नया आरओ प्लांट लगाया है। 12 मई को दोपहर 12 बजे के करीब वह अपने घर के पास स्थित दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान पास में ही किराये का कमरा लेकर रहने वाले दो युवक पड़ोस की आरओ की दुकान से उनके यहां आए।

गर्मी अब बैर कराने लगी है। दोपहर की तीखी धूप लोगों को चिड़चिड़ा बना रही है। तिवारीपुर इलाके के नरसिंहपुर में आरओ प्लांट चलाने वाले दुकानदार ने ठंडा पानी न होने पर देने से मना किया तो उसपर चाकू से हमला कर दिया गया।

आरोप है कि दो युवकों ने सिर और कान पर चाकू से हमला किया। इसमें वह घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया। उधर, पुलिस आरोपियों पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। नरसिंहपुर निवासी दिनेश साहू ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अभी नया आरओ प्लांट लगाया है। 12 मई को दोपहर 12 बजे के करीब वह अपने घर के पास स्थित दुकान पर बैठे थे।

इसी दौरान पास में ही किराये का कमरा लेकर रहने वाले दो युवक पड़ोस की आरओ की दुकान से उनके यहां आए। दुकान के मालिक ने दोनों को उकसाकर उनकी दुकान पर भेज दिया था। दुकान पर पहुंचे दोनों युवक आरओ का ठंडा पानी मांगने लगे।

उनसे कहा कि पानी अभी ठंडा नहीं है। बिजली नहीं है, सोलर से काम चला रहे हैं, इस वजह से ठंडा पानी नहीं दे सकते। यह सुनकर दोनों युवक गाली देने लगे। इसकी शिकायत मकान मालिक से करने की बात कही तो वे धमकी देते हुए चले गए।

थोड़ी देर बाद मकान मालिक के पास गया तो दोनों युवक बाहर मिल गए। गाली देते हुए मारपीट करने लगे। इसी दौरान चाकू से उन पर हमला कर दिया। दूसरे युवक ने लाठी लेकर पीटा। इससे वह बेहोश हो गए। आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचा।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

**अत्यधिक गर्मी मानसिक स्वास्थ्य पर डालती है असर**

गर्मी में पसीना अधिक निकलता है, जिससे शरीर में पानी की कमी होती है। खून का प्रवाह बढ़ जाता है, जिससे हार्ट को अधिक काम करना पड़ता है। ऐसी स्थिति आने पर हार्मोंस कॉर्टिसोल का उत्पादन बढ़ जाता है। इससे तनाव और गुस्सा बढ़ता है। गुस्सा, हताशा और अवसाद के मामले बढ़ सकते हैं- डॉ कुमार सतीश रवि, पूर्व चिकित्सक, एम्सआरोप है कि दो युवकों ने सिर और कान पर चाकू से हमला किया। इसमें वह घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया। उधर, पुलिस आरोपियों पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी है। नरसिंहपुर निवासी दिनेश साहू ने केस दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अभी नया आरओ प्लांट लगाया है।

## खड़ंजा व आंगनबाड़ी केंद्र की गुणवत्ता मिली खराब, सीडीओ ने लगाई फटकार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) ने बुधवार को मनरेगा के तहत किए गए कामों का निरीक्षण किया। इस दौरान खोराबार ब्लॉक के लहसड़ी ग्राम पंचायत में खडंजा और आंगनबाड़ी की गुणवत्ता में कमी पाई गई। इस पर सीडीओ ने फटकार लगाते हुए 15 दिन में गुणवत्ता सुधार करने के निर्देश दिए।

बुधवार को सीडीओ शाश्वत त्रिपुरारी खोराबार के लहसड़ी ग्राम पंचायत पहुंचे। यहां उन्होंने मनरेगा के तहत किए कामों और किए गए पौधरोपण का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ त्रिपुरारी ने कहा कि मानसून सीजन के बाद ये दिखवाया जाएगा कि मनरेगा के बाद लगे पौध में से कितने बचे हैं। उन्होंने पौध की देखभाल करने के भी निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने खड़जा और आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया।

# बदले मार्ग से चलेगी गोरखधाम और साबरमती एक्सप्रेस

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

लखनऊ स्टेशन के प्लेटफॉर्म चार और पांच के फाउंडेशन निर्माण के लिए रेलवे प्रशासन ने यातायात और पावर ब्लॉक लिया है। इस कारण कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। इस वजह से गोरखधाम और साबरमती एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर से 17 मई से नौ जुलाई तक चलने वाली 12555 गोरखपुर-बठिंडा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जाएगी। यह ट्रेन बादशाहनगर एवं ऐशबाग स्टेशनों पर रुकेगी। बठिंडा से 16 मई से आठ जुलाई तक चलने वाली 12556 बठिंडा-गोरखपुर एक्सप्रेस कानपुर सेंट्रल-ऐशबाग-मल्हौर-बाराबंकी के रास्ते चलाई जाएगी। यह भी लखनऊ की जगह ऐशबाग एवं बादशाहनगर स्टेशनों पर रुकेगी। 22922 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 20 मई से आठ जुलाई तक बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल मार्ग से चलेगी। ये ट्रेन बादशाहनगर, ऐशबाग स्टेशन पर रुकेगी। गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस (19410) 17 मई से नौ जुलाई तक बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल मार्ग से होकर चलेगी। ये ट्रेन बादशाहनगर, ऐशबाग स्टेशन पर रुकेगी। वहीं, मुजफ्फरपुर-साबरमती एक्सप्रेस (15269) 15 मई से तीन जुलाई को बाराबंकी-मल्हौर-ऐशबाग-कानपुर सेंट्रल मार्ग से होते हुए जाएगी। ये ट्रेन लखनऊ में न ठहरकर बादशाहनगर, ऐशबाग स्टेशन पर रुकेगी।

## किराना स्टोर में ही बन रहा था पंचर, सील

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को कैंपियरगंज में एक किराना स्टोर को सील कर दिया। किराने की दुकान में ही पंचर बनाया जा रहा था। एक स्थानीय व्यक्ति ने आईजीआरएस में शिकायत की। दुकानदार के पास लाइसेंस भी नहीं था।

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कैंपियरगंज में बबलू नाम का व्यक्ति बिना लाइसेंस के ही जनरल स्टोर का संचालन कर रहा था। आईजीआरएस की शिकायत पर जांच की गई तो दुकान में ही पंचर बनाने के सामान रखे हुए थे। किराना स्टोर के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। साथ ही वहां पंचर नहीं बना सकते। दुकान सील कर दी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार ने कार्रवाई की।

# मानसिक-मंदित किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, ग्रामीणों ने एक आरोपी को पीटा

### सहजनवां इलाके की घटना, ग्रामीणों की पिटाई से एक आरोपी की हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

इलाके के एक गांव में 15 वर्षीय मानसिक मंदित किशोरी से दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। मंगलवार देर शाम युवक उसे घर से उठाकर गांव के सिवान में ले गए। सामूहिक दुष्कर्म कर अर्द्धनग्न हाल में छोड़कर भाग गए। ग्रामीणों को जानकारी हुई तो एक युवक को पीटकर अधमरा कर दिया। उसकी हालत गंभीर है। बाद में दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने पकड़ लिया। इधर, पीड़िता की मां के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अंकुर और जितेंद्र पर केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, किशोरी की मां दो बेटियों के साथ गांव में रहती है। गांव में दो मकान होने की वजह से दोनों पर आना-जाना होता है। 15 वर्षीय छोटी बेटी मानसिक मंदित है। जबकि बड़ी बेटी पढ़ाई करती है। मानसिक मंदित किशोरी अधिकतर नए मकान में रहती है। मंगलवार देर शाम किशोरी की मां पशुओं के लिए चारा लेकर पुराने घर पर गई थी। उनकी बड़ी बेटी कोचिंग चली गई थी। आरोप है कि किशोरी को अकेला देख गांव के ही दो युवक अंकुर व जितेंद्र आए और उसे सिवान में लेकर गए। वहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद भाग गए। बड़ी बहन कोचिंग से नए घर पर पहुंची तो किशोरी घर में नहीं थी। खोजबीन शुरू की तो करीब दो घंटे बाद वह गांव के बाहर सिवान में अर्धनग्न अवस्था में बेसुध मिली। परिजन किशोरी को लेकर घर आए तो दुष्कर्म की बात पता चली। इसके बाद ग्रामीण जुट गए और आरोपी अंकुर को गांव में ही पकड़ लिया और जमकर पिटाई करने लगे। इसी बीच किसी ने 112 नंबर पर सूचना दी। इसके बाद पहुंची पीआरवी पुलिस ने आरोपी को ग्रामीणों के चंगुल छुड़ाकर इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में पुलिस ने आरोपी जितेंद्र को भी पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। एक आरोपी को ग्रामीणों की पिटाई की वजह से चोट आई है।

## एयरफोर्स बाउंड्रीवॉल के पास पकड़ा गया संदिग्ध युवक

गोरखपुर। एयरफोर्स बाउंड्रीवॉल के पास बुधवार सुबह करीब 45 वर्षीय संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। एयरफोर्स विजिलेंस टीम ने पकड़कर उससे पूछताछ की। इसके बाद एम्स थाने की पुलिस को सौंप दिया। आरोपी के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। एम्स थाना पुलिस के मुताबिक, सुबह 7:30 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति एयरफोर्स बाउंड्रीवॉल के पास देखा गया। सीसीटीवी कैमरे में देखकर विजिलेंस टीम ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद काफी देर तक उससे पूछताछ की गई, लेकिन वह कुछ बता नहीं पाया। इसके बाद एम्स थाने की पुलिस को सौंपकर उसके बारे में जानकारी जुटाने के लिए कहा है।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 230 लोगों ने किया आवेदन

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत जनपद सभी विकासखंड कार्यालयों और नगर निकाय कार्यालयों में विशेष कैंप का आयोजन कर स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं का आवेदन कराया गया।

कैंप में कुल 230 लोगों ने आवेदन किया। जनपद के सभी खण्ड विकास कार्यालय एवं सभी नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय पर कैम्प में 230 आवेदकों द्वारा योजना का लाभ लेने के लिए ऋण आवेदन किया गया है। इनमें 179 पुरुषों एवं 51 महिलाओं द्वारा आवेदन किया गया है। उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएम युवा योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप 16 मई तक जनपद महराजगंज के सभी विकास खण्ड कार्यालय एंव सभी नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय पर कैम्प आयोजित किया गया। कैंप में उपरोक्त योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जनपद के युवाओं का पंजीकरण एंव ऑनलाईन आवेदन कराया जाएगा। जिसके बाद जिला उद्योग केंद्र द्वारा आवेदन से लेकर ऋण प्राप्ति तक सभी चरणों में आवश्यक सहायता व जानकारी आवेदनकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने अपील की कि इच्छुक युवा अपने स्वरोजगार हेतु 16 मई 2025 को अपने नजदीकी विकास खण्ड कार्यालय एवं नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचकर अधिक से अधिक ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **09.06.2025 को 15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नही किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 05402025 दिनांक 14.05.2025 | | |
| निविदा संख्या | 08/Sr.DEN-VI/LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर/VI/लखनऊ के अधिकार के क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर-उन्नाव के अन्तर्गत डीएमडब्ल्यू-ओएन सेक्शन में एलसी संख्या 70/सी, 75/सी, 103/सी, 116/सी और 119/सी (कुल-05) के बदले आरयूवी का प्रावधान का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | Rs.25,67,91,324.21 | धरोहर राशि | Rs. 14,34,000.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 26.05.2025 | | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 09.06.2025 15:00 बजे | | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1433/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कार-ट्रक की भीषण टक्कर: पांच लोगों की मौत, 8 घायल बारात से लौटते हादसा, मरने वालों में दो मासूम भी शामिल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को तड़के हुई भीषण सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए।
घायलों का इलाज जिला संयुक्त चिकित्सालय तथा जिला मेमोरियल चिकित्सालय में चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि घायलों की स्थिति सामान्य है। सभी का समुचित इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने अस्पताल का दौरा किया और समुचित इलाज का निर्देश दिया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने 15 मई को बताया कि रात लगभग 1:30 बजे श्रावस्ती के ग्राम बुढनी निवासी राकेश गौतम के घर बारात आई थी।
बारात से वापस लौटते समय कोतवाली देहात के चौकी चकवा के पास अर्टिगा गाड़ी संख्या यूपी 70 एफ डब्लू 8561 को ट्रक ने जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल बताए जा रहे हैं।
मृतकों में जितेंद्र कुमार 35 पुत्र प्रकाश सारायरेंज प्रयागराज, फूल बाबू 50 पुत्र मोहनलाल निवासी धानेपुर गोंडा, विजय 45 पुत्र बच्चा लाल निवासी जुगराजपुर थाना इटियाथोक गोंडा, आदित्य पुत्र विनोद निवासी धानेपुर गोंडा व जीवन 15 पुत्र विनोद निवासी धानेपुर गोंडा शामिल है। घायलों में राघव राम 50, सीताराम 60, गोपाल 8, महक 5, विनोद 45, विकास 12, किशोर कुमार 35 तथा अजय कुमार 35 शामिल है।
बारात गोंडा जिले के थाना इटियाथोक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मधनगर से श्रावस्ती जिले के थाना श्रावस्ती अंतर्गत ग्राम बुढ़नी राकेश गौतम के घर गई थी जहां मधनगर निवासी सेवक राम के पुत्र वाववी राज का विवाह बुढ़नी निवासी राकेश गौतम की पुत्री के साथ होना था। मृतकों तथा घायलों में सभी एक दूसरे के सगे संबंधी हैं। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मरने वालों में एक दूसरे के रिश्तेदार हैं जिसके कारण चारों तरफ मातम फसर हुआ है। बुधवार की शाम जब गोंडा जिले के इंटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम मधनगर से बारात गाजे बाजे के साथ निकली थी। उस समय किसी को दूर-दूर तक के अंदाजा नहीं था की यही खुशी का माहौल कुछ घंटे के बाद मातम में बदलने वाला है। विजय कुमार अपनी अर्टिगा गाड़ी लेकर प्रयागराज से मधनगर अपने भांजे की शादी में शामिल होने आया था। गाड़ी को उन्हें के साढू जितेंद्र कुमार चला रहे थे, जिसमें उनकी मौत हो गई। बारात में आधी रश्म पूरी होने के बाद भोजन करके सभी लोग वापस घर के लिए रवाना हुए थे। मरने वालों में दो मासूम बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने सभी लाशों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
ट्रक को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है तथा मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि दुर्घटना ओवरटेक करनेके चलते हुई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में बात सामने आई है कि अर्टिगा गाड़ी ट्रक को ओवरटेक कर रही थी, तभी सामने से आ रही गाड़ी से बचने के लिए बाएं मोड़ दिया, जिससे ट्रक के नीचे आ गई और यह दर्दनाक दुर्घटना घटित हो गया। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है तथा ड्राइवर की तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि अर्टिगा गाड़ी में कल 13 लोग सवार थे। गाड़ी बारात से वापस श्रवस्ती से गोंडा केलिए जा रही थी।

# राप्ती नदी के कोडारीघाट तटबंध के निकट कटानरोधी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**बारिश से पूर्व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कटान रोधी कार्य पूर्ण किए जाने का डीएम ने दिया निर्देश**



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के दृष्टिगत सभी तटबंधों की मरम्मत एवं काटान रोधी कार्यों को समय से पूर्ण कराए जाने हेतु डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ खंड के कार्यों का निरीक्षण किया गया।
डीएम ने तहसील बलरामपुर में ग्राम सेमराहाना की सुरक्षा हेतु राप्ती नदी के बाएं तट पर कोडारीघाट घाट एफ्लेक्स तटबंध के निकट कटान रोधी कार्य का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने डैंपर बनाने एवं परक्यूपाइन बिछाने के कार्य का जायजा लिया।
उन्होंने कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता परखी। उन्होंने कार्य में तेजी लाते हुए बारिश से पूर्व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यस्थल पर परियोजना का विवरण बोर्ड न लगे होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं बोर्ड लगवाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने तटबंध के मरम्मत के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी, डीईएस टीओ, बाढ़ खंड के अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महाराजगंज पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के थाना महाराजगंज तराई क्षेत्र अन्तर्गत बनरहा महदेईया से अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस 315 बोर और एक अदद मिस कारतूस 315 के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की रोकथाम अभियान के दौरान थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पांडये के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बनराहा तिराहा ग्राम महदेईया से एक युवक को अवैध 315 बोर का देसी तमंचा और एक जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।
पूछताछ में उसने अपना नाम विश्वनाथ तिवारी पुत्र दिग्विजय नाथ तिवारी उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी ग्राम पंडित पुरवा बुढ़न्तपुर थाना ललिया जनपद बलरामपुर बताया है। पुलिस ने युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय रवाना किया।

# बैंक कर्मी ने की आत्महत्या: कर्मचारियों में रोष, शोक सभा कर दी श्रद्धांजलि

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक की शाखा बलरामपुर तथा तुलसीपुर के कर्मचारियों ने बैंक प्रबंधन के नीतियों से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने वाले कर्मचारी को शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कर्मचारियों ने एकजुट होकर बैंक प्रबंधन के नीतियों का विरोध किया।
उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक बलरामपुर के शाखा प्रबंधक महेंद्र पाल ने 15 मई को बताया कि उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 के प्रबंधन द्वारा कर्मचारी विरोधी एवं वेतन कटौती प्रस्ताव पारित किए जाने से आहत व बैंक प्रशासन की नीतियों से क्षुब्ध होकर बैंक की शाखा किरावली जनपद आगरा के देवेन्द्र कुमार यादव, सहायक फील्ड ऑफीसर ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद से पूरे प्रदेश के कर्मचारियों में शोक के साथ-साथ रोष व्याप्त है। जिला मुख्यालय की बैंक शाखा में शाखा तुलसीपुर व बलरामपुर के समस्त कार्मिकों द्वारा शोक सभा आयोजित कर श्रद्धान्जलि दी गयी। कर्मचारियों द्वारा बैंक प्रशासन की कर्मचारी विरोधी एवं दमनकारी नीतियों के विरूद्ध एकजुट होकर आन्दोलन करने का संकल्प लिया गया। लोकसभा में शाखा बलरामपुर के वरिष्ठ प्रबंधक महेंद्र पाल के अलावा सखा आंकिक नीता तिवारी, सहायक आंकिक सुखनंद मिश्रा, सहायक फील्ड ऑफिसर रविंद्रप्रताप सिंह, कैशियर सुनील यादव व संजय कुमार तथा तुलसीपुर शाखा प्रबंधक महेंद्र भानु, आंकिक संजय यादव, शिव शंकर व स्वामी नाथ वर्मा सहित अन्य कई कर्मचारी उपस्थित थे।

# वजन कम करना चाहते हैं तो स्नैकिंग के हेल्दी विकल्पों को अपनाएं

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

खाने के बीच भूख लगना उन लोगों के लिए परेशानी हो सकता है जो वजन कम करना चाहते हैं। इस भूख के दौरान हमें अक्सर ऐसी चीजें खाने का मन करता है जो सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं, जिससे वजन कम करने का लक्ष्य बिगड़ सकता है। लेकिन सही तरीके से नाश्ता करने से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। डॉ. रोहिणी पाटिल (एमबीबीएस और न्यूट्रिशनिस्ट) कहती हैं कि बादाम, फल और सब्जियां जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थ सही मात्रा में खाने चाहिए।
स्नैकिंग के ये स्मार्ट विकल्प न केवल भूख को शांत करते हैं, बल्कि जरूरी पोषक तत्व भी देते हैं जो आपको एनर्जी से भरपूर रखती हैं और आपको संतुष्टि भी मिलती है। डॉ. पाटिल कहती हैं कि नाश्ता करना समस्या नहीं है, बल्कि हम क्या और कितना खाते हैं, यह मायने रखता है। सही पोषक तत्वों के संतुलन के साथ चुने गए नाश्ते से सेहत के लक्ष्यों को बनाए रखा जा सकता है और खाने का आनंद भी लिया जा सकता है।
यहां कुछ सेहतमंद नाश्ते के विकल्प दिए गए हैं जो आपको तृप्त रखेंगे और वजन कम करने की राह पर मदद करेंगे।
मुट्ठी भर बादाम बादाम में प्रोटीन, मैग्नीशियम, विटामिन ई और जिंक जैसे 15 जरूरी पोषक तत्व होते हैं। इनका कुरकुरा स्वाद भूख को शांत करता है। बादाम दिल, त्वचा के लिए अच्छे हैं, और इन्हें खाकर संतुष्टि का अहसास होता है। ये वजन नियंत्रण में मदद करते हैं।

# विवि के प्रधान सहायक अजय पाल सिंह यादव निलंबित, लगे गंभीर आरोप

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

प्रधान सहायक अजय पाल सिंह यादव के मामले की जांच आगरा में आंवलाखेड़ा प्राचार्य डॉ यशोधरा शर्मा को सोंपी गई है। उनसे एक महीने के अंदर जांच आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया है।
राजा महेंद्र प्रताप सिंह यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक के साथ विवि के प्रधान सहायक पर भी गाज गिरी है। प्रधान सहायक अजय पाल सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन पर गंभीर प्रकृति के आरोप लगाए गए हैं।
विवि में प्रधान सहायक अजय पाल सिंह यादव की मूल तैनाती अलीगढ़ के अतरौली स्थित वीरांगना अवन्तीबाई राजकीय महाविद्यालय में हैं। उन्हें विवि में प्रधान सहायक के पद पर भेजा गया था। वीरांगना अवन्तीबाई राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अफरोज आलम ने ने आदेश जारी किया है। जिसके अनुसार इनके खिलाफ जांच आख्या में अत्यंत गंभीर प्रकृति के आरोप लगाए गए हैं। इन्हें तत्कार प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# पैर में फ्रैक्चर, डेढ़ घंटे किया इंतजार, स्ट्रेचर नहीं मिला तो घिसटकर पहुंचे एक्सरे कराने

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



सफेदपुरा निवासी सचिन ने बताया कि दो घंटे के बाद तो पर्चा ही बना। ओपीडी कक्ष संख्या छह में दिखाने पहुंचे तो डॉक्टर ने वहां से भगा दिया और कहा कि यह उनकी ओपीडी का मामला नहीं है। फिर से उन्हें डेढ़ घंटे दूसरी ओपीडी के बाहर कतार में लगना पड़ा।
अलीगढ़ में क्वार्सी निवासी मोहित कुमार के दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया, वह एक्सरा कराने के लिए बुधवार को दीन दयाल अस्पताल पहुंचे। डेढ़ घंटे तक उन्होंने इंतजार किया, लेकिन स्ट्रेचर नहीं मिला, इसके बाद किसी तरह से घिसटते हुए वह खुद एक्सरे रूम में पहुंचे।
चिकित्सा सेवाओं की बदहाली यह तस्वीर 14 मई को सवा नौ बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल में साफ नजर आई। मोहित कुमार लड़खड़ाते, घिसटते एक्सरे रूम की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि क्या करें, स्ट्रेचर नहीं मिली। मजबूरी में इस तरह से जाना पड़ रहा है। वार्ड बॉय न मिलने पर पति ने खिंची स्ट्रेचर, पीछे से बच्चे ने मारा धक्का सुबह आठ बजे से डीडीयू में पर्चा बनवाने के लिए काउंटर पर मरीजों और तीमारदारों की भीड़ लगी थी। ओपीडी में करीब 1300 मरीज आए थे।डॉ. अनिल कुमार मौर्य के कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी थी। सुबह नौ बजे से सुबह 11 बजे तक कतार में लगे गभाना के रामप्रकाश (55) की तबीयत बिगड़ गई। ब्लडप्रेशर बढ़ने से वहीं कुर्सी पर ही लेट गए। गर्मी की वजह से तीन मरीजों की हालत भी बिगड़ गई। पांच मरीज ब्लड प्रेशर और शुगर बढ़ने से जमीन पर ही लेट गए।
सफेदपुरा निवासी सचिन ने बताया कि दो घंटे के बाद तो पर्चा ही बना। ओपीडी कक्ष संख्या छह में दिखाने पहुंचे तो डॉक्टर ने वहां से भगा दिया और कहा कि यह उनकी ओपीडी का मामला नहीं है।
फिर से उन्हें डेढ़ घंटे दूसरी ओपीडी के बाहर कतार में लगना पड़ा। सुबह 10 बजे एक युवक को मरीज घेरे हुए थे। वह मोबाइल से ऑनलाइन पर्चा बना रहा था। जल्दी पर्चा बनवाने के चक्कर में कुछ मरीजों ने पर्चा बनवा लिया। कुछ ने मना कर दिया। बोले- इससे ऑनलाइन ठगी हो सकती है।

# औरंगजेब की मौत: सत्र न्यायालय में अर्जी दायर

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

मामू भांजा इलाके में पिछले वर्ष 18 जून को चोरी के इरादे से घुसे मोहल्ला घास की मंडी, रंगरेजान निवासी फरीद उर्फ औरंगजेब को पीटा गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। उसके भाई जकी ने मुकदमा दर्ज कराया कि घर लौटते समय औरंगजेब को आरोपियों ने घेर लिया और लाठी-डंडे, हॉकी, सरिया से बेरहमी से पीटा।
अलीगढ़ में गांधीपार्क के मामू भांजा क्षेत्र के बहुचर्चित औरंगजेब की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। कोर्ट में आरोप तय होने की प्रक्रिया के बीच वादी पक्ष ने हत्या की धारा में आरोप तय करने की अर्जी दाखिल की है। अदालत ने सुनवाई के लिए 3 जून की तारीख नियत कर दी है। पुलिस ने मामले में 6 आरोपियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या की धारा की चार्जशीट दाखिल की थी। मामू भांजा इलाके में पिछले वर्ष 18 जून को चोरी के इरादे से घुसे मोहल्ला घास की मंडी, रंगरेजान निवासी फरीद उर्फ औरंगजेब को पीटा गया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# जिला अस्पताल के सर्जन ने महिला के पेट से ट्यूमर निकाल कर बचाई जान



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जिला अस्पताल में चिकित्सक ने एक महिला के पेट से 5.5 किलो का ट्यूमर निकाला है। महिला 5 सालों से आंत में ट्यूमर से जूझ रही थी। पहले ही महिला द्वारा कई अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन करने से साफ मना कर दिया था वही जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन चिकित्सक डॉ विपिन वर्मा से। जटिल सर्जरी करके ट्यूमर को सफलतापूर्वक ऑपरेशन करके निकला गया इसके चार दिन पूर्व भी चिकित्सक द्वारा एक मरीज के पेट से 3 किलो का ट्यूमर सर्जरी करके निकला गया था। जिला अस्पताल के सर्जिकल विभाग के चिकित्सा वरिष्ठ सर्जन डॉ विपिन वर्मा ने देर रात को तीन घंटे की सर्जरी में आंत ट्यूमर से जूझ रही महिला का सफल ऑपरेशन किया। महिला जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र के बैरागल की रहने वाली थी जो पेट में लंबे समय से 5 किलो से अधिक के ट्यूमर होने से काफी परेशान थी। चिकित्सक का कहना है कि मरीज अब ठीक और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दी जा चुकी है। डॉ विपिन वर्मा का दावा है कि इस सर्जरी के बाद महिला की उम्र बढ़ गई है। वह महिला 5 वर्षों से आंत ट्यूमर से पीड़ित थी।

# पहला फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन लॉन्च

जन एक्सप्रेस/आगरा। स्पैम के खिलाफ अपनी लगातार लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए, एयरटेल ने आज एक अत्याधुनिक समाधान लॉन्च किया है, जो सभी कम्युनिकेशन ओवर-द-टॉप (ओटीटी) ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स- जैसे ईमेल, ब्राउज़र, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एसएमएस आदि- पर फ्रॉड और मैलिशियस वेबसाइट्स को रियल टाइम में पहचान कर ब्लॉक कर देगा। यह सुरक्षित सेवा सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के स्वचालित रूप से सक्रिय कर दी जायेगा द्य जब कोई ग्राहक ऐसी वेबसाइट खोलने की कोशिश करता है, जिसे एयरटेल की सिक्योरिटी सिस्टम ने मैलिशियस के रूप में फ्लैग किया है, तो उस वेबसाइट का पेज लोड नहीं होता, इसके बजाय, ग्राहक को एक नए पेज पर रीडायरेक्ट किया जाता है, जहां ब्लॉक किए जाने का कारण स्पष्ट रूप से बताया जाता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के देशभर में तेजी से विस्तार के चलते ऑनलाइन फ्रॉड का खतरा हर दिन बढ़ रहा है, जिससे उपभोक्ताओं पर गंभीर जोखिम मंडरा रहा है। हाल के दिनों में ऐसे खतरों में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है।

# पहले एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य उद्घाटन किया



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

देश की अग्रणी सीमेंट निर्माण कंपनी एमपी बिरला सीमेंट ने आज तरबगंज, जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश, में अपने अत्याधुनिक एक्सपीरियंस सेंटर का भव्य उद्घाटन किया। इस केंद्र का उद्देश्य ग्राहकों, आर्किटेक्ट्स, बिल्डरों और इंजीनियरों को सीमेंट और निर्माण से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, गुणवत्ता और टिकाऊ निर्माण करने के लिए तकनीकी सहायता देना है।
एमपी बिरला सीमेंट ने इस पहल के माध्यम से निर्माण उद्योग में पारदर्शिता, गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है।
कंपनी के सीएमओ कालीदास प्रमाणिक ने कहा, यह एक्सपीरियंस सेंटर हमारे ग्राहकों को केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण समाधान और ज्ञान प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कालीदास प्रमाणिक, प्रेसिडेंट (सेल्स) संजय भंडारी, रीजनल हेड अविनाश सिंह, तकनीकी सेवा प्रमुख अशिवानी प्रताप सिंह, ब्रांच हेड प्रकाश श्रीवास्तव, सेल्स प्रमोटर्स, डीलर, रिटेलर, इंजीनियर, ठेकेदार व उपभोक्ता उपस्थिति रहे।

# यूपी पुलिस के IPS बांदा पुलिस अधीक्षक के रूप में सुपर हीरो पलास बंसल

■ टीम में मौजूद हैं कई खतरनाक सिंघम, बड़े बड़े अपराधों को रोकने व उनके खुलासों मे माहिर

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पुलिस अधीक्षक पलास बंसल के बांदा पुलिस की बागडोर संभालते ही बड़ी बड़ी वारदातें जिनके खुलासों में पुलिस को पसीना आ रहा था पर खुलासों मे देरी थी। लेकिन पुलिस अधीक्षक पलास बंसल की कुशल रणनीति से सब कुछ आसान हो गया। पुलिस अधीक्षक पलास बंसल ने आते ही सबसे पहले अपने थानों के निरीक्षकों व उप निरीक्षकों को इधर-उधर किया और सख्त निर्देश दिए की कोई भी फरियादी थाने से वापस नहीं लौटेगा और जाऐगा भी तो संतुष्ट होकर।ऐसा नहीं करने वाले पुलिस कर्मियों को दंडित भी किया जाएगा।और थानों के सभी हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर,टापटेन, भूमाफिया, चिन्हित किऐ जाऐ सभी पर निगरानी की जाऐ।कस्बों व गांवों में गस्त बढाया जाऐ। स्कूल टाइम में स्कूलों के आसपास पुलिस फोर्स गस्त ज्यादा करे ताकि अपराधों में रोकथाम हो।और उसका असर हुआ अपराधों में कमी आयी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अब फरियादियों का आना-जाना कम हो गया ज्यादातर मामले अब थाना स्तर पर ही निस्तारित हो जा रहे हैं।और जो फरियादी संतुष्ट नहीं होता उससे पुलिस अधीक्षक पलास बंसल खुद अपने कार्यालय में मिलकर संतुष्ट करते हैं।जिस दिन से पुलिस अधीक्षक पलास बंसल ने बांदा की कमान संभाली है तब से लेकर आज तक पुलिस की कार्यशैली में बहुत बड़ा अंतर आया है। अब सभी



पुलिस कर्मियों को डर बना रहता है कि कहीं हमारी शिकायत बड़े साहब से न हो जाए।जनपद के सभी पुलिस चौकी थानों में पुलिस कर्मियों की शारीरिक व मशीनरी मेहनत के साथ साथ सोसल मेहनत भी एक्टिव नजर आने लगी है।किसी भी घटना घटित होने के दो या तीन मिनट में पुलिस सहायता मिल जाती है।और ये सब अंतर आया है पुलिस अधीक्षक पलास बंसल की सख्त कार्यशैली व कुशल रणनीति से जिले में ऐसे ही एक ईमानदार व सख्त अधिकारी की जरूरत थी जिसे उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने समझकर पूरा किया।आपको बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक पलास बंसल की टीम मे कई बड़े काबिल व होशियार सिपाही,दरोगा,है जो बड़ी से बड़ी घटना का खुलासा तुरंत ही कर देते हैं।जैसे की कुछ नाम हैं जिनकी मेहनत व तारीफें जनता बीते कई वर्षों से देख सुन व पढ रही है।हम बात करते हैं वर्तमान समय में तैनात साढ़े छः फुट लम्बें खली जैसे दिखने वाले जिन्हें देखकर बड़े बड़े अपराधियों की हवा निकल जाती है (स्पेशल आपरेशन ग्रुप) एसओजी के प्रभारी केडी तिवारी जिन्होंने बीते कई वर्षों से बांदा पुलिस के लिए अपनी जान की बाजी लगाकर बड़े बड़े अपराधों का खुलासा किया है।जो रिकार्ड में मौजूद हैं।और एक नाम और बताना चाहूंगा वर्तमान समय में बिसंडा थाने में तैनात थाना प्रभारी कौशल सिंह जिन्होंने जिले के तमाम पुलिस थानों में बतौर थानेदार व पुलिस चौकीयों में चौकी इंचार्ज रहकर बडी बडी घटनाओं का तुरंत खुलासा किया है और आज तक इनके कार्यों व करैक्टर में दाग नहीं लगा।और न ही कभी इनकी कार्यशैली की शिकायतें हुईं।ऐसे कई निरीक्षक व उप निरीक्षक हैं जो पुलिस की वर्दी में रहकर ईमानदारी से अपने फर्ज को निभाते हैं।ये सब पहले भी बहुत सक्रिय रहते थे लेकिन बीच में पता नहीं बांदा को किसी की नजर लग गयी और एक के बाद एक बड़े बड़े अपराध हो रहे थे और खुलासों में देर। तभी जिले में बतौर पुलिस अधीक्षक के रूप में पलास बंसल का आगमन हुआ और पलास बंसल की कुशल रणनीति व मृदुल स्वाभाव जनता जनता को पसंद आने लगा। हमनें ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जब पूंछा की पुलिस अधीक्षक पलास बंसल कैसे हैं तो लोगों ने बताया की पूर्णतः ईमानदार व सख्त लहज़े वाले हैं।और हम लोगों से सीधे मिलते हैं और समस्या का समाधान कराते हैं।जिले के किसी की पुलिसकर्मी की क्या हिम्मत जो उनके आदेश का पालन न करे। नाम ही काफी है पलास बंसल।

# शिक्षक राकेश पाण्डेय के जुनून, दृढ़-इच्छाशक्ति, लगन ने बदल दी नेवादा स्कूल की तस्वीर





- शिक्षक राकेश पाण्डेय के अथक प्रयास से बदल गया नेवादा स्कूल की सूरत, अब कॉन्वेंट को देता है टक्कर
- डीएम बस्ती व बेसिक शिक्षा अधिकारी भी उन्कृष्ट कार्यो के लिए कर चुके हैं सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

मन में कुछ करने का जज्बा और जुनून हो तो कुछ भी असंभव नहीं है। ऐसा ही कर दिखाया है, बस्ती जिले के विकास क्षेत्र सल्टौवा के कंपोजिट विद्यालय नेवादा में तैनात शिक्षक राकेश पाण्डेय ने शिक्षण, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए काम दूसरे स्कूलों के लिए नजीर बन चुका है। शिक्षक ठान लें तो परिषदीय विद्यालयों की सूरत बदलते देर नहीं लगेगी। सल्टौवा विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय नेवादा के शिक्षक राकेश कुमार पाण्डेय की पहल रंग ला रही है। विद्यालयों में हो रहा परिवर्तन केवल दीवारों की रंगाई या स्कूलों की सजावट भर नहीं है, यह बच्चों के भविष्य को रचने वाली वह मजबूत नींव है जिसे ऐसे शिक्षक अपने पसीने, समर्पण और नवाचार से दिन-रात गढ़ रहे हैं। आज जब देश शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए प्रयासरत है, तब बस्ती जनपद में राकेश कुमार पाण्डेय जैसे शिक्षक मिसाल बनकर सामने आ रहे हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि यदि संकल्प हो, तो सरकारी स्कूल भी निजी संस्थानों को चुनौती दे सकते हैं।

### हर सुबह 'शिक्षा संकल्प रैली' से गाँव के गलियों में गूंजता है 'शिक्षा है अनमोल रतन, इससे बढ़कर नहीं कोई धन' का नारा

कंपोजिट विद्यालय नेवादा के शिक्षक राकेश पाण्डेय अपने स्टाफ के साथ हर रोज शिक्षा के स्तर बेहतरीन करने के लिए नए-नए प्रयोग करते रहते हैं। छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु 100 प्रतिशत उपस्थिति प्रमाण पत्र, 'प्रतिभा सम्मान, जैसे नवाचार किए जा रहे हैं। जहाँ पहले बच्चे स्कूल आने से कतराते थे, अब वे खुद अभिभावकों को स्कूल पहुँचने की जल्दी मचाते हैं। माता-पिता भी विद्यालय में होने वाले बदलाव से भावुक हैं। उनका कहना हैकृ अब हमें निजी स्कूल की चिंता नहीं, हमारा बच्चा सरकारी स्कूल में ही बेहतर सीख रहा है।

### शिक्षक राकेश पाण्डेय के कार्यों से बीएसए गदगद,बोले सभी शिक्षकों को करना चाहिए राकेश पाण्डेय का अनुसरण

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी शिक्षक राकेश पांडे की जमकर तारीफ की है। बीएसए ने बताया कि शिक्षक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया जा रहा प्रयास बेहद सराहनीय है और उन शिक्षकों के लिए अनुकरणीय भी जिन्हें इस तरह की विशेष स्टेट जी करके अपने भी विद्यालयों में बदलाव करना चाहिए ÷यह बदलाव किसी योजना मात्र का परिणाम नहीं, यह उन शिक्षकों की तपस्या है जो अपने विद्यार्थियों को भारत का भविष्य मानकर निःस्वार्थ भाव से जुटे हैं। बस्ती जिला शिक्षा का रोल मॉडल बनकर उभर रहा है।

> जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की प्रेरणा व मार्गदर्शन से नेवादा विद्यालय को बस्ती जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में स्कूल को टॉप पर ले जाने का संकल्प है। शिक्षा का स्तर अच्छा करने के वह अपने स्तर से कड़ी मेहनत करेंगे, जिससे बस्ती जिले का नाम रोशन हो सके।
>
> 
>
> राकेश पाण्डेय शिक्षक कंपोजिट विद्यालय नेवादा

### स्कूल में बच्चों की संख्या थी न के बराबर, अब है संख्या 100 के पार

स्कूल में बच्चों की संख्या पहले ना के बराबर लेकिन शिक्षक राकेश पांडे की अथक प्रयास और मेहनत लगन का परिणाम है कि अब संख्या सैकड़ा पार कर चुकी है। कई स्कूलों में पहले 50 से भी कम नामांकन थे, अब वही स्कूल 100 बच्चों से गूंज रहे हैं। उपस्थिति औसत 90ः पार कर गई है। इसके पीछे स्कूल परिवार का अथक प्रयास, शिक्षकों की रचनात्मकता और जनभागीदारी है। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक विजय मिश्रा सोमनाथ गुप्ता राम प्रकाश शुक्ला दयाशंकर पटेल सहायक अध्यापक के अभिनव प्रयास का फल है कि सल्टौवा विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय नेवादा की सूरत लगातार बदल रही है।

# गो तस्करी गिरोह का भंडाफोड़: मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, महिला सहित दो गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले की शाहगंज पुलिस ने मंगलवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने वाले एक गोतस्कर को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि उसका एक अन्य साथी फरार हो गया। घायल बदमाश के पास से तमंचा, गोमांस और कटान के उपकरण बरामद हुए हैं। मौके पर मौजूद महिला अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देश व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम जमदानीपुर-दीदारगंज बॉर्डर पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान सबरहद की ओर से आ रहे एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगा, इसी दौरान बोरी खिसकने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक चला रहा बदमाश खेत की ओर भागते हुए पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग करने लगा। आत्मरक्षा में उपनिरीक्षक सैय्यद हसन जाफर रिजवी और उपनिरीक्षक चंद्रभान यादव ने जवाबी फायरिंग की। इसमें एक गोली लगने से आरोपी घायल हो गया, जिसे मौके पर ही दबोच लिया गया।

गिरफ्तार बदमाश की पहचान सादाब पुत्र फरहद, निवासी भरौली, थाना शाहगंज के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह अपने साथियों के साथ आवारा गाय-बछड़ों को पकड़कर काटते हैं और उनका मांस आसपास के इलाकों में बेचते हैं। उस समय वह करीब 120 किलो गोवंशीय मांस लेकर आजमगढ़ जा रहा था। उसने बताया कि उसके साथी नौशाद, पप्पू, दिलशाद, इरशाद और नौशाद की पत्नी रूबाना गांव जमदानीपुर स्थित घर में बछड़े का मांस काटने का काम कर रहे थे। पुलिस ने मौके से रूबाना पत्नी नौशाद को भी गिरफ्तार कर लिया। उधर घायल बदमाश का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### बरामदगी

- एक तमंचा .315 बोर
- दो खोखा कारतूस
- गोवंशीय मांस लगभग 120 किलो

### मांस काटने के उपकरण

- चाकू
- गड़ासा
- तराजू
- बाट
- मोटरसाइकिल
- मोबाइल।

### गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी विरुद्ध धाराएं- 109(1), 352, 351(3) भारतीय न्याय संहिता 2023, 3/25 आर्म्स एक्ट, 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम।

### पुलिस कार्रवाई में ये रहे शामिल

जौनपुर। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ चलाए गए इस अभियान में प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह, उ.नि. सैयद हसन जाफर रिजवी, उ.नि. चंद्रभान यादव, हे.का. सलीम खां, तेजबहादुर यादव, प्रमोद यादव, बृजभान सरोज, कांस्टेबल अनिल कुमार, अभिराम खरवार, रवि प्रताप सिंह, पवन प्रकाश, महिला कांस्टेबल रीता वर्मा, संगम शर्मा व पुष्पा शुक्ला।

# खड़ी ट्रक से कार टकरायी, तीन घायल, एक की हालत गम्भीर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद। वाराणसी जौनपुर नेशनल हाईवे पर जगदीशपुर पेट्रोल पंप के पास स्थित एक ढाबे के सामने बीती रात को सड़क किनारे खड़ी ट्रक से एक कार टकरा गयी। जिससे कार में सवार तीन लोग घायल हो गये।

अचानक हुए इस घटनाक्रम से पूरे इलाके में कोहराम मच गया। पास पड़ोस के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचने में काफी मदद की।

घायलों में एक की हालात काफी गम्भीर बतायी जा रही है।

शहर के मियांपुर गांव निवासी अनिकेत वर्मा पुत्र दिनेश चंद्र वर्मा, प्रदीक कुमार भरद्वाज पुत्र बबलू तथा नीरज यादव पुत्र राजेश यादव निवासी सरोनी केराकत कार से जौनपुर किसी जरूरी काम से गए हुए थे। देर रात को कार से ही वह वापस जौनपुर से वाराणसी की तरफ जा रहे थे। विपरीत दिशा से एक गाड़ी आ गई। उसकी तेज रोशनी में इन्हें सड़क किनारे खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया। अचानक उनकी कार खड़े ट्रक से जाकर टकरा गयी।घटना में तीनों घायल हो गए। उन्हें आनन फानन में जिला चिकित्सालय भिजवाया गया। जहाँ से प्रदीक की हालत गम्भीर देखकर ट्रामा सेंटर बीएचयू रेफर कर दिया गया।

### आखिर सड़क किनारे क्यों खड़ी होती हैं भारी भरकम गाड़ियां

जफराबाद। जौनपुर वाराणसी नेशनल हाईवे हो अथवा जिले का अन्य कोई भी सड़क मार्ग। शासन का सख्त निर्देश है कि हाइवे किनारे कोई भी गाड़ी खड़ी न रहे। हो। क्योंकि बड़े-बड़े हादसों में आए दिन दो-चार लोगों की जान चली जा रही है। इस पूरे घटना का मुख्य कारण होता है सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से खड़ी होने वाले ट्रक, डंपर व अन्य कोई गाड़ी। अभी पिछले महीने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को कड़े निर्देश दिया था कि सड़क किनारे ढाबा या अन्य किसी प्रतिष्ठान के पास कोई भी गाड़ी रोड पर नहीं खड़ी होनी चाहिए। बावजूद इसके जौनपुर वाराणसी नेशनल हाईवे पर वाहनों की कतार लगी होती है। जब हादसे होते हैं पुलिस लाठी पीटती है। फिर ढाक के वही तीन पात वाली बात होकर रह जाती।

# ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के बलाक अध्यक्ष बने नागेंद्र



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के विकासखंड करंजाकला में गुरुवार को ग्राम पंचायत अधिकारियों की बैठक हुई ।जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के पदाधिकारी का मनोनयन किया गया, जिसमे नागेंद्र कुमार यादव को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। बता दें कि ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की बैठक विकासखंड करन्जाकला ब्लाक के परिसर में भारी गहमा गहमी के बीच हुई। जिसमें सभी ग्राम पंचायत अधिकारी ने आपसी सहमति से विचार विमर्श किया और बैठक की अध्यक्षता सहायक अधिकारी पंचायत करंजाकला डॉ रामकृष्ण यादव ने किया। इस मौके पर सभी लोगों ने सर्व-सम्मति से ग्राम पंचायत अधिकारी संघ का ब्लाक अध्यक्ष नागेंद्र कुमार यादव को चुना गया। उपाध्यक्ष अमित कुमार सोनकर, मंत्री नवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष नीति साहू, संप्रेक्षक प्रमोद यादव, मीडिया प्रभारी अवधेश यादव का चयन किया गया। इसके अलावा अन्य शेष पदो पर पदाधिकारियो का बाद में चयन किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष बने नागेंद्र कुमार यादव ने कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारियों की जो भी समस्याएं रहेंगी,

उसे मजबूती के साथ निराकरण के लिए काम किया जाएगा और किसी ग्राम पंचायत के अधिकारी के साथ भेदभाव किसी तरह का अन्याय भी नहीं होने दिया जाएगा। यह संगठन हमेशा एक दूसरे के सहयोग में खड़ा रहेगा। मनोनीत पदाधिकारी को सहायक पंचायत अधिकारी करंजाकला रामकृष्ण यादव ने पद गोपनियता की शपथ दिलाई और सभी मनोनयन पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने संगठन के लिए हर संभव पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। कहां अपने कर्मचारी साथियों का उत्पीड़न कहीं भी होगा तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा।

कर्मचारियों के हक के खातिर सभी लड़ाई को पूरी मजबूती के साथ लड़ी जाएगी।

# मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर कांग्रेस का विरोध, बर्खास्त करने की मांग



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया को लेकर दिए गए विवादित बयान पर देशभर में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में बस्ती जिले में कांग्रेस पार्टी ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार दोपहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बस्ती सदर तहसील पहुंचकर मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपते हुए विजय शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा ने कहा कि ऐसे गैरजिम्मेदार और अमर्यादित बयान न केवल संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाते हैं, बल्कि सामाजिक सौहार्द भी बिगाड़ते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोग यदि महिलाओं और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बयान देंगे, तो देश में नफरत का माहौल बढ़ेगा, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जन एक्सप्रेस की खबर का बड़ा असर

## मडियाहूं पुलिस ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, चेतावनी के बाद भी दोबारा कब्जा जमाया अतिक्रमणकारियों ने

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



मडियाहूं। जन एक्सप्रेस की प्रभावशाली रिपोर्टिंग ने एक बार फिर प्रशासन को मजबूर कर दिया हरकत में आने पर। सड़कों और फुटपाथों पर बढ़ते अतिक्रमण और उससे पैदा हो रहे जाम के खिलाफ जन एक्सप्रेस द्वारा प्रकाशित खबर का जबरदस्त असर हुआ है। मडियाहूं कोतवाली पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

### जाम और अराजकता के खिलाफ उठा पुलिस का डंडा

पुलिस टीम ने मडियाहूं के प्रमुख मार्गों पर अवैध रूप से कब्जा किए दुकानदारों और ठेलेवालों को हटाया। फुटपाथ और सड़कों से अतिक्रमण हटाकर यातायात को सुचारु करने की दिशा में यह कदम सराहनीय है। पुलिस ने कड़ी चेतावनी भी दी कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लेकिन चेतावनी की उड़ाई धज्जियां, लौट आए अतिक्रमणकारी

हैरानी की बात यह रही कि पुलिस के जाते ही अतिक्रमणकारियों ने फिर से कब्जा जमा लिया। इससे साफ जाहिर है कि सिर्फ कार्रवाई नहीं, बल्कि लगातार निगरानी और सख्ती की जरूरत है। जन एक्सप्रेस की खबर ने जहां प्रशासन की आंखें खोल दीं, वहीं अतिक्रमणकारियों की बेशर्मी और प्रशासनिक लापरवाही भी सामने आ गई।

### बच्चों, बुजुर्गों और आम जनता को राहत की दरकार

सड़क किनारे अतिक्रमण की वजह से कड़ाके की धूप में स्कूल जाते बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी होती थी। घंटों ट्रैफिक जाम में फंसे रहना आम बात हो गई थी। ऐसे में यह अभियान नागरिकों के लिए राहत की किरण बन सकता हैध् बशर्ते इसे नियमित और प्रभावी तरीके से जारी रखा जाए।

### जन एक्सप्रेस ने उठाई थी जन समस्या, अब निगरानी की बारी

जन एक्सप्रेस ने इस गंभीर मुद्दे को डिजिटल और प्रिंट मीडिया दोनों में प्रमुखता से उठाया था। यह जनसरोकार की पत्रकारिता का प्रभाव ही है कि अब प्रशासन हरकत में आया है। लेकिन असली परीक्षा तब होगी जब यह अभियान सिर्फ दिखावे तक सीमित न रहकर स्थायी समाधान की दिशा में बढ रही है

# चोरी गयी बाइक का बीस दिनों बाद भी नहीं लगा सुराग

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**गौराबादशाहपुर।** जिले के गौराबादशाहपुर थाना अंतर्गत गौराबादशाहपुर कस्बा स्थित पुलिस चौकी के बगल से बीस दिनों पहले दिनदहाड़े चोरी हुई बाइक का सुराग लगा पाने में पुलिस सफल नहीं हो पायी है। चर्चाओं के साथ भुक्तभोगी का भी कहना है कि सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से चोर चिन्हित किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में भी लिया। लेकिन पुलिस चोरी गयी बाइक अभी तक बरामद नहीं कर सकी। जिसको लेकर पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब सीसीटीवी कैमरे से चोर चिन्हित हुआ। पकड़ा गया तो पुलिस चोरी गयी बाइक का पता क्यों नहीं लगा पायी। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। गौराबादशाहपुर कस्बा स्थित पुलिस चौकी के पास रेहान पुत्र इलियास एक किराये के मकान में रहते हैं। पुलिस चौकी के बगल में ही उनकी दुकान भी है। उन्होंने अपनी सुपर स्पेलेंडर बाइक घर के बाहर ही खड़ी की थी। जो चोरी चली गयी। इसकी सूचना भुक्तभोगी ने कस्बा चौकी इंचार्ज रवि प्रकाश को दी। पुलिस ने बाइक चोरी का मुकदमा भी दर्ज कर लिया। लेकिन बीस दिनों बाद भी पुलिस चोरी गये बाइक को बरामद करने में सफल नहीं हो पाई है। लोग गौराबादशाहपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। पुलिस चौकी के बगल से दिनदहाड़े बाइक चोरी हो जाना पुलिस के लिये चुनौती से कम नहीं है।

# चयन वेतनमान को लेकर प्राथमिक शिक्षक भड़के, पोर्टल की गड़बड़ियों ने बढ़ाई परेशानी



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के प्राथमिक शिक्षकों में चयन वेतनमान को लेकर भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जौनपुर के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष अरविंद शुक्ल के नेतृत्व में गुरुवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल से भेंट कर शिक्षकों की समस्याओं से जुड़ा मांगपत्र सौंपा। संघ का आरोप है कि मानव संपदा पोर्टल के जरिये शुरू की गई ऑनलाइन प्रक्रिया न केवल अपूर्ण है, बल्कि शिक्षकों के लिए सिरदर्द बन गई है। चयन वेतनमान की प्रक्रिया का पहला चरण भी पूरा नहीं हो पा रहा है।

### ऑनलाइन प्रक्रिया बनी शिक्षकों की मुसीबत

जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ल ने बताया कि 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर चुके सैकड़ों शिक्षक चयन वेतनमान की बाट जोह रहे हैं। लेकिन पोर्टल पर न तो उनका इनिशियल कैडर अपडेट हो रहा है, न ही कोई दिशा-निर्देश मिल रहे हैं। इससे शिक्षकों का हक मारा जा रहा है और वे आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर हैं।

### ज्ञापन में उठाई ये अहम मांगें

संघ ने मांग की कि सभी ब्लॉकों से खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा उन शिक्षकों की सूची मंगाई जाए जिनका कैडर पोर्टल पर नहीं दिख रहा है। साथ ही पोर्टल की तकनीकी समस्याओं को तत्काल दूर कर लंबित चयन वेतनमान स्वीकृत किया जाए।

### संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में रविचंद्र यादव, वीरेंद्र प्रताप सिंह, लालसाहब यादव, रामदुलार यादव, लक्ष्मीकांत सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सभी ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो शिक्षक संघ को मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# जिलाधिकारी ने बैंकों का किया आकस्मिक निरीक्षण दिए संबंधित को निर्देश

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिलाधिकारी द्वारा पंजाब नेशनल बैंक मुख्य शाखा, शाही पुल का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के संदर्भ में पीएनबी की सभी 18 शाखाओं से कुल 56 आवेदन डिस्बर्समेंट हेतु लम्बित पाया गया, जिसपर शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि 03 दिन के भीतर सारी पेन्डेसी खत्म करते हुए अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक है। योजना का उददेश्य जनपद के युवाओं को रोजगार सृजक बनाने के साथ ही स्वावलम्बन की दिशा में तेजी से आगे बढाना है। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में ऋण वितरित करने के निर्देश दिये जिससे जनपद का सीडी रेशियो में वृद्धि हो सके। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा बैंक में उपस्थित ग्राहको को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए कहा गया कि सभी लोग अनिवार्य रूप से इस योजना का लाभ लें। इस अवसर पर एलडीएम सहित बैंक के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# सीएचसी में महीनों से खराब पड़ा आरो प्लांट

- भीषण गर्मी में मरीजों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा, नगर पंचायत बेखबर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**मछलीशहर।** स्वच्छ जल, स्वस्थ जीवन का दावा करने वाली सरकार की हकीकत मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी में खुलकर सामने आ रही है। यहां नगर पंचायत मछलीशहर द्वारा लगाया गया आरो प्लांट कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है, लेकिन आज तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। परिणामस्वरूप अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार आरो मशीन प्रेरणा कैंटीन के बगल में खराब हालत में पड़ी हुई है, लेकिन जब नगर पंचायत से जवाब मांगा गया तो कर्मचारियों ने इसे चालू बताया! हकीकत ये है कि अस्पताल में आरो प्लांट लगा ही नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब मशीन न चालू है, न अस्पताल में स्थापित, तो जिम्मेदार आखिर किसे गुमराह कर रहे हैं?

### गर्मी में मरीजों की हालत खराब, पानी खरीदने को मजबूर

स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को खुद पानी खरीदना पड़ रहा है। कई बार गंभीर मरीजों को गर्मी और प्यास के चलते परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह न केवल मानवता के खिलाफ है, बल्कि सरकारी व्यवस्था की चौंकाने वाली लापरवाही को भी उजागर करता है।

### ना नगर पंचायत जाग रही, ना प्रशासन

सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या नगर पंचायत और तहसील प्रशासन को इस जन समस्या की कोई खबर नहीं है? या फिर जानबूझकर इसे नजरअंदाज किया जा रहा है? जहां एक ओर सरकार हर जगह शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मुहिम चला रही है, वहीं मछलीशहर में ये मिशन खुद भ्रष्ट लापरवाही की बलि चढ़ गया है।

# तेज रफ्तार पिकअप ने चौकी इंचार्ज को मारी टक्कर

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र के पराऊगंज चौकी अंतर्गत चौरी बाजार में बुधवार रात एक गंभीर घटना में चौकी इंचार्ज प्रतिमा सिंह और उनके तीन हमराही सिपाही घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ जब चौकी इंचार्ज एक मामले में दबिश देने जा रही थीं। घटना की जानकारी देते हुए एसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिमा सिंह अपने दल के साथ जा रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात पिकअप वाहन ने जानबूझकर उनकी टीम को टक्कर मार दी। हादसे में चौकी इंचार्ज गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि तीन सिपाहियों को भी चोटें आई हैं। सभी घायलों का इलाज जारी है। एसपी ग्रामीण ने कहा कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की तलाश के लिए 10 टीमें गठित की गई हैं। क्षेत्र में सघन नाकेबंदी कर छापेमारी की जा रही है। फिलहाल अज्ञात अभियुक्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति इस कृत्य में संलिप्त पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अनुशासित जीवन, राष्ट्र प्रेम व संस्कार की दी विद्यार्थियों को प्रेरणा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

केराकत। देश के रक्षक हमारा अभिमान, आओ करें उनका सम्मान, इस भाव को साकार करते हुए गुरुवार को गोमती पब्लिक स्कूल, छितौना में भूतपूर्व सैनिकों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुशासन, देशप्रेम और संस्कार जैसे मूल्यों की भावना से वातावरण गूंज उठा। छितौना गांव के भूतपूर्व सैनिक श्याम जी शुक्ल, सुबास चंद्र यादव, राजीत मौर्य, रामासरे यादव व छेदीलाल सरोज द्वारा राष्ट्रगान के साथ समारोह की शुरूआत की गई। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। विद्यालय परिवार द्वारा सैनिकों को पुष्पमाला पहनाकर, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भूतपूर्व सैनिकों ने अनुशासित जीवन को सफलता का मूलमंत्र बताया और कहा कि राष्ट्र सेवा सर्वोच्च कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और संस्कार को अपनाने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य अमित कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि सैनिकों का अनुभव और प्रेरणा बच्चों को न केवल जागरूक करती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन भी देती है। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों हेतु सम्मानित किया गया।

# प्राइवेट हॉस्पिटलों का औचक निरीक्षण करे, भ्रूण हत्या करने वाले लोगो व डॉक्टरों पर एफआईआर, कड़ी कार्यवाही करें

- निराला प्रेक्षागृह परिसर, उन्नाव में नवाचार व जनपद की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का महामहिम द्वारा किया गया अवलोकन।
- आपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों द्वारा दिखाया गया साहस काबिल-ए-तारीफ-महामहिम
- बेटा-बेटी सबको जन्म लेने का अधिकार है, मारने का अधिकार किसी को भी नही-मा0 राज्यपाल





**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**

जनपद में महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 श्रीमती आनन्दीबेन पटेल द्वारा भ्रमण के दौरान निराला प्रेक्षागृह परिसर में नवाचार व जनपद की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारम्भ/ अवलोकन किया गया। साथ ही निराला प्रेक्षागृह सभागार में आयोजित कार्यक्रमों केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं/ कार्यक्रमों से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र आदि वितरित किए गए।निराला परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान मा.राज्यपाल द्वारा विभागीय अधिकारियों से नवाचार कार्यक्रम, योजनाओं व लाभान्वित लोगों के संबंध में जानकारी ली गयी। साथ ही मियांगंज के किसान संजीवन लाल को कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत कीटनाशक/ उर्वरक के छिड़काव हेतु ड्रोन, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना की लाभार्थी श्रीमती सुशीला देवी को अनुदान चेक, एनआरएलएम की महिला लाभार्थी सोनम को ई-रिक्शा तथा 11 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल देकर लाभान्वित किया गया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महामहिम के समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ, समूह गीत एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा पोषण गीत आदि प्रस्तुत किये गए। इस मौके पर महामहिम द्वारा 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट एवं हाईजीन किट, पोषण अभियान अन्तर्गत 100 लाभार्थियों को पोषण पोटली, 100 लाभार्थियों आयुष्मान-कार्ड, मिशन जागृति अभियान के 50 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, स्वामित्व योजनान्तर्गत 50 लाभार्थियों को घरौनी, 100 लाभार्थियों को टीबी किट, एनआरएलएम के 100 लाभार्थियों को चेक, 05 बीसी सखी एवं 05 विद्युत सखी को प्रमाण-पत्र, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजनान्तर्गत 50 लाभार्थियों को चेक, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत 50 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 100 लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन योजना के 100 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, स्पॉन्सरशिप योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को डेमो चेक आदि का वितरण किया गया।इस अवसर पर मा0 राज्यपाल महोदया ने पाकिस्तान/आतंकवाद के विरूद्ध हाल ही में किए गए आपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना व अन्य सुरक्षा एजेंसियों में तैनात जवानों का अभिवादन करते हुए कहा कि इस आपरेंशन के दौरान प्रधानमंत्री जी व हमारे जवानों ने जो साहस दिखाया है वह काबिल-ए-तारीफ है। उन्होने कहा कि हम बुद्ध/शान्ति की भूमि से हैं, वसुधैब कुटुम्बकम् हमारा सूत्र वाक्य है। इस भावना को ठेस पहुचाने वालो को हम मुँह-तोड़ जवाब देंगे। कानपुर विश्वविद्यालय के दो बच्चों द्वारा विकसित भारत एवं दहेज प्रथा को लेकर जो वक्तब्य दिया गया है वह प्रशंसनीय है। आने वाले 25 सालों में हम कैसा भारत चाहते हैं इसकी जिम्मेदारी देश के नौजवानों/ युवाओं के कंधों पर है। विकसित भारत बनाने के लिए हर पल हमें जागरूक रहना होगा तथा अपना शत प्रतिशत योगदान देना होगा। हर परिवार को मेडिकल सुविधा, हर खेत को पानी, हर घर को शुद्ध पीने का जल, हर व्यक्ति को शिक्षा मिले तभी विकसित भारत का सपना पूरा होगा।महामहिम ने कहा कि आज के समय में दहेज प्रथा तथा कन्या भ्रूण हत्या बहुत बड़ी समस्या है। उन्होने सीतापुर जेल में किए गए निरीक्षण के संबंध में कहा कि सिर्फ दहेज प्रथा के कारण 30 प्रतिशत कैदी जेल में सजा काट रहे है। इसके अतिरिक्त 30 प्रतिशत हत्या तथा 30 प्रतिशत जमीन के मामलों की वजह से जेल में हैं। उन्होने भारत सरकार की स्वामित्व योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना की वजह से जमीन को लेकर होने वाले कई प्रकार के झंगड़े समाप्त हो रहे है।महामहिम ने सभी माताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बेटों को पढ़ाएं व अच्छे संस्कार दें और आने वाली बहू को अपनी बेटी मानें। यह दुःखद है कि हम जैसे गाय, बैल, घोड़ा आदि को बेंचते हैं वैसे ही अपने बेटों को बेंच रहे हैं। सभी लोग यह संकल्प लें, कि अब न बाल विवाह होगा और न ही दहेज लेंगे। कब और किस से विवाह करना है, यह आपके बच्चों का अधिकार है। माता-पिता की जिम्मेदारी सिर्फ बच्चें को पढ़ाने तथा संस्कार देने की है। डॉ0 अम्बेडकर के संविधान में 8-14 वर्ष बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया गया है और सभी को शिक्षा मिलनी ही चाहिए। उन्होने बेटियों की सुरक्षा व कम लिंगानुपात को लेकर कहा कि भ्रूण हत्या महा अपराध है और बैन भी है। इसके लिए जिम्मेदार मॉ-बाप एवं डाक्टर्स के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाए। बेटा-बेटी सबको जन्म लेने का अधिकार है, मारने का अधिकार किसी को भी नही है। उन्होने जिला प्रशासन को निर्देश दिये कि वे प्राइवेट हॉस्पिटलों का औचक निरीक्षण करे और भ्रूण हत्या करने वाले लोगो व डॉक्टरों पर एफआईआर कर जेल में डाले। यह कृत्य जब तक नही रूकेगा तब तक समाज की बर्बादी दूर नही होगी।मा0 राज्यपाल महोदया ने ऋण योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से कहा कि अधिकारियों ने काम करके आपको लाभान्वित किया है, आप लोग भी अच्छा व्यवसाय कर तथा दूसरे लोगो को रोजगार देकर लाभान्वित करे। सभी को सरकारी नौकरी नही मिल सकती है जो होनहार होगे और पास होगे उनको नौकरी मिलेगी। मेरिट के आधार पर ही सरकारी नौकरी मिलेगी, बाकी के लिए प्रधानमंत्री जी ने लोन की ब्यवस्था की है कि वे व्यवसाय स्थापित कर लोगो को रोजगार दे। गलत काम में मत पड़े, जो लोन मिला है उसका सदुपयोग करे। यहा के नवाचार ज्ञानालय, न्यायालय आपके द्वार, मिशन जागृति आदि के लिए अधिकारियों की सराहना की और कहा कि जनपद की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर विभिन्न नवाचारों के द्वारा जनपद को आगे बढ़ायें। उन्होने कहा कि क्षय रोगियों के प्रति आत्मीयता का व्यवहार करें। पोषण अभियान के जरिये कुपोषण की समस्या को दूर करे। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि अब एजूकेशन सिस्टम बदल गया है ये 21वी सदी के बच्चे हैं इसलिए पढ़ाई में भी बदलाव होने चाहिए। आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को मॉ का प्यार मिलना चाहिए। इसके लिए सभी कार्यकत्रियों को चाइल्ड साइकोलॉजी का भी प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होने बेटियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में किसी भी बेटी का शोषण न हो और उन्हे परेशान भी न किया जाए। अगर बेटियों के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत मिली तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।भ्रमण के दौरान महामहिम द्वारा पुलिस लाइन सभागार में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि सहित 18 विभागों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर शिक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होने कहा कि हमारा पूरा प्रयास होना चाहिए कि 12वी के बाद प्रत्येक बच्चे को यूनिवर्सिटी में दाखिला मिल जाए। उन्होने निर्देशित किया कि 01 जुलाई तक 03 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक बच्चे का आंगनबाड़ी केन्द्र में तथा 06 वर्ष पूर्ण करने वाले प्रत्येक बच्चे का प्राथमिक विद्यालय में हर हाल में प्रवेश कराया जाए। कस्तूरबा विद्यालयों की बच्चियों को 15 दिन में कम से कम एक बार पाकशाला की भी जानकारी दी जाए। इसके अलावा उन्होने जनपद में निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने तथा स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। कार्यक्रम में सांसद डा.सच्चिदानन्द हरि साक्षी जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन सिंह, सदस्य विधान परिषद रामचन्द्र प्रधान, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक भगवन्त नगर अशुतोष शुक्ला, मा.विधायक मोहान बृजेश रावत, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, मण्डलायुक्त लखनऊ डा0 रोशन जैकब, डीएम गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोड़ा सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी गण तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी गण आदि मौजूद रहे।

# सौरभ द्विवेदी ने किया पूर्व केन्द्रीय मंत्री अश्वनी चौबे का स्वागत

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**



पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अष्वनी चौबे के आगमन पर शहावपुर टोल प्लाजा के पास समाजसेवी सौरभ द्विवेदी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। तत्पश्चात पूर्व मंत्री के लखपेड़ाबाग स्थित आवास पर पहुंचकर उनका कुशल क्षेम जाना और बैठक आहूति की। बैठक में पूर्व मंत्री ने बिहार प्रांत के पटना जिले में एक विशाल सनातन परशुराम महाकुम्भ की होने वाली रैली के बारे में बताया कि हर सनातनी के यहाँ एक शस्त्र और एक शास्त्र होना जरूरी है। उन्होने भारत पाकिस्तान के युद्ध के बारे में बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान को मुँह तोड़ जवाब दिया है। ऑपरेशन सिन्दूर जारी है, अगर पाकिस्तान ने कोई भी हिमाकत की तो उसकी नस्ले याद रखेगी। सौरभ द्विवेदी ने बैठक में उपस्थित लोगों से आवाहन किया कि आगामी 26 जून को पटना में होने वाली सनातन समागम एवं भगवान परशुराम की जयंती पर होने वाले महाकुम्भ में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनपदवासी शामिल होकर सनातन गौरव के भागीदार बने। उन्होंने बैठक में आये सभी लोगों को धन्यवाद दिया। उपस्थित लोगो में मुख्य रूप से बीनू शुक्ला, अमरनाथ मिश्रा, मोनू त्रिवेदी, प्रशान्त पाण्डेय, सचिन मिश्रा, शिवम शुक्ला, हिमांशू दीक्षित, सूर्यभान तिवारी, रानू वर्मा, भोलू मिश्रा, काजिम,, करन मिश्रा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# सदर तहसील में लागू हुआ ई-ऑफिस

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



उप जिलाधिकारी सदर नवनीता राय ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन मे बुधवार से ई-ऑफिस प्रणाली तहसील सदर कन्नौज में पूर्ण रूप से लागू कर दी गई है। ई-ऑफिस प्रक्रिया से न सिर्फ दस्तावेजों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की झंझट से मुक्ति मिलेगी, बल्कि कीमती समय की भी बचत होगी। इससे कार्य में पारदर्शिता आएगी। कहा कि इस सिस्टम में सभी चरण शामिल हैं, साथ ही आने वाले पत्रों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से डायरी करना, फाइलें बनाना, पत्रों और फाइलों की आवाजाही, डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) का इस्तेमाल करते हुए टिप्पणियों और प्रारूपों पर डिजिटल रूप में हस्ताक्षर करना, ई-हस्ताक्षर और अंततः रिकार्डों के अभिलेख रखना भी इस सिस्टम में शामिल है।

# ट्रेलर की टक्कर से डीसीएम चालक व क्लीनर की मौत

- राजमार्ग पर पंचर खड़ी डीसीएम का टायर बदल रहे थे चालक व क्लीनर

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



**नवाबगंज।** राजमार्ग पर डीसीएम का पंचर टायर बदल रहे चालक व कंडक्टर को पीछे से आ रहे ट्रेलर ने टक्कर मार दी। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई तथा कंडक्टर की जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के भल्ला फार्म तिराहे के समीप गुरुवार सुबह डीसीएम के पंचर टायर को चालक जनपद बलरामपुर थाना महराजगंज के कब्बापुर निवासी महमुदुल रहमान (35) पुत्र अब्दुल मजीद व कंडक्टर जनपद सिद्धार्थनगर थाना भवानीगंज के सिरसिया बढ़नी चाका निवासी सरवन कुमार (27) पुत्र विजय कुमार टायर बदल रहे थे। इस दौरान गिट्टी लादकर लखनऊ जा रहे ट्रेलर ने पीछे से डीसीएम में टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम चालक की मौके पर ही मौत हो गई तथा कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसकी भी मौत हो गई। ट्रेलर का चालक जनपद बाराबंकी के रामनगर निवासी रवि (20) पुत्र नन्हकऊ को 108 एम्बुलेंस सीएचसी लेकर गई। जहां से इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। मृतक महमुदुल रहमान की पत्नी जमीला दो बेटियां साईनाबानो (4) सनोवत (2) व बेटा सैफ (6) है। वहीं सरवन घर का अकेला था मां की पहले ही मौत हो चुकी है। अपने पीछे पत्नी राजकुमारी उर्फ संतोषी तीन बेटे सिद्धार्थ (6) दीवान (3) व आर्यन (1) को छोड़ गया है।

एसओ शरद कुमार ने बताया की दोनों मृतकों के परिजनो को सूचना दे दी गई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# टिकैत की स्मृति में किसानों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**

किसानों के मसीहा, महात्मा चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा के संकल्पों से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर को जल-जंगल-जमीन पर्यावरण बचाओ संकल्प दिवस एवं रक्तदान शिविर के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण के साथ हुई, इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह जिला अध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुँचा, जहाँ महात्मा टिकैत जी की स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में जनपद के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 21 किसानों ने रक्तदान कर महात्मा टिकैत जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस सेवा भावपूर्ण पहल से न केवल मानवता का संदेश दिया गया, बल्कि किसानों के सामाजिक दायित्वबोध को भी दर्शाया गया।

इस मौके पर राम सेवक रावत, मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. भानू प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

# मात्र 20 रुपये प्रतिदिन कमाने वाला व्यक्ति भी भारतीय स्टेट बैंक से जुड सकता हैरू मोहन वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी**




उतार चढाव हर इन्सान के जीवन में आते रहते हैं, लेकिन समय रहते सही निर्णय लेनें वाले लोग ही विपरीत परिस्थिति से अपने आप को बचा लेते हैं। उक्त विचार गुरुवार को भारतीय स्टेट बैंक के वित्तीय समावेशन प्रबन्धक मोहन कुमार वर्मा नें कादिरपुर चौराहा स्थित स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र महुआमऊ में ग्राहक जगरूकता शिविर के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि कोई भी मात्र बीस रुपये रोज कमाने वाला इन्सान भी भारतीय स्टेट बैंक से जुड सकता है, बैंक द्वारा सरकार के सहयोग से लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना व प्रधानमन्त्री दुर्घटना बीमा हर आम आदमी को दिया जाता है जिसके तहत दुर्घटना में मृत्युपरान्त पीडित परिवार को दो, दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है, लोगों को बैंकिंग की बेहतर सुविधायें मिल सकें इसके लिए जिले भर में सौ से अधिक स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र खोले गये हें। स्टेट बैंक सोमैया नगर की शाखा प्रबन्धक मुक्ता श्रीवास्तव में बताया कि अल्प बचत व दिहाडी कामगारों के लिए अबतक की सर्वश्रेष्ठ योजना अटल पेंशन योजना बैंक द्वारा संचालित की जा रही है जिसके तहत पंजीकरण कराकर बुढापे में पांच हजार रुपये तक आजीवन मासिक पेंशन व आठ लाख पचास हजार रुपये नामिनी को एक मुस्त प्लान मौजूद हैं। लोन सम्बन्धित जानकारी देते हुये अमन कुशवाहा नें कहा कि बैंक में के सीसी और दस हजार के स्वनिधि से लेकर बडे व्यवसाईक लोन उपलब्ध हैं अपनी छमता अनुसार लोन लेकर ब्यवसाय कर सकते हैं वहीं कुछ लोन में जिला उद्योग से अनुदान ले सकते हैं।

ग्राहक सेवा केन्द्र प्रभारी आनन्द वर्मा नें बताया कि सुबह आठ बजे से शांय आठ बजे तक सप्ताह के सभी भी बैंकिंग सुविधा उपलब्ध रहती है। इस मौके पर सहायक संचालक सचिन वर्मा, ढकोली केन्द्र प्रभारी देवेन्द्र सिंह, अमरेश वर्मा, जसवन्त सिंह, कुलदीप वर्मा, अमन यादव, संदीप यादव, पवन गौतम, जगदीश यादव, सतीश यादव, राम करन यादव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# माध्यमिक विद्यालयों में बच्चो के लिए समर कैंप लगाने के निदेश

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के दौरान समर कैंप का आयोजन कराए जाने के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को रचनात्मक कार्यों में एक्टिव रखने हेतु दिनांक 21 मई से 10 जून 2025 के मध्य राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) एवं वित्त विहीन माध्यमिक विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रोजाना अलग-अलग गतिविधियां होंगी। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य हैं, कि विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करने, टीम वर्ग, आत्मविश्वास, जीवन कौशल का विकास, सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की समझ, खेलकूद, कला, विज्ञान व सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्रों का समग्र विकास किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी माध्यमिक विद्यालयों में कैंप की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए, जिससे अच्छे माहौल में बच्चों को समग्र विकास की गतिविधियां की जानकारी अच्छे से मिल सके। कैंप का आयोजन न्यूनतम तीन घंटे का हो, जिसमें सुबह योग व व्यायाम हो। समयावधि का विशेष ध्यान रखा जाए। डीएम ने कहा कि बच्चों को रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर व रस्सी कूद, खो-खो, फुटबाल, रंगोली, मिट्टी कला, कॅरिअर गाइडेंस से संबंधित गतिविधि व जानकारी दी जाए। वहीं बेसिक लाइफ सपोर्ट, सीपीआर, वीडियो एडिटिंग, साइबर सुरक्षा जैसी तमाम अन्य जानकारियां भी दी जाए। किस विद्यालय में कितने बच्चे आए और क्या एक्टिविटी हुई, उसकी पूरी डॉक्यूमेंट्री भी बनाई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सी0पी0 अवस्थी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पारस्परिक तबादले के लिए सभी 798 आवेदन मंजूर

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

परिषदीय स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के पारस्परिक तबादले को लेकर सभी 798 आवेदन मंजूर कर लिए गए हैं। अब अध्यापकों को जोड़ा (पेयर) बनाने के लिए मशक्कत करनी होगी। दूसरी ओर जिला स्तरीय समिति की बैठक का समय भी बढ़ाकर 16 मई तक कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने कन्नौज समेत सभी बीएसए को पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन संचालित स्कूलों में तैनात शिक्षक शिक्षिकाओं के अंतरजनपदीय व अंतः जनपदीय पारस्परिक तबादला के लिए ऑनलाइन पंजीकरण हुए हैं। उनके सत्यापन के लिए 13 मई का समय दिया गया था लेकिन कई जनपदों से ऑनलाइन सत्यापन का समय बढ़ाने की मांग हुई है। बीएसए ने ऑनलाइन सत्यापन कराए जाने के बाद जिला स्तरीय समिति की बैठक किए जाने की प्रक्रिया के लिए 16 मई तक बढ़ाई जाती है। आगे की कार्रवाई के लिए आदेश बाद में जारी होगा। कन्नौज जनपद में अंतः जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण के लिए 529 पंजीकरण हुए थे, इसमें 429 ने ही फाइलें जमा कीं और 100 ने प्रपत्र नहीं दिए। इसी तरह अंतर जनपदीय पारस्परिक तबादले के लिए 444 ने पंजीकरण कराए जिसमें 369 ने ही प्रपत्र जमा किए। 75 अभ्यर्थियों ने अभिलेख नहीं जमा किए। कुल 973 पंजीकरण में 798 ने ही कागज जमा किए।

## 50 प्रतिशत अंक आने पर 10वीं के छात्र ने जान दी

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज। गुरसहायगंज।** सीबीएसई का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी हुआ था। 10वीं के छात्र ने 50 प्रतिशत अंक आने पर कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। छात्र का शव फंदे पर लटकता देख परिजनों में चीखपुकार मच गई। परिजनों ने गुरुवार को पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गुरसहायगंज के तिर्वा रोड स्थित मोहल्ला जवाहर नगर निवासी गौरव तिवारी का 15 वर्षीय पुत्र कुणाल तिवारी सीबीएसई का 10वीं का छात्र था। सीबीएसई में कुणाल के 50 प्रतिशत अंक आए थे। परीक्षा परिणाम देखने के बाद से कुणाल मानसिक रूप से आहत था और काफी तनाव में भी था। बुधवार रात कुणाल ने परिवार के साथ भोजन किया और कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह जब वह देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसके कमरे में गए। वहां पर कुणाल का शव फंदे पर लटकता देखकर परिजनों के होश उड़ गए।

# सपा ने 2027 की रणनीति पर की विशेष बैठक

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर एक संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा नियुक्त किए गए इटावा निवासी अनिल सिंह ने बतौर जिला प्रभारी (कन्नौज) पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त प्रभारी अनिल सिंह का पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कलीम खान ने की। बैठक की शुरुआत पार्टी के संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव और सभी समाजवादी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। प्रभारी अनिल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 का चुनाव सिर्फ एक राजनीतिक मुकाबला नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, लोकतंत्र की रक्षा और उत्तर प्रदेश को फिर से विकास की राह पर लाने का संकल्प है। हमें घर-घर तक समाजवादी विचारधारा और अखिलेश यादव जी के सकारात्मक विजन को पहुँचाना है।

बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त और सक्रिय बनाने की रणनीति। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्गों के बीच जनसंपर्क बढ़ाने हेतु विशेष अभियान, युवाओं, महिलाओं व किसानों के मुद्दों पर जनजागरण कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया। भाजपा सरकार की विफलताओं और जनविरोधी नीतियों को उजागर करने हेतु मीडिया व जनसंवाद योजना बनाई गई। समाजवादी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों और भावी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने की भी योजना बनी। बैठक में जिला कार्यकारिणी, जनपद के सभी जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, युवजन सभा, लोहिया वाहिनी, छात्रसभा, महिला सभा, अल्पसंख्यक सभा, पिछड़ा वर्ग सभा सहित विभिन्न विंगों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एकमत से यह संकल्प लिया कि 2027 में समाजवादी पार्टी को प्रचंड बहुमत दिलाने हेतु गाँव-गाँव, मोहल्ले-मोहल्ले तक अभियान चलाया जाएगा। बैठक के समापन पर जिलाध्यक्ष कलीम खान जी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कन्नौज समाजवादी आंदोलन की ऐतिहासिक धरती है, यहां से जो लहर उठती है, वह पूरे प्रदेश को दिशा देती है। हम एकजुट होकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने हेतु कार्य करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से छिबरामऊ प्रभारी सुनैना चौहान, पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव, पूर्व विधायक कल्यान सिंह यादव, तिर्वा से पूर्व प्रत्याशी अनिल पाल, राष्ट्रीय सचिव रामशंकर सिंह लोधी, वरिष्ठ नेता जय कुमार तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष इरफ़ानुल हक, प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह बघेल, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब, पिंटू यादव, आरिफ ज़मा, तुफैल अहमद, रोहित यादव, मुजम्मिल खान सहित सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# वीरांगना सोफिया कुरेशी का अपमान करने वाले मंत्री की बर्खास्तगी की मांग



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

आज जनपद की तहसील और विधानसभा छिबरामऊ में सौरिख तिरंगा तिराहा पर कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मो शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कहा कि मध्य प्रदेश के मन्त्री विजय शाह ने भारतीय वीरांगना कर्नल सोफ़िया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताकर जो आक्रमण किया वह भाजपा की सोच को दर्शाता है जो संस्कार महिला विरोधी है। इस लिए आज कन्नौज कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष के नेत्रत्व में विरोध प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो शाकिर हुसैन एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा प्रधानमंत्री और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि ऐसी ओछी मांसिकता वाले मंत्री को फ़ौरन मंत्रिमंडल और पार्टी से बर्खास्त करें और जो अपमान कर्नल सोफिया को आतंकवादियों की बहन बताने पर भारतीय सेना और वीरांगना भारतीय महिलाओं का हुआ है उसके लिए भारतीय जनता पार्टी को देश की सेना और देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए इस अवसर पर पीसीसी सदस्य प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक संजय पौल, प्रदेश सचिव सेवादल विनोद दुबे पप्पू, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद शाक्य, पीसीसी सदस्य विजेंद्र फौजी, वरिष्ठ कांग्रेसी ओ पी तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी अतिराजपुर, आमिर खान, सलमान खान, आमिर अंसारी एडवोकेट, रमेश चन्द्र एक्स सूबेदार, राशिद खान, अभिषेक पौल, दिनेश तिवारी, राजू, आसिफ सिद्दीकी, राजू अंसारी, नजीबुल खान, आदि अनेक कांग्रेस जन उपस्थिति हुए।

# 'पाकिस्तान से केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी बात'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारत पाकिस्तान संघर्ष विराम के बाद उठ रहे सवालों का विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के साथ अब बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके खाली करने पर होगी। होंडुरास के दूतावास के उद्घाटन के अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसे उसे हमें सौंपना होगा। साथ ही उसे आतंकियों के बुनियादी ढांचे को बंद करना होगा। वे जानते हैं कि क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं जो संभव हैं। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि स्थगित है और तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को रोका नहीं जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। संघर्ष विराम को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि यह साफ है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। हमने आतंकी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर और सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। उन्होंने उस सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान पहुंचाया और उन्होंने कितना कम नुकसान किया। इसलिए यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करने की मांग कौन कर रहा था। पहलगाम हमले पर विदेश मंत्री ने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। हमने हस्ट में प्रस्ताव पेश किया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और सात मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के जरिये जवाबदेह ठहराया गया।

### भारत और होंडुरास के आर्थिक संबंध लगातार बढ़े हैं

पिछले तीन दशकों में भारत और होंडुरास के आर्थिक संबंध लगातार बढ़े हैं। वे व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग से मजबूत हुए हैं। द्विपक्षीय व्यापार आज 300 मिलियन डॉलर से थोड़ा अधिक है। हम होंडुरास को फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, ऑटोमोबाइल और मशीनरी निर्यात करते हैं और होंडुरास से कॉफी, लकड़ी और चमड़ा आयात करते हैं। यह वाणिज्यिक आदान-प्रदान कृषि, व्यवसाय, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य देखभाल, सूचना प्रौद्योगिकी और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में काफी संभावनाओं को उजागर करता है।

### भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता जारी

भारत अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता चल रही है। ये थोड़ी कठिन है। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी कहा नहीं जा सकता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए। यह दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक यि लाभाकारी नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय जल्दबाजी होगी।

### होंडुरास के साथ हमारे मजबूत संबंध


होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि अब हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। यह उन देशों में से एक हैं जिन्होंने पहलगाम आतंकी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। वैश्विक दक्षिण सहयोग के हिस्से के रूप में हमारे विकासात्मक अनुभवों का आदान-प्रदान करने की संभावना है। हमने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया। हम अब एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली स्थापित करने में लगे हुए हैं। इसका उद्देश्य आपदा के प्रति होंडुरास की तैयारियों को मजबूत करना है।

### संयुक्त राष्ट्र सहित कई देशों ने समर्थन किया

एस जयशंकर ने कहा कि वैश्विक मंच पर हमारे सहयोग का संयुक्त राष्ट्र सहित कई देशों ने समर्थन किया है। हम विभिन्न बहुपक्षीय गतिविधियों में होंडुरास से प्राप्त निरंतर समर्थन को महत्व देते हैं। होंडुरास में भारतीय प्रवासी कम हैं, लेकिन यह जीवंत है और यह स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते है और साथ ही दोस्ती के जीवंत पुल के रूप में कार्य करते हैं।

# अवैध निर्माण पर जीडीए की दोहरी नीति, अवैध निर्माण को संरक्षण

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही निष्प्रभावी साबित हो रही है। अधिशाषी अभियंता की उदासीनता और सहायक अभियंता की लापरवाही और अवर अभियंता की अनदेखी से जानकार अवैध निर्माण को प्रश्रय दिया जा रहा है। जबकि उपाध्यक्ष अतुल वत्स और उनके अधीनस्थ अधिकारियों की फौज , प्रवर्तन दल, ओएसडी समेत अन्य पद धारण किए अधिकारी अवैध निर्माण पर रोक के दावे लगातार शासन और प्रशासन को दे रहे हैं। लेकिन जमीनी स्तर पर मामला कुछ और ही है। निजी स्वार्थ की नीति इस कदर हावी है कि इंदिरापुरम वैशाली ,राजेंद्रनगर, शालीमार गार्डन समेत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अन्य क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध निर्माण जारी है। जिसके लिए मुख्य रूप से संबंधित क्षेत्र के अवर अभियंताओं, और उच्च अभियंताओं की पूरी टीम है। जमीन पर खुदाई होने के बाद से ही जीडीए कर्मचारियों का प्लॉट पर चहलकदमी शुरू हो जाती है। जो नोटिस, सीलिंग , ध्वस्तीकरण के आदेश और एफआईआर के शक्ल में निजी स्वार्थ की पूर्ति के बाद फाइल बंद और निर्माण पूरा हो जाता है। जीडीए द्वारा कानून की कार्यवाही और ध्वस्तीकरण के नाम पर जो वसूली शुरू होती है। उसका परिणाम बिल्डिंग के पूर्ण रूप को देखकर और मानचित्र के विपरीत खड़ी इमारतों को देखकर किया जा सकता है।

ज्ञान खंड इलाके में सेंट थॉमस स्कूल के सामने ऐसे ही एक मानचित्र के विपरीत निर्माण हो रहा है। सूत्रों की माने तो रसूखदार की जीडीए अधिकारियों से जबरदस्त सेटिंग की बात अंदरखाने प्रचारित कराई जा रही है। जिससे जनता शिकायत ही नहीं करें। जबकि विभाग पहले ही कागजी खानापूर्ति वाली नोटिस इत्यादि की कार्यवाही कर ली होगी लेकिन आजतक जीडीए का पीला पंजा इसपर नहीं चल सका। यही तो रसूख है जिसमें प्रशासनिक और क्षेत्रीय अधिकारियों की मिली भगत को उजागर किया है।

# सरकार ने तहव्वुर राणा के खिलाफ केस लड़ने के लिए बनाई वकीलों की टीम, तुषार मेहता बने अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



26/11 मुंबई हमलों के कथित मास्टरमाइंड और आरोपी तहव्वुर राणा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में चल रहे मुकदमों को लड़ने के लिए वकीलों की टीम तैयार की है। ये टीम सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अध्यक्षता में काम करेगी। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में जारी करते हुए कहा कि वकीलों की नियुक्ति राष्ट्रीय जांच एजेंसी अधिनियम, 2008 और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के तहत की गई है। अधिसूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार, भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की अध्यक्षता में विशेष लोक अभियोजकों की एक टीम नियुक्त करती है। इसमें अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू, वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन और अधिवक्ता नरेंद्र मान शामिल हैं। यह टीम एनआईए की ओर से दिल्ली स्थित एनआईए विशेष अदालतों, दिल्ली उच्च न्यायालय और भारत के सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे मुकदमे और अन्य मामलों का संचालन करेगी। यह दल तीन साल या उक्त मामले की सुनवाई पूरी होने तक, जो भी पहले हो, कार्य करेगा।

### 10 अप्रैल को भारत लाया गया था तहव्वुर राणा

भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को भारत लाया गया था। फिलहाल वह एनआईए की हिरासत में है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में लगा था, जो कि 2009 में ही अमेरिका में गिरफ्तार हुए थे।

### 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में नाम क्यों आया?

दावा है कि तहव्वुर राणा ने अपनी कंसल्टेंसी फर्म्स में डेविड हेडली को भी नौकरी दी। इसी फर्म की मुंबई शाखा के काम के लिए डेविड हेडली मुंबई आया था और यहां लश्कर-ए-तयैबा के आतंकी हमलों की तैयारी के लिए मुंबई में ताज महल होटल और छत्रपति शिवाजी टर्मिनस जैसी प्रमुख जगहों की रेकी की थी। जांचकर्ताओं का मानना है कि तहव्वुर राणा ने कंसल्टेंसी फर्म की आड़ में ही डेविड हेडली से रेकी का पूरा काम कराया। साल 2008 में मुंबई में पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने घुसकर शहरभर में हमले किए थे। इन बर्बर हमलों में छह अमेरिकी नागरिकों और कुछ यहूदियों समेत 166 लोग मारे गए थे।

# अब भारतीय हवाई अड्डों पर काम नहीं कर पाएगी तुर्किये की कंपनी सेलेबी, केंद्र ने रद्द की सुरक्षा मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने भारतीय हवाई अड्डे पर तुर्किये की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी। यह जानकारी एक आधिकारिक आदेश के जरिए दी गई।

### आदेश में क्या कहा गया

विमानन मंत्रालय के आदेश में कहा गया, सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को ग्राउंड हैंडलिंग की सुरक्षा मंजूरी 21 नवंबर 2022 को दी गई थी, उसे अब देश की सुरक्षा के हित में तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

### क्यों उठाया गया यह कदम?

भारत और पाकिस्तान के हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान तुर्किये ने पाकिस्तान को खुला समर्थन दिया था। यही नहीं, पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ तुर्किये के ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। यही नहीं, तुर्किये ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की सैन्य कार्रवाई की भी निंदा की थी। इससे भारत और तुर्किये के संबंधों में एक बार फिर कड़वाहट आ गई है। दक्षिण कश्मीर में पहलगाम हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी गई थी। जिनमें अधिकांश पर्यटक शामिल थे।

### क्या होता है ग्राउंड हैंडलिंग?

ग्राउंड हैंडलिंग में यात्रियों के बैग, विमान की सफाई, बोर्डिंग प्रक्रिया और अन्य जरूरी जमीन से जुड़े काम शामिल होते हैं। अब सेलेबी भारत में एयरपोर्ट पर सुरक्षा जोन में कोई काम नहीं कर पाएगी।



# भाजपा मंत्री द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के ऊपर बयान को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद कांग्रेसजनों ने मध्यप्रदेश के भाजपा नेता और मंत्री के भारतीय सेना की महिला अफसर पर दिए बयान को लेकर भारी प्रदर्शन किया । इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा देश की बेटी एवं भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अमर्यादित एवं अशोभनीय टिप्पणी की गई है। जो नाकाबिले बर्दाश्त है। यह भाजपा की सोच को दर्शाता है।विजय शाह द्वारा देश की बेटी का यह अपमान देश-नारी-सेना का अपमान है। उन्होने विजय शाह के माफ़ी और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। प्रदर्शन में लोकेशचौधरी, इमरान कुरैशी, रिहान कुरैशी, ब्रहादत्त दूबे, सुरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, राजाराम भारती, सईद अहमद, फरमान अली, मुरसलीन, महेन्द्र गौतम, रियाज अहमद, देवदत्त्, आशुतोष गुप्ता, संजीव शर्मा आदि शामिल रहे।

# शिवराज चौहान ने थेन्जॉल व सेलसिह में किया भवन-छात्रावास उद्घाटन, कहा, केंद्र किसानों के लिए प्रतिबद्ध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से थेन्जॉल स्थित हॉर्टिकल्चर कॉलेज के नव निर्मित अकादमिक सह प्रशासनिक भवन और सेलसिह स्थित वेटरनरी साइंसेज एवं एनिमल हसबैंड्री कॉलेज के नए पीजी छात्रावास का वर्चुअल उद्घाटन किया। हालांकि, शिवराज सिंह चौहान स्वयं थेन्जॉल नहीं आ सके, लेकिन उन्होंने डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया और असम के गुवाहाटी और आसपास के क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम के चलते उपस्थित न हो पाने पर खेद जताया। उन्होंने दोपहर के ऑनलाइन सत्र में सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर मिज़ोरम के राज्यपाल जनरल डॉ. वीके सिंह ने अपने कार्यालय से ऑनलाइन रूप से कार्यक्रम में भाग लिया।

# इसरो रविवार को प्रक्षेपित करेगा अपना 101 वां उपग्रह, देश की सुरक्षा सुनिश्चित होगी मजबूत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने गुरुवार को घोषणा करते हुए कहा कि इसरो 18 मई को अपना 101वां उपग्रह प्रक्षेपित करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी के कार्यक्रम देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध हैं। इसरो अध्यक्ष ने कहा, हमने जनवरी में श्रीहरिकोटा से 100वां रॉकेट सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। भारत का 101वां उपग्रह-पृथ्वी अवलोकन उपग्रह आरआईएसएटी-18, ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी-सी61) के जरिये 18 मई को प्रक्षेपित किया जाएगा। पीएसएलवी भारत की निगरानी और आपदा प्रबंधन क्षमताओं को सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि इसरो के मिशन देश की विविध क्षेत्रों में आवश्यकताओं से प्रेरित हैं और यह उन्हें पूरा करने में तकनीकी रूप से सक्षम है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इसरो ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए किसी विशेष लॉन्च की योजना बनाई है तो नारायणन ने संवाददाताओं से कहा, हमारे सभी कार्यक्रम देश की सुरक्षा के लिए हैं। हम किसी अन्य देश के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करते हैं। डॉ वी. नारायणन ने कहा है कि देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 10 उपग्रह लगातार 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं। नारायणन ने रविवार को मणिपुर की राजधानी इम्फाल स्थित केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि भारत एक ऊर्जावान अंतरिक्ष शक्ति÷ बनता जा रहा है और वर्ष 2040 तक देश का पहला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इसरो प्रमुख ने कहा, '34 देशों के 433 उपग्रह भारत से अंतरिक्ष में छोड़े गए हैं और उन्हें उनके कक्ष में स्थापित किया गया है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आज 10 उपग्रह देश के नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सामरिक उद्देश्य से लगातार 24 घंटे कार्य कर रहे हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर पर कही ये बात

उनकी यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में आई है। देश ने सात मई को तड़के 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था, जिसका उद्देश्य पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था। भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई को तत्काल प्रभाव से रोकने पर शनिवार को सहमति बनी थी। डॉ नारायणन ने कहा, 卐यदि हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है, तो हमें उपग्रहों का उपयोग करना होगा। हमें अपने 7,000 किलोमीटर लंबे समुद्री तट की निगरानी करनी है। हमें पूरे उत्तर भारत को लगातार निगरानी में रखना है। यह कार्य उपग्रह और ड्रोन तकनीक के बिना संभव नहीं है।

# बेरोजगार शिक्षकों ने विकास भवन में किया प्रदर्शन, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, दो महिलाएं जख्मी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के बिधाननगर के विकास भवन में गुरुवार को तब हालात बेहद तनावपूर्ण हो गए जब लंबे समय से आंदोलन कर रहे नौकरी से निकाले गए अभ्यर्थियों ने उन पर अचानक राज्य पुलिस द्वारा लाठीचार्ज का आरोप लगाया। लाठी चार्ज में एक महिला आंदोलनकारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक का पैर टूट गया, दूसरी को सिर में चोट आई। वे जमीन पर गिर पड़ीं और दर्द से तड़पती रहीं। इसका वीडियो साझा करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता और आईटी सेल के संयोजक अमित मालवीय ने कहा कि इसके बावजूद पुलिस नहीं रुकी। वहां मौजूद अन्य प्रदर्शनकारियों पर भी लगातार लाठीचार्ज जारी रहा। हालात इतने बिगड़ गए कि धक्का-मुक्की और चीख-पुकार से पूरा इलाका कांप उठा। इस घटना को लेकर राज्य सरकार की भूमिका और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह सिर्फ पुलिस की दमनात्मक कार्रवाई नहीं है, बल्कि राज्य सरकार के तानाशाही रवैये का भी प्रतीक है। पुलिस ने जिस तरह से आंदोलनकारियों को हटाने के लिए बर्बरता दिखाई, वह कई लोगों के अनुसार मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है। घटना के बाद और अधिक तनाव फैलने की आशंका को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### क्या है पूरा मामला

3 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में एसएससी की तरफ से भर्ती अभियान के माध्यम से नियुक्त 25,753 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती को रद्द करने वाले कलकत्ता उच्च न्यायालय के 2024 के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें पूरी चयन प्रक्रिया को %दूषित और दागी% करार दिया गया। बेरोजगार हुए लोगों ने दावा किया कि उनकी दुर्दशा का कारण एसएससी की तरफ से धोखाधड़ी के माध्यम से नौकरी पाने वाले उम्मीदवारों और नहीं पाने वाले उम्मीदवारों के बीच अंतर करने में असमर्थता है।

### शिक्षकों ने लगाए आरोप

शिक्षकों ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद उन्हें घसीटकर वहां से हटा दिया गया। इसके बाद कुछ शिक्षक नौकरी से निकाले जाने का विरोध करने के लिए सड़क पर लेट गए। कई प्रदर्शनकारियों को विकास भवन परिसर के अंदर से उनके कॉलर से घसीटते हुए और पुलिस वाहनों में धकेलते हुए देखा गया, जहां उन्हें हिरासत में ले लिया गया। प्रदर्शनकारियों में से एक महबूब मंडल ने कहा कि हम दोबारा परीक्षा नहीं देंगे। हमारी मांग है कि हमारी नौकरियां बहाल होनी चाहिए। जब तक मुख्यमंत्री खुद हमसे बात नहीं करतीं, हम यहां से नहीं जाएंगे। एक अन्य शिक्षक ने कहा कि पहले तो वे संस्थागत भ्रष्टाचार का सहारा लेकर हमारी नौकरियां छीन लेते हैं। फिर वे हमारा खून बहाने के लिए अपने पुलिस बल को हम पर छोड़ देते हैं।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने अफगान समकक्ष से फोन पर की बात, द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार शाम अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी का आभार जताया। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अफगानिस्तान के विदेश मंत्री से अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। अफगानिस्तान और भारत के बीच अविश्वास फैलाने की हालिया कोशिशों को उन्होंने दृढ़ता से खारिज किया, जिसकी हम सराहना करते हैं।

# 'मैंने भारत की बात की, पार्टी की नहीं'
## शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर पर बयान को बताया निजी राय

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान तनाव या फिर संघर्ष विराम को लेकर दिए गए अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत राय थी, पार्टी की आधिकारिक राय नहीं। थरूर ने कहा कि मैंने जो कुछ भी कहा, वह एक भारतीय के तौर पर कहा। न तो मैं पार्टी का प्रवक्ता हूं और न ही सरकार का। जो भी कहा है, उसकी जिम्मेदारी मेरी है, आप सहमत हों या असहमत, यह मेरा व्यक्तिगत दृष्टिकोण है।

### देश के झंडे के पीछे एकजुटता की जरूरत

थरूर ने आगे स्पष्ट किया कि उन्होंने अपने बयान में यह साफ कर दिया था कि यह राष्ट्रीय विमर्श में उनका व्यक्तिगत योगदान है, खासकर ऐसे समय में जब हमें देश के झंडे के पीछे एकजुट होने की ज़रूरत है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी। उन्होंने कहा कि अमेरिका, यूरोप और मध्य-पूर्व में हमारे पक्ष की बात कम सुनाई दे रही थी। इसके साथ ही थरूर ने बताया कि पार्टी की ओर से उन्हें अब तक कोई औपचारिक आपत्ति या संदेश नहीं मिला है, सिर्फ मीडिया में खबरें देखी हैं।

### थरूर के बयान से कांग्रेस में नाराजगी

बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर हो, भारत और पाकिस्तान के बीच का तनाव या फि संघर्ष विराम कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इन सभी मुद्दों पर पार्टी से अलग होकर बेबाक तरीके से अपना पक्ष रखा। इस बात पर कांग्रेस पार्टी में थोड़ी सी नाराजगी देखने को मिली। कांग्रेस सूत्र बताते हैं कि शशि थरूर ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव से जुड़े मुद्दे पर अपने बयानों से लक्ष्मण रेखा लांघ दी है। हालांकि पार्टी का कहना है कि कांग्रेस में सबको अपनी राय रखने की आजादी है। माना जा रहा है कि कांग्रेस आने वाले समय में शशि थरूर पर कार्रवाई कर सकती है।

### कांग्रेस की बैठक में चर्चा

गौरतलब है कि बीते बुधवार को कांग्रेस की ओर से बुलाई गई बैठक में इस बात की चर्चा भी हुई। बैठक के बाद थरूर के बयानों के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि थरूर की टिप्पणी पार्टी की राय नहीं होती है। थरूर भारत-पाकिस्तान संघर्ष पर ऐसी टिप्पणियां कर रहे हैं जो कांग्रेस के रुख से अलग हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)